CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चूरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 11 अंक : 84 | जयपुर, सोमवार 13 अप्रेल, 2026 | RNI.No.RAJHIN/2016/70162 | PAGE 8+st

## संडे की मॉर्निंग को भजनलाल शर्मा ने बना दिया खास: सीएम के आत्मीय भाव को देखकर लोग रह गए चकित

### लोक भवन रोड पर सुबह-सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले भजन लाल शर्मा ने मॉर्निंग वॉक कर रहे लोगों से की मुलाकात, लगे हाथ सरकार की योजनाओं के बारे में भी लोगों की जान ली राय और कई मुद्दों पर लोगों से सलाह और सुझाव भी लिए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संडे की मॉर्निंग को उन लोगों के लिए ज्यादा खास बना दिया जो पहली बार मॉर्निंग वॉक के दौरान उनसे मिले और बातचीत की, बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आत्मीय भाव, व्यवहार और बोलचाल देखकर मुलाकात करने वाले लोग काफी चकित रह गए। उन्हें यह विश्वास ही नहीं हो रहा था कि वे राजस्थान के मुख्यमंत्री से सीधे रोड पर बात कर रहे हैं उन्हें ऐसा लग रहा था जैसे उन्हें के परिवार का कोई सदस्य उनसे बातचीत कर रहा है, संडे की मॉर्निंग को सुबह सुबह सूर्य देव के उदय से पहले मुख्यमंत्री शर्मा बहुत ही कम सुरक्षा अधिकारियों के साथ लोग भवन रोड पर मॉर्निंग वॉक के लिए निकल पड़े। इस दौरान उन्होंने मॉर्निंग वॉक कर रहे हर उम्र के लोगों से खुलकर बातचीत की जिसमें बच्चों से लेकर छात्र-छात्राएं महिलाएं युवा और बुजुर्ग हर आयु वर्ग के लोग शामिल थे । जो लोग पहली बार मुख्यमंत्री से बातचीत कर रहे थे उन्हें मुख्यमंत्री का सीधा सरल, सहज और आत्मीय भाव काफी अच्छा लगा और यह देखकर और महसूस करके की एक मुख्यमंत्री उनसे इस तरह से साधारण इंसान की तरह बात कर रहा है। उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा था लेकिन यह भी सत्य है कि भले ही संडे की मॉर्निंग को पहली बार जो लोग मुख्यमंत्री से मिले उन्हें किसी मुख्यमंत्री का व्यवहार अजूबा लगा हो लेकिन यह हकीकत है कि मुख्यमंत्री शर्मा जैसे अंदर से हैं वैसे ही बाहर से दिखते हैं उनके दिल में किसी भी तरह का दोगलापन या बनावटीपन नहीं है इसीलिए पिछले सवा दो साल के अल्प समय के कार्यकाल में ही उन्होंने अपने व्यवहार और अपनी वर्किंग स्टाइल से न केवल प्रदेश में हर आयु वर्ग के लोगों के दिलों में अपना एक अलग मुकाम बना लिया है बल्कि भारतीय जनता पार्टी के छोटे-बड़े सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं में भी उन्होंने अपना एक अलग प्रभाव छोड़ा है जो उन्हें अन्य मुख्यमंत्री से बिल्कुल अलग बना रहा है ।



उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दैनिक दिनचर्या ठीक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरह ही है मुख्यमंत्री रोजाना करीब 18 से 20 घंटे सरकारी कार्यक्रमों, बैठक, पार्टी से जुड़े कार्यक्रमों इत्यादि में व्यस्त रहते हैं इसलिए खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से तरोताजा रखने के लिए उनकी दिनचर्या में मॉर्निंग वॉक भी अहम हिस्सा है जिसमें कई बार वे मुख्यमंत्री हाउस से निकलकर कभी सेंट्रल पार्क, मानसरोवर स्थित पार्क, विधानसभा के सामने तो कभी लोक भवन रोड के सामने मॉर्निंग वॉक करते हुए नजर आते हैं जिसमें मॉर्निंग वॉक के दौरान ही लोगों से बातचीत भी करते रहते हैं और उनसे सुझाव और सलाह भी लेते रहते हैं तथा सरकार की योजनाओं के बारे में भी सवाल जवाब करके आवश्यक फीडबैक लेते रहते हैं ।

### पिछले सवा दो साल में मुख्यमंत्री आवास में जितने जन संवाद और सार्वजनिक कार्यक्रम हुए इतने कार्यक्रम पहले कभी नहीं हुए

जानकार लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा में मुख्यमंत्री पद का घमण्ड बिल्कुल भी नहीं दिखा मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने के बाद में भी उनके व्यवहार, स्वभाव, खानपान, रहन-सहन में बिल्कुल भी बदलाव नहीं आया है जैसे वह पहले प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रदेश महामंत्री पद पर रहने के दौरान दिखाई देते थे वैसे ही मुख्यमंत्री बनने के बाद भी उनके नेचर में किसी भी तरह का कोई बदलाव नहीं आया है। उनका यही व्यवहार पार्टी के छोटे बड़े सभी नेताओं को काफी पसंद आता है जानकार लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सामूहिक संवाद और सामूहिक सलाह तथा गहन विचार विमर्श के बाद ही किसी विषय पर निर्णय लेते हैं इसलिए पिछले सवा दो साल में मुख्यमंत्री आवास पर जितने सार्वजनिक कार्यक्रम, सामूहिक संवाद, सरकारी कार्यक्रम आयोजित हुए उतने कार्यक्रम प्रदेश में किसी अन्य मुख्यमंत्री के शासनकाल में मुख्यमंत्री आवास पर देखने को नहीं मिले जो यह बताता है कि मुख्यमंत्री शर्मा हमेशा खुद को पब्लिक के बीच में रहने का ही जतन करते रहते हैं ।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से राज्य क्रिकेट संघ की तदर्थ कमेटी के सदस्यों ने की मुलाकात, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** राज्य क्रिकेट संघ की नई तदर्थ कमेटी के सदस्यों ने कमेटी के कन्वीनर मोहित यादव की अगुवाई में रविवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा के प्रदेश में खेलों के प्रति विजन और समर्पण को देखकर कमेटी के सभी सदस्य काफी प्रभावित और खुश दिखे । कमेटी के सदस्यों ने कहा कि मुख्यमंत्री ने काफी गंभीरता से खेलों के विकास और विस्तार के लिए बातचीत की है इसलिए मुख्यमंत्री के विजन को देखते हुए यह साफ लगता है कि प्रदेश में आने वाले दोनों में खेल और खिलाड़ियों के स्तर में और भी जबरदस्त तरीके से सुधार होगा। रविवार को मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक में तदर्थ कमेटी के सदस्यों ने राज्य क्रिकेट संघ की गतिविधियों और राज्य क्रिकेट संघ में चल रहे पुराने विवादों प्रदेश के जिला क्रिकेट संघ में चल रहे विवादों अचरोल के निकट बन रहे दुनिया के तीसरे सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम आईपीएल प्रतियोगिता और प्रदेश में क्रिकेट और क्रिकेटरों की भलाई के लिए उठाए जाने वाले कदमों तथा जिला क्रिकेट संघ और राज्य क्रिकेट संघ के चुनाव करवाने संबंधी विषयों को लेकर कमेटी के सदस्यों ने मुख्यमंत्री शर्मा से गंभीरता से और विस्तार से बातचीत की। जानकारी के अनुसार रविवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से राज्य क्रिकेट संघ की तादाद कमेटी के कन्वीनर मोहित यादव, धनंजय सिंह,अर्जुन बेनीवाल, आशीष तिवारी और अन्य सदस्यों ने मुलाकात की इस मुलाकात से साफ दिख रहा है कि मोहित यादव के नेतृत्व में कमेटी इस बार पूरी तैयारी के साथ प्रदेश में क्रिकेट और क्रिकेटरों की भलाई और कल्याण के लिए काम करने की दिशा में काम कर सकती है। हालांकि कन्वीनर मोहित यादव ने राज्य क्रिकेट संघ और जिला क्रिकेट संघ के चुनाव जल्दी से जल्दी करवाने को सबसे पहले प्राथमिकता बताया है लेकिन प्रदेश में क्रिकेट की गतिविधियों में बिल्कुल भी विराम नहीं लगे और प्रदेश में क्रिकेट की गतिविधियां लगातार जारी रहे इसके लिए कमेटी पूरी समर्पित भाव से काम करते हुए दिख रही है। इसीलिए कमेटी के सदस्यों ने मुख्यमंत्री शर्मा से मुलाकात करना ज्यादा जरूरी समझा जानकार लोगों का कहना है की वर्तमान में नई कमेटी को सरकार का पूरा आशीर्वाद मिल सकता है और पहले जिस तरह से डीडी कुमावत के कन्वीनर रहने के दौरान कमेटी में ही आपस में अंतर विरोध और टकराव के हालात लगातार देखने को मिले थे शायद इस तरह के हालात अब देखने को नहीं मिलेंगे इसलिए उम्मीद की जा रही है की नई कमेटी बहुत ही शानदार तरीके से प्रदेश में क्रिकेट और क्रिकेटर की भलाई के लिए चुनाव होने तक काम करेगी ।

## टीकाराम जूली ममता भूपेश सहित प्रदेश कांग्रेस के कई नेता दिल्ली में मैराथन दौड़ में शामिल हुए, राहुल गांधी ने दिखाई हरी झंडी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)** कांग्रेस पार्टी के अनुसूचित विभाग की ओर से रविवार को दिल्ली में रन फॉर अंबेडकर मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी ने दिल्ली में मंडी हाउस में आयोजित कार्यक्रम में हरी झंडी दिखाकर रन फॉर अंबेडकर, रन फॉर कांस्टीट्यूशन मैराथन दौड़ को रवाना किया इस मैराथन दौड़ में देश के कोने-कोने से आई कांग्रेस जनों ने अपनी उपस्थिति दिखाई राजस्थान से प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली पूर्व मंत्री ममता भूपेश सहित पार्टी के कई अन्य नेताओं ने मैराथन दौड़ में हिस्सा लिया मैराथन दौड़ में पूर्व क्रिकेटर और सांसद अजहरूद्दीन दीपेंद्र हुड्डा जैसे बड़े नेता भी दिखाई दिए मैराथन दौड़ को रवाना करने से पहले राहुल गांधी ने मैराथन दौड़ में शामिल होने आए कांग्रेसियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश में आरएसएस और भाजपा की सोच वाले व्यक्ति डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संविधान को खत्म करना चाहते हैं यह लोग नहीं चाहते कि देश में सभी जाति धर्म और समुदाय के लोगों को समान हक मिले उन्होंने कहा कि अगर भाजपा के नेता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के फोटो के सामने हाथ जोड़कर खड़े भी होते हैं तब भी उनकी सच में कोई फर्क नहीं पड़ता जबकि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा लोकतंत्र संविधान के रक्षा की है और आगे भी कांग्रेस पार्टी डॉ भीमराव अंबेडकर के संविधान और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए काम करती रहेगी ।

## युवाओं को खुद को गढ़ना होग, तभी बनेगा मजबूत भारत- कर्नल राज्यवर्धन राठौड़

### आध्यात्मिक मार्गदर्शन समाज को शांति, संयम और सदाचार की प्रेरणा देता है

जयपुर टाइम्स

**जयपुर।** अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद की ओर से जैन विश्वभारती प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने आचार्य तुलसी और संत-महात्माओं को नमन करते हुए कहा कि लाडनूं की यह पावन धरती देश को आध्यात्म और अनुशासन की दिशा देने वाली रही है। उन्होंने कहा यहां आकर मुझे जैन श्वेतांबर तेरापंथ धर्मसंघ के परम पूज्य आचार्य श्री महाश्रमण जी के पावन दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। उनकी करुणा, शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा से मन अत्यंत प्रसन्न और प्रेरित हुआ। यह अवसर जीवन में नई सकारात्मकता और संस्कारों को सुदृढ़ करने वाला रहा है। कर्नल राज्वर्धन राठौड़ ने कहा कि उनका आध्यात्मिक मार्गदर्शन समाज को शांति, संयम और सदाचार की प्रेरणा देता है। यहां का वातावरण और परंपरा हर व्यक्ति को सीखने और आत्मविकास का अवसर प्रदान करती है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश एक विचार है, जो हमारी जड़ों, इतिहास और पहचान से जुड़ा होता है। हमारा देश बहुत बड़ा है। लेकिन जब हम एक साथ आते हैं तो हमारी एक कॉमन पहचान होती है भारतीय होने की। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण के लिए आगे आने का आग्रह करते हुए कहा कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण से पहले स्वयं का निर्माण करना पड़ेगा। इसके बाद ऐसी



टीम बनानी होगी जो संकल्पित हो, दिशा में रहती हो, कमिटेड हो। कर्तव्यपरायणता ही धर्म है। जब राष्ट्र और धर्म एक पटरी पर चलते हैं तो उस राष्ट्र को कोई भी पराजित नहीं कर सकता। हिंदुस्तान की अपनी अलग पहचान है। हमारी संस्कृति बेमिसाल है। राष्ट्र एक विचार है तो धर्म उसकी नैतिकता का कंपस है और संस्कृति उसकी आत्मा है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने मन को जागृत रखें और रोज कुछ समय आत्मचिंतन में लगाएं। यही समय है जब युवा अपने शरीर और मन को तपाकर मजबूत बनाएं, ताकि जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकें। उन्होंने कहा कि जीवन हमें एक बड़े उद्देश्य के लिए मिला है, स्वयं को मजबूत बनाकर समाज और राष्ट्र को मजबूत करना। चुनौतियों का सामना कर आगे बढ़ना ही सच्चे विजेता की पहचान है।रविवार को राजस्थान उत्तराखंड सभा के जयपुर प्रकोष्ठ की ओर से वैशाली नगर में रविवार 12 अप्रैल को रक्तदान शिविर एंव मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में उद्योग मंत्री राठौड़ ने रक्तदाताओं की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि वे समाज के प्रति बहुत बड़ी जिम्मेदारी निभाते हैं। इसके लिए उनका जितना आभार प्रकट किया जाए वो कम है। राठौड़ ने कहा कि रक्तदान मानवता के प्रति हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने इस पुनीत कार्य में भाग ले रहे सभी रक्तदाताओं, आयोजकों और स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दीं। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ रक्तदान कर रहे युवाओं से मिले और उनके योगदान को सराहा। जयपुर में ही आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार सभा जयपुर द्वारा आयोजित स्वर्णकार प्रीमियर लीग-2026 में भी शामिल होने पहुंचे। राठौड़ ने खिलाड़ियों से आत्मीयता के साथ मुलाकात और बातचीत की और उनका उत्साहवर्धन भी किया। इस अवसर पर उन्होंने क्रिकेट में भी हाथ आजमाए। राठौड़ ने कहा कि खेल हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के साथ-साथ अनुशासन का पाठ भी पढ़ाते हैं और यही अनुशासन जीवन में सफलता की पहली कड़ी है।

## संगीत जगत को गहरा झटका: गायिका आशा भोसले का निधन, आज शाम को 4 बजे बजे शिवाजी पार्क में दाह संस्कार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर** अपनी मधुर आवाज से दुनिया भर के करोड़ों लोगों के दिलों में पिछले कई सालों से एक छत्र राज कर रही विख्यात गायिका आशा भोसले का रविवार को मुंबई की ब्रिज कैंडी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया उनके निधन से संगीत जगत और फिल्म जगत को गहरा झटका लगा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृहमंत्री अमित शाह राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस,राजस्थान के मुख्यमंत्री लाल शर्मा सहित विभिन्न राज राजनीतिक दलों के बड़े-बड़े नेताओं केंद्रीय मंत्रियों विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपालों के अलावा फिल्म जगत से जुड़े लोगों ने उनके निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है आज शाम 4:00 बजे मुंबई में शिवाजी पार्क में मशहूर गायिका का



अंतिम संस्कार किया जाएगा जानकारी के अनुसार सिर्फ 9 साल की अवस्था में गायन के क्षेत्र में कदम रखने वाली 92 साल की आशा भोंसले को 11 अप्रैल को छाती में इंस्पेक्शन और थकान की वजह से अस्पताल में भर्ती करवाया गया था जहां रविवार को उनका निधन हो गया आशा भोसले ने अपने लंबे गायन के पीरियड में करीब 12000 से ज्यादा गाने विभिन्न भाषाओं में गए हैं उन्होंने हर तरह के गाने गए और करोड़ों लोगों के दिलों पर राज किया आशा भोसले मशहूर गायिका लता मंगेशकर और उषा मंगेशकर की बहन है आशा भोंसले को लोग लता मंगेशकर से भी गायन के क्षेत्र में ज्यादा प्रतिभाशाली मानते थे आशा भोंसले को दादा साहब फाल्के पुरस्कार भी मिल चुका है पद्म विभूषण से भी सम्मानित किया है इसके अलावा नौ बार फिल्मफेयर अवार्ड और दो बार नेशनल अवार्ड मिले हैं तथा महाराष्ट्र सरकार की ओर से इन्हें 18 बड़े पुरस्कार मिल चुके हैं इसके अलावा और भी कई बड़े-बड़े राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार इन्हें अपने श्रेष्ठ गायन के लिए मिले हैं उनके निधन से दुनिया भर में मौजूद उनके करोड़ों समर्थकों की आंखें निधन की खबर सुनते ही नम हो गई

CAMBRIDGE SR. SEC. SCHOOL

Admission Open 2026-27



ADMISSION OPEN

RIGHT TO EDUCATION

EDUCATION FOR ALL

प्रवेश सत्र 2026-27 से

विद्यालय परिवार की तरफ से विशेष योजना का शुभारंभ

25 प्रतिशत निःशुल्क (RTE) के अलावा 25 प्रतिशत और अतिरिक्त आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को ट्यूशन फीस फ्री करने का लिया निर्णय

C-586,587, 588, 589, 4C SCHEME NEW LOHA MANDI ROAD, JAIPUR

7230022801, 9983322224

CMYK

## वन राज्यमंत्री ने जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुना

### परिवेदनाओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)** वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने अपने निवास स्थान 201 रघुमार्ग पर जनसुनवाई में आमजन की परिवेदनाओं को सुन कर त्वरित निराकरण हेतु अधिकरियों को निर्देशित किया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने जनसुनवाई में आए पेयजल, विद्युत, सडक, साफ-सफाई आदि की परिवेदनाएं लेकर आए फरियादियों की परिवेदनाओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि फरियादियों की समस्याओं का निराकरण होने पर उन्हें सूचित कर उनके संतुष्टि स्तर में वृद्धि करें। उन्होंने निर्देश दिये कि आमजन की मूलभूत समस्याओं की प्राथमिकता से सुनवाई करें। इस दौरान उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा आमजन के कल्याण हेतु संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का जागरूक रहकर लाभ उठाने एवं अपने आसपास के जरूरतमंद लोगों को भी योजनाओं के प्रति जागरूक कर उन्हें लाभांवित कराने में सहयोग करने का आह्वान किया।

## अलवर महिला कांग्रेस शहर ब्लॉक (ब) के शहर अध्यक्ष बनने पर सुनीता राजकुमार शर्मा का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)** राजस्थान ब्राह्मण महासभा जिला अलवर द्वारा महिला कांग्रेस शहर ब्लॉक (ब) के शहर अध्यक्ष अलवर के पद पर मनोनीत होने पर सुनीता राजकुमार शर्मा का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने सुनीता शर्मा को साफा व माल्यार्पण कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अलवर कांग्रेस प्रकाश गंगावत ने कहा कि शर्मा के नेतृत्व में महिला कांग्रेस संगठन को नई मजबूती मिलेगी और वे महिलाओं की आवाज को सशक्त रूप से आगे बढ़ाने का कार्य करेंगी। जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस कमलेश सैनी ने कहा की समाज में हमेशा सक्रिय योगदान देने वाली सुनीता महिला कांग्रेस को संगठित करने में अपना पूरा योगदान देंगी द्य ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष जगदीश प्रसाद ने बताया की कार्यक्रम में महासभा संरक्षक राजकुमार शर्मा, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश सैनी, हिरेन्द्र शर्मा, डॉ. सतीश शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, बजरंग शर्मा, विप्र सेना जिलाध्यक्ष अमित शर्मा, नितेश भारद्वाज,गजेंद्र शर्मा, अनीता तिवारी, सुधा शर्मा, अंजलि शर्मा, हंसीका शर्मा, अनिल शर्मा, विवेकानंद पंडित, नाथूराम शास्त्री सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उमेश शर्मा ने किया गया तथा अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

## राजस्व विभाग के अधिकारियों की मासिक बैठक का हुआ आयोजन



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** जिला कलक्टर अतुल प्रकाश की अध्यक्षता में रविवार को जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। राज्य मानवाधिकार आयोग, राज्य महिला आयोग, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग तथा राजकीय कार्मिकों से संबंधित प्रकरणों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए। बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने एसडीएम व तहसीलदार स्तर पर लंबित प्रकरण, तलफी, पत्थरगड़ी, तरमीन कार्य, एलआर एक्ट, पीडीआर एक्ट, एलआर एक्ट, रोड़ा एक्ट, सीएमओ, स्टेट एवं लोकायुक्त के प्रकरणों पर कार्यवाही कर जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कार्यालय (ष्टरूह्र) से प्राप्त परिवेदनाओं एवं जन-अभियोगों के त्वरित निस्तारण पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने जिले में अतिक्रमण के प्रकरण, अवरूद्ध रास्तों को खोलना, नामान्तरण के प्रकरण, सहमति बंटवारा एवं सीमाज्ञान के प्रकरणों का निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा की स्थानीय समस्याओं जैसे खराब सड़क, पानी की समस्या सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को जिला स्तर पर अवगत करायें ताकि समय से आमजन को आ रही समस्याओं से निजात दिला सके। उन्होंने अधिकारियों को जमीन आवंटन से संबंधित प्रकरणों को अपने स्तर से निस्तारित करने के निर्देश ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। उन्होंने पिछले माह में निस्तारित कोर्ट केस की संख्या की जानकारी लेकर आगामी माह में निर्धारित नॉर्म्स अनुरूप केस निस्तारित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, अतिरिक्त जिला कलेक्टर भिवाड़ी सुमित्रा मिश्र, उपखंड अधिकारी टपूकड़ा लाखन सिंह गुर्जर, उपखंड अधिकारी किशनगढ़ बास मनीष कुमार जाटव, उपखंड अधिकारी तिजारा संजीव वर्मा, उपखंड अधिकारी कोटकासिम रेखा यादव सहित जिले के सभी तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सामाजिक न्याय मंत्री गहलोत, वन राज्यमंत्री शर्मा एवं राज्य सभा सांसद राजेन्द्र गहलोत ने रैणी में महात्मा ज्योतिबा फूले की प्रतिमा का किया अनावरण

### शिक्षा, समानता और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में महापुरूषों का योगदान अनुकरणीय - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा एवं राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत ने रविवार को रैणी में नसिया तिराहे पर सैनी समाज विकास समिति के तत्वावधान में आयोजित महात्मा ज्योतिबा फूले की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शिरकत कर प्रतिमा का अनावरण किया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत कहा कि महापुरुष सर्व समाज का होता है। उन्होंने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, तेजाजी महाराज, भगवान देवनारायण जैसे सभी महापुरूषों ने समाज को जागरूक कर एकरूपता में पिरौने का काम किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, समानता और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में महात्मा ज्योतिबा फूले के योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। महात्मा ज्योतिबा फूले का संपूर्ण जीवन समाज को प्रेरणा देने वाला है, जो हमें सामाजिक समरसता और ज्ञान के लिए समर्पित रहकर दूसरों के कल्याण के लिए कार्य करने के आदर्श से जोड़ता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि महात्मा ज्योतिबा फूले के समाज सुधारक कार्यों एवं उनके आदर्शों को अपनाकर शिक्षा और समानता के क्षेत्र में सहभागिता निभानकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सहभागी बने। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को साकार करने हेतु सभी समाजों को साथ लेकर चलना चाहिए, तभी देश व प्रदेश का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए मोबाइल के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए उन पर निगरानी रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरित होकर वन राज्य मंत्री संजय शर्मा के एक पौधा प्रतिदिन का संकल्प अनुकरणीय है हम सबको भी पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पौधा सभी को अवश्य लगाना चाहिए तथा स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए ।इस दौरान उन्होंने महात्मा ज्योतिबा छात्रावास में एक कमरा बनवाने की घोषणा की। वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले का जीवन वंचितों के कल्याण के लिए समर्पित रहा था। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों को दूर कर समाज को एकरूपता के पिरौने में महती भूमिका निभाई तथा शिक्षा के प्रति समाज को जागृत कर शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाई। ज्योतिबा फूले ने अपनी पत्नी सावित्री बाई फूले को शिक्षित कर गांव-ढाणी में घूमकर बालिका शिक्षा को आगे बढाने का काम किया। उन्होंने कहा कि जो समाज पढेगा, वह निश्चित रूप से आगे बढेगा और देश को नई दिशा देने में अपनी महती भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि हम संकल्प ले कि बेटियों को आगे बढाने हेतु उनको शिक्षित करेंगे, विवाह में न दहेज लेंगे और न दहेज देंगे तथा नशे से हमेशा दूर रहेंगे। इस दौरान राज्य सभा सांसद राजेंद्र गहलोत, बाँदीकुई विधायक भागचंद टांकड़ा, बन्नाराम मीणा, अभय सैनी, सैनी समाज रैणी तहसील के अध्यक्ष राधेश्याम सैनी, श्रीकांत सैदावत, डॉ. कैलाश सैनी, अमर सिंह मीणा, पी.डी सैनी, ताराचंद सहित जनप्रतिनिधिगण, प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## वन राज्यमंत्री शर्मा ने रक्तदान शिविर में शिरकत कर रक्तवीरों की हौंसला-अफजाई की

### प्रतिभाशाली बच्चों को किया सम्मानित





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने अलवर शहर में चाणक्य परिवार द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में शिरकत कर रक्तवीरों की हौसला-अफजाई एवं प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया।

वन राज्यमंत्री शर्मा ने रक्तवीरों का उत्सावर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है जो जरूरत पडने पर व्यक्ति को जीवनदान प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऐसे आयोजनों में निरन्तर बढती भूमिका विकसित राष्ट्र के निर्माण में सहायक सिद्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा की भावना से आयोजित रक्तदान शिविर सराहनीय कदम है जिससे हमारी युवा पीढी को जीवमात्र की सेवा करने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को रक्तदान में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने प्रतिभावान बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि देश में समानता, समदर्शी व एकता के भाव के साथ ही देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प साकार किया जा सकता है। इस दौरान पीएमओ डॉ. प्रवीण शर्मा, मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. अनिता सूद, पं. जलेसिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश गंगावत, संयुक्त व्यापार महासंघ के अध्यक्ष हरमिन्दर सिंह, अशोक पाठक, मुकेश गौड, ओमप्रकाश शर्मा, डॉ. टेकचंद सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में युवा एवं आमजन मौजूद रहे।

## विप्र सेना की बैठक में परशुराम जयंती आयोजन की बनी रूपरेखा

### महाआरती व भव्य शोभायात्रा के साथ महिला टीम की भी रहेगी सहभागिता



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** विप्र सेना अलवर की जिला कार्यकारिणी की बैठक रविवार को आयोजित हुई, जिसमें भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव एवं सामाजिक उत्थान से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में आयोजन को भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप देने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के मुख्य अतिथि अलवर शहर यातायात प्रभारी संजय शर्मा रहे, जबकि अध्यक्षता विप्र सेना संरक्षक राजकुमार शर्मा ने की। मुख्य वक्ता के रूप में अलवर जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष एवं विप्र सेना संरक्षक संजीव गोड तथा नगर-डीग के जिलाध्यक्ष शिवा गजिया ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में अलवर जिला ब्राह्मण महासभा के पूर्व महामंत्री मानवेन्द्र उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा, अरविन्द पराशर, विप्र सेना महामंत्री राहुल पटेल, नितेश भारद्वाज, युवा प्रकोष्ठ जिला संयोजक होतीलाल शर्मा, प्रदेश पदाधिकारी राहुल सैदावत, महिला प्रकोष्ठ से सुधा शर्मा एवं निर्मला शर्मा, परशुराम सेना जिलाध्यक्ष अश्वनी जावली, राजस्थान ब्राह्मण महासभा जिलाध्यक्ष अनिता तिवाड़ी, उमेश शर्मा, एडवोकेट चन्द्रशेखर शर्मा, शहर अध्यक्ष दीपेश भारद्वाज, शुभम पंचोली, अश्वनी मुदगल सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। विप्र सेना जिलाध्यक्ष अमित शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर मन्नी के बड़ पर महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही आकर्षक झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें महिला टीम की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक के अंत में शहर अध्यक्ष दीपेश भारद्वाज ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अलवर तीरंदाजी संघ द्वारा राहुल पटेल को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।

## गृह राज्य मंत्री ने 40 करोड रुपए की लागत के हलैना से बड़ौदामेव एमडीआर सड़क कार्यों का किया शिलान्यास

### सड़क के सुदृढ़ीकरण से ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी के साथ विकास की नई संभावनाएं खुलेंगी- गृह राज्यमंत्री बेढम



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)** गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने रविवार को खेडली में 40 करोड रुपए की लागत से हलैना से बड़ौदामेव तक वृहत् जिला सड़क (MDR) के सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ाईईकरण कार्यों का शिलान्यास किया, इस दौरान कठूमर विधायक रमेश खींची मौजूद रहे। गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि हलैना से बड़ौदामेव तक वृहत् जिला सड़क क्षेत्र की प्रगति, व्यापारिक गतिविधियों के विस्तार और आमजन के जीवन को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बीच संपर्क और अधिक सुदृढ़ होगा तथा विकास की नई संभावनाएँ साकार होंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के समग्र और संतुलित विकास के लिए हमारी सरकार संकल्पित है और इसी दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। कठूमर विधायक रमेश खींची की कठूमर क्षेत्र में रामसेतु योजना के तहत व खेरली क्षेत्र में चंबल का पानी उपलब्ध कराने की मांग उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को इससे अवगत कराकर इसका सकारात्मक रूप से समाधान कराने का प्रयास करेंगे। कठूमर विधायक रमेश खींची ने राज्य व केंद्र सरकार द्वारा कठूमर क्षेत्र में कराए जा रहे ह चहूँमुखी विकास के बारे में विस्तार से अवगत कराया। मंच संचालन गोपेश भारद्वाज व नरेंद्र गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में उपखण्ड अधिकारी श्याम सुंदर चेतीवाल, पूर्व प्रधान संजय खींची, पूर्व चेयरमैन शेरसिंह मीना, संजय गिजगडियां, शैलेंद्र चोहान, चंद्रप्रकाश तुसारी, बिक्रम शर्मा, मुकेश शर्मा, सियाराम पटेल, जाट समाज अध्यक्ष कल्लू राम चौधरी, रमेश चौधरी, देवेंद्र सिंह मौजूद रहे। समारोह में बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सहित प्रबुद्ध नागरिक एवं आमजन मौजूद रहे।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम नारी के सम्मान एवं समाज के विकास की गारंटी- पूजा कपिल



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अलवर पर रविवार को 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' विषय पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

भाजपा महिला मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूजा कपिल एवं जयपुर जिला प्रमुख रमा चोपड़ा ने भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' विषय पर प्रेस को संबोधित किया। महिला मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूजा कपिल ने इस अधिनियम को भारत की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने वाला एक क्रांतिकारी कदम बताया। ?पूजा कपिल ने विस्तारपूर्वक अपनी बात रखते हुए कहा, 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक विधायी सुधार नहीं है, बल्कि यह भारत की नियति बदलने वाला एक आध्यात्मिक और राजनीतिक संकल्प है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मातृशक्ति' के प्रति जो अटूट विश्वास प्रकट किया है, वह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को नई ऊर्जा और समावेशी दिशा प्रदान करेगा। 'उन्होंने अपने संबोधन में निम्नलिखित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला ओर कहा कि ऐतिहासिक कलंक की समाप्ति और दृढ़ संकल्प आजादी के बाद से ही भारत की मातृ शक्ति अपने उचित प्रतिनिधित्व के लिए संघर्ष कर रही थीं। पिछली सरकारों ने दशकों तक केवल कागजी वादे किए और सदन में इस बिल को फाड़ने तक की अशोभनीय घटनाएं हुईं। प्रधानमंत्री मोदी ने संसद के नए और भव्य भवन के प्रथम सत्र में ही इस बिल को पारित कराकर यह सिद्ध कर दिया कि उनकी 'कथनी और करनी' में कोई अंतर नहीं है। यह अधिनियम उन सभी ताकतों को करारा जवाब है जिन्होंने महिलाओं की आवाज को दबाया था। ?रमा चोपड़ा जिला प्रमुख जयपुर ने कहा कि यह कानून महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया मे सीधे तौर पर शामिल करेगा जिससे समाज का समावेशी व संतुलित विकास होगा यह अधिनियम जहां एक और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करेगा। वहीं महिलाओं को आत्मनिर्भर वह आत्मविश्वास से परिपूर्ण करेगा प्रेस वार्ता में भाजपा अलवर दक्षिण के जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, उत्तर जिलाध्यक्ष महा सिंह चौधरी, एवं भाजपा जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता सहित निवर्तमान पार्षद शीला जांगिड़, रीता सेठी, वर्षा सक्सैना, अंजू शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व खेल मंत्री कर्नल राजवर्धन सिंह राठौड़ से आरसीए एडहॉक कमेटी ने मुलाकात कर जताया आभार -डॉ मोहित जसवंत यादव





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)।** आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादव के अनुसार राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान में क्रिकेट के विकास , युवा खिलाडियों को आवश्यक सुविधाओं सहित उच्च स्तरीय क्रिकेट गतिविधियों व प्रतियोगिताओं में अपना प्रदर्शन दिखाने, राज्य क्रिकेट संघ के सभी विवादों को दूर कर वापस पटरी पर लाने की जो जिम्मेदारी नव गठित आरसीए एडहॉक कमेटी को दी है उसे सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए आरसीए एडहॉक कमेटी अथक प्रयास कर रही है। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादव, सदस्य धनञ्जय सिंह खींवसर, आशीष तिवाड़ी, अर्जुन बेनीवाल, अरिष्ट सिंघवी ने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुख्यमंत्री आवास पर मुलाकात कर उनका आभार जताया व उन्हें विश्वास दिलाया की उन्होंने जो राजस्थान क्रिकेट संघ को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की जिम्मेदारी नव गठित आरसीए एडहॉक कमेटी को दी है उसे हम सभी अपने अथक प्रयासों से न केवल पूर्ण करेंगे साथ ही राज्य के युवा खिलाडियों के लिए सुद्रढ़ , उच्च स्तरीय व विकसित खेल ढांचा तैयार करेंगे जिससे खिलाडियों को सभी परिस्थितियों में व्यापक सहायता मिलेगी साथ ही आरसीए एडहॉक कमेटी ने खेल मंत्री कर्नल राज वर्धन सिंह राठौड़ से मुलाकात कर उनका धन्यवाद दिया व उन्हें आरसीए एडहॉक कमेटी द्वारा राज्य में क्रिकेट के विकास व आरसीए खेल गतिविधियों के सम्बन्ध में लिए जा रहे निर्णयों के सम्बन्ध में अवगत कराया। आरसीए एडहॉक कमेटी अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अथक प्रयास कर रही है उसी कड़ी में कमेटी की तीसरी मीटिंग आयोजित की गयी थी जिसमे मुख्य रूप से जयपुर में आईपीएल के आयोजन में राज्य सरकार, राजस्थान रॉयल्स को पूर्ण सहयोग आरसीए का घरेलू क्रिकेट सत्र व क्रिकेट ऑपरेशन्स में सुधार, जिला क्रिकेट संघों से समन्वय व लंबित कार्यों को दूर कर जिलों में सुविधाओं के विकास, राजस्थान प्रीमियर लीग ( आरपीएल) के आयोजन कीरुपरेखा, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद से समन्वय, राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों हेतु आरसीए अवार्ड समारोह, जयपुर में निर्माणाधीन आरसीए के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की समीक्षा सहित विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। मीटिंग में मुख्य रूप से जिला क्रिकेट संघो के विवादों पर भी गहन चर्चा हुई व सभी विवादों को लीगल प्रोसेस को अपनाते हुए जल्द से जल्द सुलझा लिया जायेगा व उस प्रोसेस के तहत हनुमानगढ़ जिला क्रिकेट संघ के सम्बन्ध में माननीय न्यायालय के आदेशानुसार ही आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य अर्जुन बेनीवाल ( सचिव, हनुमानगढ़ जिला क्रिकेट संघ ) की वर्तमान कार्यकारिणी को ही समस्त अधिकार व जिला क्रिकेट संघ के संचालन की जिम्मेदारी दी गयी है। जिससे हनुमानगढ़ जिला क्रिकेट संघ में अब कोई विवाद नहीं है आरसीए द्वारा उन्हें पूर्ण मान्यता प्रदान है।

## गैस सिलेंडर में आग लगने से पांच लोग झुलस गए, गैस एजेंसी के भी दो कर्मचारी झुलसे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में हनुमानगढ़ टाउन की नई आबादी में घरेलू गैस सिलेंडर में आग लगने की वजह से पांच लोग झुलस गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जानकारी के अनुसार हनुमानगढ़ टाउन नई आबादी में एक मकान में गैस लीक की शिकायत पर गैस एजेंसी के दो कर्मचारी मौके पर गए और दोनों कर्मचारी गैस लीक होने की जांच पड़ताल करने लगे तभी जांच पड़ताल के दौरान ही गैस सिलेंडर ने आग पकड़ ली जिसकी वजह से मौके पर मौजूद पांच लोग झुलस गए हो गए जिनमें गैस एजेंसी के भी दोनों कर्मचारी झुलस गए अचानक हुए इस भीषण अग्निकांड के बाद आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों में दहशत छा गई लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी को भी बुलाया गया तथा इस अग्निकांड में झुलसे सभी पांच लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया पुलिस इस पूरे मामले की ताकि जांच पड़ताल भी कर रही जांच पड़ताल कर रही है ।

## जयपुर, अजमेर, जोधपुर में बिजली बिलिंग में भारी गड़बड़ी, ऊर्जा मंत्री ने जांच के आदेश दिए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में एक कंपनी की ओर से लाखों की संख्या में फर्जी बिजली उपभोक्ता दिखाकर बिजली बिलिंग में भारी गड़बड़ी करने का मामला सामने आया है इस मामले में ऊर्जा मंत्री ने जांच के आदेश भी दे दिए हैं जानकारी के अनुसार जयपुर ,अजमेर और जोधपुर में बिजली बिलिंग में बिजली बिलिंग में गड़बड़ी की बात सामने आई है जिसमें करीब 11 लाख फर्जी बिजली उपभोक्ता दिखाकर बिजली बिलिंग में गड़बड़ी की गई है इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री तक भी पहुंची है जिसमें ऊर्जा मंत्री ने इस पूरे मामले में जांच के आदेश दिए हैं जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के बनारस में ब्लैकलिस्टेड कंपनी को जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की ओर से ठेका दे दिया गया इस कंपनी ने बनारस में भी बिजली बिलिंग में बड़ी संख्या में फर्जी उपभोक्ता दिखाकर गड़बड़ी की थी और प्रदेश में भी काम हाथ में लेने के बाद इस कंपनी पर फर्जी बिजली उपभोक्ता दिखाकर बिजली बिलिंग में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया गया है जानकारी के अनुसार जयपुर में ही इस कंपनी की ओर से बड़ी संख्या में फर्जी बिजली उपभोक्ता दिखाकर बिजली बिलिंग में गड़बड़ी के जाने की बात सामने आई है जयपुर में करीब 49 लाख बिजली उपभोक्ता है लेकिन इस कंपनी की ओर से करीब 60 लाख बिजली उपभोक्ता दिखाकर बिजली बिलिंग में गड़बड़ी की गई अब देखने वाली बात यह है कि ऊर्जा मंत्री के आदेश के बाद मामले की होने वाली जांच में क्या निकल कर सामने आता है लेकिन यहां बड़ा सवाल यही है कि जब इस कंपनी को बनारस में ब्लैकलिस्टेड कर दिया गया था और बनारस में ही बड़ी संख्या में फर्जी बिजली उपभोक्ता दिखाने का आरोप इस कंपनी पर लगा था फिर इस कंपनी को जयपुर में ठेका क्यों दे दिया गया यह एक गंभीर सवाल यहां पर खड़ा होता है ।

## जयपुर में बाइक सावर लड़को के महिला से छेड़छाड़ करने के वायरल वीडियो में पुलिस ने चार लड़कों को अरेस्ट किया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर में सरे राह सड़क पर बाइक सवार लड़कों के एक महिला से छेड़छाड़ करने संबंधी वीडियो सोशल मीडिया पर जोरदार तरीके से वायरल हुआ था इस वायरल वीडियो की गूंज राजधानी जयपुर में ही नहीं बल्कि पूरे देश भर में हो रही थी और कांग्रेस पार्टी के सभी बड़े नेताओं ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर यह वीडियो पोस्ट करके जयपुर में कानून व्यवस्था को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे थे इसलिए यह मामला जयपुर पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गया था बाद में वीडियो में बाइक के नंबरों के आधार पर परिवहन विभाग में भी बाइक के बारे में आवश्यक जानकारी जताकर बाइक से संबंधित सभी तरह के कागजात रद्द कर दिए थे परिवहन विभाग की इस कड़ी कार्रवाई के बाद जयपुर पुलिस ने भी जबरदस्त तरीके से एक्शन लेते हुए इस पूरे मामले की छानबीन करते हुए महिला से छेड़छाड़ करने वाले सभी चारों लड़कों को चिन्हित किया और अब उन्हें अरेस्ट भी कर लिया है इस मामले में जयपुर डीसीपी साउथ ने संवाददाता सम्मेलन आयोजित करके चारों आरोपी लड़कों के अरेस्ट करने का खुलासा किया है जिसमें सुदामा मीना, मनसुख मीणा और दो अन्य आरोपी बताए गए हैं पुलिस की गिरफ्त में आए अभियुक्तों में से एक अभियुक्त ने यह बताया कि महिला से छेड़छाड़ करने वाले लड़के शराब के नशे में थे और उसने खुद के वीडियो तैयार करने की बात भी स्वीकार की कुल मिलाकर यह मामला राजधानी जयपुर में जयपुर के लोगों में ही नहीं बल्कि बुद्धिजीवी वर्ग व्यापार जगत के लोगों और सामाजिक संगठनों में भी बड़ी चिंता का विषय बना हुआ था महिला संगठनों ने भी सरेआम इस तरह से रोड पर चलती गाड़ी से महिला से छेड़छाड़ करने की घटना को काफी शर्मनाक बताया था इसी क्रम में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी जयपुर की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए कहा था कि इस मामले में जल्दी से जल्दी पुलिस को प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए इसके अलावा प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ,गोविंद सिंह डोटासरा अन्य कांग्रेसी नेताओं ने भी इस घटना को लेकर गहरी चिंता और आक्रोश प्रकट किया था अब पुलिस ने इस मामले में सभी चारों लड़कों को अरेस्ट कर लिया है ।

## अशोक गहलोत सिर्फ ट्विटर और फेसबुक मास्टर बने हैं, एक भी योजना बंद नहीं की : अविनाश गहलोत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के समाज और कल्याण मंत्री अविनाश गहलोत ने रविवार को भरतपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि हमारी सरकार ने पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार की सभी योजनाओं को चालू रखा है और एक भी योजना बंद नहीं की है उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत सिर्फ ट्विटर और फेसबुक मास्टर बने हुए हैं हकीकत में यह है कि पिछले सवा दो साल में भजनलाल सरकार ने प्रदेश में हर क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास कार्य किए हैं अविनाश गहलोत ने पिछली गहलोत सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि पिछली सरकार में सामाजिक और न्याय विभाग में सामाजिक पेंशन 5-6 महीने तक अटकी पड़ी रहती थी और हमारी सरकार में सामाजिक पेंशन का एक-दो महीने का ही अभी बकाया चल रहा है उन्होंने कहा कि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार में पूरे 5 साल तक भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण, पेपर लीक बजरी माफिया, खनन माफिया, हथियार तस्कर, संगठित अपराध महिला और दलित अपराध इन सब मामलों में हालत काफी खराब थे प्रदेश में एक के बाद एक पेपर लीक होते रहे और राजस्थान के लाखों युवा सड़कों पर आंदोलन करते हुए दिखे जल जीवन मिशन घोटाले में हजारों करोड़ों रुपए के घोटाले करके इतने बड़े-बड़े पाप करके बैठे कांग्रेस पार्टी के नेताओं को हमारी सरकार के अच्छे काम कांटे की तरह चुभ रहे हैं यही वजह है कि अशोक गहलोत इंतजार शास्त्र के माध्यम से अनर्गल मुद्दे और विषय उठाकर प्रदेश के लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन प्रदेश की जनता पिछली कांग्रेस पार्टी सरकार की तकलीफों को अब तक नहीं भूली है और हमारी भजनलाल सरकार ने पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, उद्योग ,कृषि, महिला सुरक्षा सामाजिक पेंशन रोजगार इत्यादि सभी क्षेत्रों में शानदार काम कर रही है जिसे प्रदेश के लोग देख भी रहे हैं और योजनाओं का फायदा भी उठा रहे हैं।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 देश के लोकतांत्रिक इतिहास में ऐतिहासिक मील का पत्थर होगा साबित- मंजू शर्मा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को देश के लोकतांत्रिक इतिहास में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ-साथ उन्हें नीति निर्माण की मुख्यधारा में लाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। सितंबर 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक महत्वपूर्ण संवैधानिक संशोधन है, जिसके तहत लोकसभा, राज्य विधानसभाओं एवं दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटों का आरक्षण सुनिश्चित किया गया है। यह कदम न केवल महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण है बल्कि देश के समग्र विकास को भी नई गति देगा। शर्मा ने बताया कि जब महिलाएं नेतृत्व की भूमिका में आती हैं, तो शासन की प्राथमिकताओं में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा, जल एवं स्वच्छता जैसे विषयों को अधिक महत्व मिलता है। यह अधिनियम महिलाओं को नीति की लाभार्थी से नीति की निर्माता बनाने की दिशा में निर्णायक साबित होगा। सांसद शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, जन धन योजना, मुद्रा योजना तथा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक एवं वित्तीय रूप से मजबूत किया गया है। इके साथ ही उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन स्तर में व्यापक सुधार किया है, जिससे उन्हें समय, स्वास्थ्य एवं सम्मान तीनों स्तरों पर सशक्तता प्राप्त हुई है। भाजपा सांसद मंजू शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से सशक्त नारी, आत्मनिर्भर नारी के लिए किए गए कार्यों के चलते आज ल?ड़कियों की माध्यमिक स्तर पर नामांकन दर 80.2 प्रतिशत तक पहुंच गई। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 4.6 करोड़ से अधिक खाते खाले गए, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के माध्यम से 4.27 करोड़ से अधिक महिलाओं को पोषण सहायता, पोषण–2 के तहत 14 लाख से अधिक आंगनवाडी केंद्रों के ?जरिय 8.97 करोड़ लाभार्थियों तक सेवाएं पहुंचाना, मुद्रा योजना के 68 फीसदी ऋण महिलाओं को प्रदान करना, 72 प्रतिशत घर महिलाओं के नाम, उज्जवला योजना के 10 करोड़ एलपीजी कनेक्शन, जल जीवन मिशन के तहत 14.45 करोड़ घरों में पानी, मातृत्व अवकाश 26 सप्ताह का करने जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए गए है। आर्थिक सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए सांसद शर्मा ने कहा कि देश में पिछले दशक में 32 करोड़ महिलाएं बैंकिंग प्रणाली से जुड़ी हैं, शर्मा ने कहा कि देश में महिलाओं की मतदान में सक्रिय भागीदारी लगातार बढ़ रही है वहीं पंचायतों में लगभग 46 प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व यह दर्शाता है कि अवसर मिलने पर महिलाएं उत्कृष्ट नेतृत्व प्रदान करती हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने से उनका प्रतिनिधित्व और अधिक सशक्त होगा, जिससे लोकतंत्र अधिक समावेशी, संतुलित और प्रभावी बनेगा। यह अधिनियम विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और महिला नेतृत्व आधारित विकास देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा।

## ग्रीष्मावकाश पर यात्रियों की सुविधा हेतु 03 जोड़ी स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा ग्रीष्मावकाश पर अतिरिक्त यात्री यातायात को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु खातीपुरा- हावडा-खातीपुरा साप्ताहिक स्पेशल, जोधपुर-आसनसोल-जोधपुर साप्ताहिक स्पेशल एवं मदार-कोलकाता-मदार साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 09707,खातीपुरा-हावड़ा साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 15.04.26 से 29.04.26 तक (03 ट्रिप) खातीपुरा से प्रत्येक बुधवार को 17.00 बजे रवाना होकर गुरूवार को 22.15 बजे हावड़ा पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09708, हावड़ा-खातीपुरा साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 17.04.26 से 01.05.26 तक (03 ट्रिप) हावड़ा से प्रत्येक शुक्रवार को 00.15 बजे रवाना होकर शनिवार को 11.30 बजे खातीपुरा पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में दौसा, बांदीकुई, भरतपुर, इदगाह ,टूडंला, इटावा, गोविन्दपुरी, सुबेदारगंज, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, हजारीबाग रोड, पारसनाथ, एनएससीबी जं. गोमो, धनबाद,आसनसोल, दुर्गापुर, खाना जं., बर्धमान, एवं बैण्डेल स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस गाडी में 01 फर्स्ट्ट मय सैकण्ड एसी, 02 सैकण्ड एसी, 08 थर्ड एसी, 01 थर्ड एसी इकोनोमी, 04 शयनयान एवं 02 पॉवरकार डिब्बें होगें।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार गाडी संख्या 04819,जोधपुर-आसनसोल साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 14.04.26 से 28.04.26 तक (03 ट्रिप) जोधपुर से प्रत्येक मंगलवार को 17.00 बजे रवाना होकर गुरूवार को 04.55 बजे आसनसोल पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04820, आसनसोल-जोधपुर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 16.04.26 से 30.04.26 तक (03 ट्रिप) आसनसोल से प्रत्येक गुरूवार को 07.55 बजे रवाना होकर शुक्रवार को 18.45 बजे जोधपुर पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में गोटन, मेडतारोड़, ड़ेगाना, मकराना, कुचामन सिटी, नांवा सिटी, फुलेरा, जयपुर बांदीकुई, भरतपुर, इदगाह ,टूडंला, इटावा, गोविन्दपुरी, सुबेदारगंज, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना, फ़तुहा जं., बख्तियारपुर, बाढ़, मोकामा, किऊल, जमुई, झाझा, जसीडीह, मधुपुर एवं चितरंजन स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस गाडी में 01 सैकण्ड एसी, 03 थर्ड एसी, 10 शयनयान, 04 साधारण श्रेणी एवं 02 गार्ड डिब्बें होगें।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार गाडी संख्या 09605, मदार-कोलकाता साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 17.04.26 से 01.05.26 तक (03 ट्रिप) मदार से प्रत्येक शुक्रवार को 10.45 बजे रवाना होकर शनिवार को 21.50 बजे कोलकाता पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09606, कोलकाता-मदार साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 19.04.26 से 03.05.26 तक (03 ट्रिप) कोलकाता से प्रत्येक रविवार को 00.50 बजे रवाना होकर सोमवार को 14.00 बजे मदार पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में किशनगढ, जयपुर , गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, अछनेरा, इदगाह ,टूडंला, इटावा, गोविन्दपुरी, सुबेदारगंज, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, गया, कोडरमा, धनबाद,आसनसोल, दुर्गापुर, खाना जं., बर्धमान, बैण्डेल एवं नैहाटी स्टेशनों पर ठहराव करेगी।इस गाडी में 02 सैकण्ड एसी, 043 थर्ड एसी, 08 शयनयान, 04 साधारण श्रेणी एवं 02 गार्ड डिब्बें होगें।

## डीसीपी रंजीता शर्मा का गर्भवती महिला को छेड़ने के मामले में त्वरित एक्शन, पुलिस ने अपने स्तर पर दर्ज किया मामला

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर में जवाहर सर्किल थाना इलाके में सुनसान इलाके में गर्भवती महिला से छेड़छाड़ करने वाले मामले में जयपुर डीसीपी ईस्ट रंजीता शर्मा ने त्वरित एक्शन लेते हुए इस मामले में न केवल जवाहर सर्किल थाने में मामला दर्ज किया गया है बल्कि मामला दर्ज करने के बाद आरोपी युवक की तलाश में कई टीमों का गठन किया गया खबर लेकर जाने तक पुलिस ने अपनी जांच पड़ताल में सीसीटीवी कैमरे में दर्ज फोटो के आधार पर युवक को चिन्हित भी कर लिया है युवक जवाहर सर्किल थाना इलाके में ही स्थित स्पा सेंटर से जुड़ा हुआ है पुलिस इस युवक तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। जानकारी के अनुसार जवाहर सर्किल थाना इलाके में एक कॉलोनी की गली में सुनसान इलाके में एक युवक ने गर्भवती महिला के साथ छेड़छाड़ की महिला के चिल्लाने पर आसपास के लोग एकत्रित होने लगे तो वह युवक मौके से भाग गया जैसे ही यह मामला पुलिस डीसीपी रंजीता शर्मा तक पहुंचा उन्होंने बिना विलंब किया इस मामले में जवाहर सर्किल थाने को मामला दर्ज करके तुरंत फरार आरोपी को पकड़ने के निर्देश दिए इसके बाद जवाहर सर्किल थाने में अज्ञात युवक के खिलाफ पुलिस ने खुद अपने स्तर पर मामला दर्ज किया और फरार युवक की तलाश में कई टीमों का गठन किया गया है तथा आसपास के इलाके में स्थित सीसीटीवी कैमरे की जांच पड़ताल करते हुए युवक तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है बड़ी बात यह है कि पुलिस ने करीब करीब फरार युवक को चिन्हित भी कर लिया है अब युवक को गिरफ्तार करना बाकी है जिसके लिए पुलिस की टीम जगह जगह ताबिश दे रही हैं इस संवेदनशील मामले में डीसीपी रंजीता शर्मा की वर्किंग स्टाइल लोगों में चर्चा का विषय बनी हुई है क्योंकि इस मामले को लेकर जो गंभीरता डीसीपी ने दिखाई वह वास्तव में काबिले तारीफ है क्योंकि गर्भवती महिला से छेड़छाड़ होना निश्चित रूप से जयपुर जैसे दुनिया के खूबसूरत शहर की लोकप्रियता पर दाग लगने जैसा है ऐसे में आरोपी युवक को सबक सिखाया जाना बहुत जरूरी है और इसके लिए पुलिस ने आरोपी युवक को दबोचने के लिए जो दृढ़ इच्छा शक्ति दिखाई वह भी काबिले तारीफ है क्योंकि इस मामले में पुलिस ने न केवल आगे बढ़कर मामला दर्ज किया बल्कि आरोपी युवक को पकड़ने के लिए तुरंत ही कई टीमों का गठन करके इलाके में जगह-जगह दबिश देकर और सीसीटीवी कैमरा का रिकॉर्ड देख कर आरोपी युवक को चिन्हित करने का प्रयास किया गया इसमें पुलिस को करीब करीब सफलता भी मिल गई है ।

## पांचवी और आठवीं में सप्लीमेंट्री की परीक्षा में फेल होने पर अगली कक्षा में नहीं मिलेगा एडमिशन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** सरकार ने आरटीई के नो डिटेंशन पॉलिसी नियम में संशोधन करते हुए क्लियर किया है कि अब पांचवी और नवमी की कक्षा में सप्लीमेंट्री में फेल होने वाले विद्यार्थियों को अगली कक्षा में एडमिशन नहीं दिया जाएगा उसे वापस अपनी पिछली कक्षा में ही पढ़ाई करनी होगी, जानकारी के अनुसार अब से पहले पांचवी और आठवीं की कक्षा में सप्लीमेंट्री में फेल होने वाले विद्यार्थियों को अगली कक्षा में एडमिशन दे दिया जाता था अगर कोई पांचवी कक्षा की सप्लीमेंट्री में फेल हो जाता था तो उसे छठी क्लास में और अगर कोई आठवीं कक्षा की सप्लीमेंट्री परीक्षा में फेल हो जाता था तब भी उसे 9वीं क्लास में एडमिशन दे दिया जाता था जिसकी वजह से कमजोर स्टूडेंट की कमजोरी दूर नहीं हो पाती थी इस तरह से सप्लीमेंट्री परीक्षा में फेल होने वाले स्टूडेंट बड़ी संख्या में अगले कक्षा में एडमिशन तो ले लेते थे लेकिन उनकी पढ़ाई की कमजोरी दूर नहीं होने की वजह से अगली कक्षा का परीक्षा परिणाम काफी प्रभावित होता था इसलिए इस विषय को सरकार ने काफी गंभीरता से लिया है और अब सप्लीमेंट्री परीक्षा में फेल होने वाले स्टूडेंट को अगली कक्षा की बजाय अपनी पिछली कक्षा में ही पढ़ाई करनी होगी प्रबुद्ध लोगों का भी कहना है कि अगर कोई स्टूडेंट किसी क्लास में फेल हो जाता है तो उसे अगली कक्षा में एडमिशन नहीं दिया जाना चाहिए क्योंकि इससे स्टूडेंट की कमजोरी दूर नहीं हो पाती है और फिर वह अगले कक्षा में भी ठीक प्रदर्शन नहीं कर पाता क्योंकि जब वह अपनी पिछली कक्षा की कमजोरी को ही दूर नहीं कर पाया तो फिर अगले कक्षा में उसकी पढ़ाई कैसे ठीक रह सकती है इसलिए यह जो संशोधन किया गया है यह वास्तव में स्टूडेंटों के भविष्य के लिए और उनकी पढ़ाई के लिए काफी अच्छा कहा जा सकता है क्योंकि इससे फेल विद्यार्थी जब अगले कक्षा में एडमिशन ले लेते हैं तो न केवल अपनी कक्षा का परीक्षा परिणाम अच्छा रह पाता है बल्कि कमजोर स्टूडेंट का प्रदर्शन अगली कक्षा में भी कमजोर ही बना रहता है इसलिए यह नया संशोधन भले ही स्टूडेंट और उनके परिजनों को अच्छा नहीं लगे लेकिन स्टूडेंट के भविष्य और पढ़ाई के लिए यह नया संशोधन काफी अच्छा कहा जा सकता है ।

## *100 से ज्यादा सवालः सुबोध अग्रवाल की आंखें हुई नम, अधिकांश सवालों पर चुप रहे*

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की ओर से 960 करोड रुपए के जल जीवन मिशन घोटाले में अरेस्ट किए गए सेवानिवृत्ति भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सुबोध अग्रवाल से पूछताछ करने के लिए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की जांच टीम ने करीब प्रारंभिक तौर पर 100 से ज्यादा सवाल पहले से ही तैयार कर लिए थे लेकिन पूछताछ के दौरान सुबोध अग्रवाल ने अधिकांश सवालों के तो जवाब ही नहीं दिए बताएं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारी अग्रवाल के सवालों के जवाब देने पर चुप रहने से अपनी जांच को आगे नहीं बढ़ा पा रहे पूछताछ में घोटाले से संबंधित कई बड़े-बड़े सवाल अग्रवाल से पूछे गए लेकिन इन सवालों का जवाब देने के दौरान अग्रवाल की आंखें नाम हो गई और उन्होंने यही कहा कि उन्होंने कोई गड़बड़ी या भ्रष्टाचार नहीं किया भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की जांच टीम ने पूर्व मंत्री महेश जोशी से संबंधित भी तीन-चार सवाल अग्रवाल से पूछे लेकिन जोशी से संबंधित सवालों का भी अग्रवाल ने कोई जवाब नहीं दिया इसके अलावा होटल में रिश्वत की राशि का वितरण, नियम विरुद्ध टेंडर वितरण, जांच कमेटी का गठन इत्यादि कई बड़े विषयों को लेकर अग्रवाल से पूछताछ की गई लेकिन अग्रवाल ने अधिकांश वालों के जवाब में अपनी जुबान को बंद रखा जिस पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों का कहना है कि अग्रवाल जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं पिछले दिनों कोर्ट ने 13 अप्रैल तक अग्रवाल को रिमांड पर भेजा था 13 अप्रैल को फिर अग्रवाल को कोर्ट में प्रस्तुत किया जाएगा और ऐसा माना जा रहा है कि जिस तरह से अग्रवाल ने अब तक पूछताछ में सहयोग नहीं किया है उसे देखते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एक बार फिर से अग्रवाल को रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट में अपील कर सकता है क्योंकि जिस मकसद से भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने पिछली सुनवाई के दौरान अग्रवाल को रिमांड पर लिया था और सवालों की एक बड़ी लिस्ट तैयार की थी उन सवालों के जवाब अग्रवाल से भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हासिल नहीं कर पाया इसलिए जांच भी आगे नहीं बढ़ पाई इसलिए अब एक बार फिर से अग्रवाल को रिमांड पर जरूर लेने का प्रयास किया जाएगा उल्लेखनीय है कि पिछली बार जब अग्रवाल को भ्रष्टाचार निरोधक विभाग ने दिल्ली से अरेस्ट करके जयपुर में कोर्ट में प्रस्तुत किया था कोर्ट परिसर में बातचीत के दौरान अग्रवाल ने कहा था कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की जांच में सहयोग करने के लिए वे बिल्कुल तैयार हैं और उन्होंने कोई गलत काम भी नहीं किया है उन्होंने अपनी 34 साल की सर्विस में कभी भी कोई गड़बड़ी नहीं कि उनकी सर्विस बेदाग रही है लेकिन अब पुलिस रिमांड में जिस तरह से उन्होंने कई सवालों के जवाब नहीं दिए हैं इसके बाद यह माना जा रहा है कि अग्रवाल अपने वकील के कहे अनुसार ही भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की जांच टीम का सामना कर रहे हैं ।

# पीएम मोदी ने तीन तलाक का कानून बनाकर मुस्लिम महिलाओं को इंसाफ दिलाया : मदन राठौड़

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने रविवार को जोधपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिला सशक्तिकरण को लेकर वर्ष 2014 से ही गंभीरता से कार्य कर रहे हैं और महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए मोदी सरकार ने कई बड़ी घोषणाएं और कई बड़े निर्णय लिए हैं जिनका असर पूरे देश में देखने को भी मिल रहा है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुस्लिम महिलाओं को भी तीन तलाक का कानून बनाकर इंसाफ दिलाया है उन्होंने कहा कि पहले ऐसा होता था महिलाओं का इस्तेमाल करके उन्हें बेसहारा अकेला छोड़ दिया जाता था लेकिन पीएम मोदी ने तीन तलाक कानून बनाकर महिलाओं को उनका हक दिलाया है पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के हाल ही के बयानों पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मदन राठौड़ ने कहा कि मेरे बयान को भी मीडिया ने गलत तरीके से समझा और गलत तरीके से प्रस्तुत किया है उन्होंने कहा कि उन्होंने जो कहावत कही थी उसके पीछे भावार्थ यही था कि जो भी करता है वह विधाता करता है लेकिन इस मामले में कुछ मीडियाकर्मी ज्यादा उत्साहित हो गए और उन्होंने उनके बयान को भी गलत तरीके से प्रस्तुत किया एक अन्य सवाल के जवाब में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि महिला आरक्षण बिल पहले लोकसभा में पास हुआ इसके बाद राज्यसभा में पास हुआ और लोकसभा और राज्यसभा में इस बिल के पास करवाने में कांग्रेस पार्टी का भी हाथ था भले ही कांग्रेस पार्टी के मन में कुछ भी चल रहा हो लेकिन लोकसभा और राज्यसभा में कांग्रेस पार्टी ने भी समर्थन किया था अब न जाने क्यों कांग्रेस पार्टी इस बिल को लेकर कई तरह की बातें कह रही है मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं को यह स्पष्ट करना चाहिए कि महिला आरक्षण बिल के समर्थन में कांग्रेस पार्टी है या नहीं इस विषय पर कांग्रेस पार्टी को खुलकर बोलना चाहिए उन्होंने कहा कि कुछ ही दिनों में संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण बिल को लेकर निर्णय होगा बाड़मेर की रिफाइनरी के सवाल के जवाब में पूछे जाने पर मदन राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में शुरू में वर्ष 2007-8 में हमारी पार्टी की सरकार ने इस रिफाइनरी को लेकर निर्णय लिया था बाद में प्रदेश में सरकार बदल गई और फिर तत्कालीन गहलोत सरकार ने अपने अंतिम शासन काल के अंतिम साल के आखिरी के महीना में रिफाइनरी को लेकर खुद की वहवाही लूटने के लिए आधाअधूरा समझौता किया जिसमें राजस्थान सरकार द्वारा 3760 करोड रुपए हर साल आगामी 15 साल तक भुगतान करना सुनिश्चित किया गया यह अपने आप में राजस्थान सरकार के लिए और राजस्थान की पब्लिक के लिए काफी नुकसानदायक समझौता कहा जा सकता है लेकिन प्रदेश में फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद वसुंधरा राज्य सरकार ने इस रिफाइनरी के आकर विस्तार और समझौते को पूरी तरह से बदला और राजस्थान सरकार द्वारा हर साल 3760 करोड रुपए का भुगतान करना सुनिश्चित किया गया था उसे बदलकर 1100 करोड रुपए किया गया इसके अलावा और भी समझौते में बदलाव किए गए और हमारी सरकार ने रिफाइनरी स्थापना का काम शुरू भी किया लेकिन फिर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार आ गई और गहलोत सरकार ने रिफाइनरी के निर्माण को लेकर बिल्कुल भी गंभीरता नहीं दिखाई जिसकी वजह से रिफाइनरी का कार्य ठीक तरह से गति नहीं पकड़ पाया लेकिन वर्ष 2023 में प्रदेश में फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस रिफाइनरी को जल्दी से जल्दी कंप्लीट करवाने के प्रयास युद्ध स्तर पर शुरू की है और इसके लिए मुख्यमंत्री शर्मा ने लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के मंत्रियों के साथ बातचीत की इसी का नतीजा है कि यह रिफायनरी अब बिल्कुल बनकर कंप्लीट हो चुकी है और 21 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका शुभारंभ करने के लिए आ रहे हैं यह रिफाइनरी राजस्थान के विकास के लिए एक बहुत बड़ा माध्यम बनेगी और पश्चिमी राजस्थान में जबरदस्त विकास होगा तथा इस रिफाइनरी से बड़े स्तर पर रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे करीब 90000 मजदूर इस रिफाइनरी में कार्य करेंगे जिससे स्थानीय स्तर पर भी लोगों को यहां रोजगार मिल सकेगा ।

## सम्पादकीय

### बाल तस्करी के जाल पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती, राज्यों की ढिलाई उजागर



इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जिन नौनिहालों को हम देश का भविष्य मानते हैं, उनमें से बहुत सारे बच्चे आज बहुस्तरीय जोखिम के बीच से गुजर रहे हैं। बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों के अनेक रूप के अलावा बाल तस्करी का संजाल आज इस कदर जटिल होता जा रहा है कि इससे निपटना सरकारों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। हालांकि इस अपराध को काबू में करना और बच्चों को इस खतरे से बचाना सरकार की अनिवार्य जिम्मेदारी और सबसे ऊपर की प्राथमिकता में दर्ज होना चाहिए। मगर हालत यह है कि देश के सुप्रीम कोर्ट को इस बारे में केंद्र और राज्य सरकारों को निर्देश देना पड़ रहा है कि वे बच्चों के खिलाफ इस अपराध को गंभीरता से लें। गौरतलब है कि बुधवार को एक याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने देश में बाल तस्करी के बढ़ते मामलों पर गहरी चिंता जताई और कहा कि संगठित गिरोह देशभर में सक्रिय हैं और अगर राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों ने तुरंत प्रभावी कदम नहीं उठाए, तो स्थिति बेकाबू हो सकती है। हैरानी की बात यह है कि बाल तस्करी के फैलते जाल पर शीर्ष अदालत के सख्त रुख के बावजूद कई राज्यों ने अब तक न जरूरी रपट तैयार की है और न ही समितियां बनाई हैं। समस्या की गंभीरता को देखते हुए स्वाभाविक ही सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों के लापरवाह रवैये पर नाराजगी जताई। दरअसल, करीब एक वर्ष पहले अदालत ने अपने एक फैसले में संगठित तस्करी के जाल को तोड़ने के लिए कई संस्थागत सुधारों के निर्देश दिए थे। इनमें तस्करी के मामलों में छह महीने के भीतर हर रोज सुनवाई करना, मानव तस्करी रोधी इकाइयों को मजबूत करना और जांच प्रक्रिया में सुधार करना शामिल था। अदालत ने राज्यों को यह निर्देश दिया था कि वे तस्करी के संभावित संवेदनशील स्थानों की पहचान और निगरानी के लिए राज्यस्तरीय समितियां बनाएं और लापता बच्चों के मामलों को तस्करी मान कर जांच शुरू करें। मगर इस मुद्दे पर राज्य सरकारों के रुख का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि कई राज्यों ने अभी तक तय प्रारूप में रपट तक दाखिल नहीं की है। सरकारी तंत्र में इस इच्छाशक्ति के अभाव और उदासीनता की वजह क्या यह है कि जो बच्चे तस्करी का शिकार हो जाते हैं, उनमें ज्यादातर समाज के गरीब और कमजोर तबके से आते हैं? यह कोई छिपा तथ्य नहीं है कि देश में बाल तस्करी का संकट पिछले कुछ वर्षों के दौरान कितना गहरा गया है। खासतौर पर कोविड महामारी के बाद बच्चों के लापता होने के मामलों में काफी तेजी दर्ज की गई। बच्चों के खिलाफ अपराध के मामले में उत्तर प्रदेश की स्थिति ज्यादा गंभीर है। सही है कि लापता होने वाले तमाम बच्चों में से कइयों को पुलिस खोज लेती है, लेकिन उनमें से बहुतों की कोई खबर नहीं मिलती। सवाल है कि जिन बच्चों को नहीं खोजा जा पाता, वे कहां जाते हैं और उनके साथ क्या होता है। यह समझना मुश्किल नहीं है कि देश भर में जो बच्चे गायब हो जाते हैं, उन्हें बाल मजदूरी से लेकर यौन शोषण और अपराध की दुनिया के अंतहीन दलदल में झोंक दिया जाता है। एक परिवार अपने बच्चे के लापता होने के बाद किस दंश और दुख से गुजरता है, यह शायद बताने की जरूरत नहीं है। मगर कोई भी समाज और सत्ता बच्चों की तस्करी के मुद्दे को लेकर अगर गंभीर नहीं है, तो यह एक तरह से अपने ही भविष्य की त्रासदी को नजरअंदाज करना है। मुंबई में पिछले कुछ महीनो के दौरान एक डिजिटल टूल के दम पर पुलिस अपराधियों से लेकर गायब बच्चों तक को ढूंढने में कामयाब रही है।



## कहानी

### राज हंस की कहानी

राजा का एक बाग़ था। उसके बीच में एक तालाब था। वो तालाब बड़ा भी था और गहरा भी था। उसका पानी ऐसा सफ़ेद था जैसा दूध। उसके किनारे सब्ज़ा था और उस सब्ज़े में रंग-रंग के फूल थे।

राजा अपनी रानी के साथ हर रोज़ शाम को सैर करने आता था। रानी को भी ये बाग़ अच्छा लगता था।

एक दिन रानी ने राजा से कहा, 'राजा जी ये बाग़ अच्छा है। ये तालाब बड़ा है। क्या ही अच्छा हो, आप एक ख़ूबसूरत हंस और एक ख़ूबसूरत हंसिनी पालें। हंस तालाब में तैरेगा और हंसिनी भी तालाब में तैरेगी।'

राजा जी ने कहा, 'बहुत अच्छा, ऐसा ही करेंगे।'

कुछ दिनों के बा'द राजा को एक बड़ा हंस मिला, एक बड़ी हंसिनी मिली। राजा ने उनको बड़े शौक़ से पाला। हंस भी ख़ूबसूरत था और हंसिनी भी ख़ूबसूरत थी। उनके पर ऐसे सफ़ैद थे जैसे बर्फ़। उनकी देख-भाल एक लड़का करता था। उस लड़के का नाम जग्गू था। जग्गू बड़ी होशयारी से उनकी रखवाली करता था।

एक दिन हंसिनी ने एक बड़ा गोल-गोल सफ़ेद अण्डा दिया। वो अण्डा ख़ूबसूरत था। जग्गू ने अण्डा राजा को दिखाया। रानी को दिखाया। दोनों खुश हुए। राजा ने जग्गू को इन'आम दिया। जग्गू भी खुश हुआ। जग्गू एक टोकरा लाया। नर्म-नर्म घास लाया। घास को टोकरे में रखा। फिर टोकरे को एक कोने में हिफ़ाज़त से रखा। हंसिनी ने कुल सात बड़े-बड़े अंडे दिए। जग्गू उनको होशयारी से उठाता और टोकरे में रखे जाता। उनको सजा-सजा कर रखता। पहला अण्डा बीच में रखा। बाक़ी छः अंडे उसके चारों तरफ़ इस तरह रखे जिस तरह नन्हे-मुन्ने बच्चे घेरे का खेल खेलते हैं।

एक दिन हंसिनी अपने अंडे तलाश करने लगी। तलाश करते-करते थक गई मगर उसे न मिले। वो सारा दिन उदास-उदास सी रही। न कुछ खाया न पिया। न अण्डा ही दिया। तालाब के किनारे, परों में मुँह छुपा कर बैठ गई और हंस भी चुप-चाप उसके क़रीब ही क़रीब टहलने लगा। जग्गू समझ गया। वो हंसिनी को अंडों के पास ले गया। हंसिनी उनको देख कर खुश हुई और 'हंस, हंस' बोलने लगी।

हंसिनी उसी दिन से अंडों को सेने लगी। एक महीने तक उन अंडों को सेती रही और हंस टोकरे के चारों तरफ़ फिरता रहा। एक दिन जग्गू सुब्ह-सवेरे उठा। देखा कि मुन्ने-मुन्ने हंस हंस-हंसिनी के पीछे-पीछे चल फिर रहे थे। अब उस तालाब में हँसों का बड़ा सा ख़ानदान हो गया।

बहुत से हंस देख-देख कर खुश होता और जग्गू को इन'आम देता। जब तक राजा जीता रहा यही होता रहा। इस वक़्त भी अगर तुम उस तालाब के किनारे जा कर देखो तो तुमको उस हंस और हंसिनी के बेटे और बेटियों के बच्चे तैरते मिलेंगे। उस तालाब पर उनका राज है और उनका रखवाली करने वाला जग्गू का बेटा भग्गू है।

# अविश्वास के बीच शांति की तलाश



अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच करीब 40 दिन तक जारी लड़ाई को थामने के लिए जो युद्धविराम हुआ, वह बहुत ही नाजुक है। यह आशंका बनी हुई है कि यह कभी भी टूट सकता है। युद्ध विराम की घोषणा के कुछ घंटे बाद ही इजरायल ने लेबनान में हिजबुल्ला को निशाना बनाने के लिए एक बड़ा हमला किया, जिसमें करीब दो सौ से अधिक लोग मारे गए। जो युद्ध विराम हुआ, वह कथित तौर पर पाकिस्तान की मध्यस्थता के चलते हुआ।

वह इस मध्यस्थता का श्रेय लेने की कोशिश कर रहा है और अपने को शांति का वाहक भी बता रहा है, लेकिन वह विवादों के घेरे में आया और उपहास का पात्र भी बना। पाकिस्तान के हिसाब से युद्धविराम के दायरे में लेबनान भी था, लेकिन इजरायल ने इससे इन्कार किया और अमेरिका ने भी। इससे ईरान भड़क गया और उसने समुद्री मार्ग होर्मुज बंद रखने की चेतावनी दी। पाकिस्तान कुछ भी दावा करे, यह साफ है कि वह मध्यस्थ के स्थान पर संदेश वाहक की भूमिका में था।

यह उस पोस्ट से साबित हुआ, जिसमें लिखा था कि पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के लिए जारी की जानी वाली पोस्ट। बाद में यह उजागर भी हुआ कि इस पोस्ट को अमेरिका ने तैयार कर पाकिस्तानी प्रधानमंत्री को भेजा था और इसे खुद राष्ट्रपति ट्रंप ने देखा था। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि पाकिस्तान न केवल अमेरिका और ईरान के बीच संदेशों का आदान-प्रदान कर रहा था, बल्कि चीन के भी संपर्क में था।

चूंकि पाकिस्तान की सीमाएं ईरान से लगती हैं, इसलिए वह यह नहीं चाहता था कि इस युद्ध की आंच उस तक आए या फिर उसकी जमीन का इस्तेमाल अमेरिका करे या उसे सऊदी अरब के बचाव में आगे आना पड़े। दोनों ही सूरतों में उसके ईरान से रिश्ते बिगड़ जाते। पाकिस्तान परमाणु हथियार संपन्न देश अवश्य है, पर उसका कूटनीतिक प्रभाव और प्रतिष्ठा इतनी नहीं कि वह ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच कोई सुलह-समझौता करा पाए।

इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने इजरायल के खिलाफ एक आपत्तिजनक पोस्ट की, जिसमें लिखा था कि मैं उम्मीद करता हूं कि जिन लोगों ने यूरोपीय यहूदियों से छुटकारा पाने के लिए फलस्तीन जमीन पर कैंसर जैसी विनाशकारी सत्ता (यानी इजरायल) को खड़ा किया, वे नरक में जलें। इजरायल की कड़ी आपत्ति के बाद पाकिस्तानी रक्षा मंत्री को यह पोस्ट डिलीट करनी पड़ी। इस सबके बीच ही पाकिस्तान में अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता हो रही है।

पाकिस्तान के लिए संतोष की बात केवल यह है कि जो युद्ध पश्चिम एशिया के साथ उसे भी बुरी तरह प्रभावित कर रहा था, उसे खत्म करने और किसी समझौते तक पहुंचने के लिए होने वाली बातचीत उसके यहां हो रही है। यदि इस वार्ता में अमेरिका और ईरान के बीच कोई स्थायी समझौता होता है तो उसमें एक बड़ी भूमिका चीन की हो सकती है, क्योंकि उसका ईरान पर अच्छा-खासा प्रभाव है। माना जाता है कि चीन के कहने पर ही ईरान वार्ता के लिए आगे आया। चीन ने अच्छा-खासा निवेश यूएई और खाड़ी के अन्य देशों में किया हुआ है। युद्ध के चलते उसका यह निवेश खतरे में था। इससे चीन चिंतित था और अपने निवेश को सुरक्षित रखने के लिए पर्दे के पीछे से युद्ध विराम के लिए तत्पर था।

फिलहाल इसका आकलन करना कठिन है कि अमेरिका ने इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर जो हमला किया, उससे उसे हासिल क्या हुआ, क्योंकि ईरान में न तो सत्ता परिवर्तन हुआ और न ही उसकी सेना पस्त पड़ी। उलटे वह इजरायल को निशाना बनाने के साथ खाड़ी देशों में हमले करने में जुटा रहा। इससे खाड़ी देश तो संकट में पड़े ही, अमेरिका की भी परेशानी बढ़ी। युद्ध विराम की घोषणा के बाद भी इजरायल लेबनान को इसलिए निशाना बना रहा है, क्योंकि वहां ईरान समर्थित हिजबुल्ला सक्रिय है। वह इजरायल को निशाना बनाता रहता है। पश्चिम एशिया में यहूदियों और मुसलमानों के बीच एक अर्से से बैर व्याप्त है।

ईरान तो इजरायल को दुनिया के नक्शे से ही मिटाने की बात करता है। उसके साथ-साथ पाकिस्तान जैसे अनेक इस्लामी देश इजरायल से घृणा करते हैं, लेकिन कई अरब देशों का उसके प्रति रवैया बदला है। भले ही इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू लेबनान से बातचीत को तैयार हों, लेकिन कहना कठिन है कि वे हिजबुल्ला के प्रति नरमी बरतेंगे। जहां तक अमेरिका की बात है, चूंकि ईरान युद्ध ट्रंप के गले की फांस बन गया है, इसलिए वे इस सैन्य टकराव से निकलने के लिए कोई सम्मानजनक रास्ता तलाश रहे हैं। इसका ही फायदा ईरान उठा रहा है।

ट्रंप के किसी तरह युद्ध से निकलने के संकेत इससे मिलते हैं कि वे लंबे खिंचते इस युद्ध के कारण इतने कुंठित हो गए कि ईरान को गालियां देने पर उतर आए। ट्रंप इसलिए मुश्किल में फंस गए हैं, क्योंकि वे न तो ईरान में सत्ता परिवर्तन करा पाए

*चूंकि पाकिस्तान की सीमाएं ईरान से लगती हैं, इसलिए वह यह नहीं चाहता था कि इस युद्ध की आंच उस तक आए या फिर उसकी जमीन का इस्तेमाल अमेरिका करे या उसे सऊदी अरब के बचाव में आगे आना पड़े। दोनों ही सूरतों में उसके ईरान से रिश्ते बिगड़ जाते। पाकिस्तान परमाणु हथियार संपन्न देश अवश्य है, पर उसका कूटनीतिक प्रभाव और प्रतिष्ठा इतनी नहीं कि वह ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच कोई सुलह-समझौता करा पाए। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने इजरायल के खिलाफ एक आपत्तिजनक पोस्ट की, जिसमें लिखा था कि मैं उम्मीद करता हूं कि जिन लोगों ने यूरोपीय यहूदियों से छुटकारा पाने के लिए फलस्तीन जमीन पर कैंसर जैसी विनाशकारी सत्ता (यानी इजरायल) को खड़ा किया, वे नरक में जलें। इजरायल की कड़ी आपत्ति के बाद पाकिस्तानी रक्षा मंत्री को यह पोस्ट डिलीट करनी पड़ी। इस सबके बीच ही पाकिस्तान में अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता हो रही है।*

*पाकिस्तान के लिए संतोष की बात केवल यह है कि जो युद्ध पश्चिम एशिया के साथ उसे भी बुरी तरह प्रभावित कर रहा था, उसे खत्म करने और किसी समझौते तक पहुंचने के लिए होने वाली बातचीत उसके यहां हो रही है। यदि इस वार्ता में अमेरिका और ईरान के बीच कोई स्थायी समझौता होता है तो उसमें एक बड़ी भूमिका चीन की*

# हाशिये पर स्वास्थ्य, जागरूकता का सवाल

हाल के वर्षों में भारत ने स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन जब हम पिछड़े जिलों में स्वास्थ्य से जुड़ी जागरूकता पर नजर डालते हैं, तो एक अलग ही सच्चाई सामने आती है। अस्पतालों की कमी के साथ स्वास्थ्य संबंधी सामाजिक जागरूकता की कमी, संसाधनों की असमानता और नीतियों के जमीनी क्रियान्वयन की विफलता साफ दिखती है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के आंकड़े बताते हैं कि भारत में स्वास्थ्य और पोषण से जुड़े मुद्दे केवल चिकित्सा सुविधाओं की कमी से नहीं, बल्कि जागरूकता के अभाव से भी गहराई से जुड़े हैं।

यह सर्वेक्षण देश के सात सौ से अधिक जिलों के आंकड़े उपलब्ध कराता है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि स्वास्थ्य को लेकर असमानता केवल राज्यों के बीच ही नहीं, बल्कि जिलों के भीतर भी मौजूद है। यदि हम बिहार जैसे राज्य को देखें, तो स्थिति बेहद चिंताजनक है। यहां लगभग 84 फीसद आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है, जहां स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच सीमित है। लगभग 39 फीसद परिवारों के पास शौचालय की सुविधा नहीं है, जिससे खुले में शौच जैसी समस्याएं बनी रहती हैं, जो सीधे तौर पर संक्रमण से जुड़ी हैं।

यही नहीं, बच्चों में कुपोषण की स्थिति भी गंभीर है, लगभग 43 फीसद बच्चे बौने हैं। यह केवल भोजन की कमी नहीं, बल्कि पोषण संबंधी जागरूकता की कमी को भी दर्शाता है। बिहार के सीमांचल (कटिहार, किशनगंज, पूर्णिया) या झारखंड के गुमला और सिमडेगा जैसे जिलों में एक समान व्यवहार दिखता है, लोग बीमारी को तब तक गंभीर नहीं मानते, जब तक वह असहनीय न हो जाए। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के सोनभद्र, चित्रकूट, बांदा, अलीराजपुर और मंडला जैसे जिलों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की स्थिति भी आज चिंता का विषय है।




राष्ट्रीय सर्वेक्षण के अनुसार, कई महिलाओं को प्रसव पूर्व देखभाल नहीं मिल पाती। बिहार में लगभग अठारह फीसद महिलाओं ने गर्भावस्था के दौरान कोई चिकित्सा देखभाल नहीं ली। राजस्थान की तस्वीर और ज्यादा जटिल है। टीकाकरण में सुधार हुआ है, लेकिन जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। तीस वर्ष से अधिक आयु के लगभग बीस फीसद लोग मधुमेह या उच्च रक्तचाप से ग्रस्त हैं, लेकिन उनमें से बहुत कम लोग नियमित उपचार कराते हैं।


झारखंड और मध्य प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में पारंपरिक मान्यताओं तथा आधुनिक चिकित्सा के बीच दूरी अब भी बनी हुई है। कई बार लोग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक नहीं पहुंचते और स्थानीय उपचारों पर निर्भर रहते हैं, जिससे तपेदिक, मलेरिया और खून की कमी जैसी बीमारियां लंबे समय तक छिपी रहती हैं। देश में यह संकट दोतरफा रूप में सामने आता है- एक ओर कुपोषण, दूसरी ओर नई जीवनशैली से होने वाली बीमारियां। यदि वैश्विक तुलना करें, तो जापान, फिनलैंड और आस्ट्रेलिया जैसे देशों में लोग नियमित जांच, संतुलित आहार और निवारक स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान देते हैं। इसके विपरीत भारत में स्वास्थ्य को अक्सर अंतिम प्राथमिकता दी जाती है। आज के परिदृश्य में इस संदर्भ में एक नया आयाम जुड़ रहा है, वह है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता। सवाल यह है कि क्या एआइ स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ाने में मदद कर सकता है, खासकर उन ग्रामीण क्षेत्रों में जहां जानकारी की सबसे ज्यादा कमी है?

*बिहार में लगभग अठारह फीसद महिलाओं ने गर्भावस्था के दौरान कोई चिकित्सा देखभाल नहीं ली। राजस्थान की तस्वीर और ज्यादा जटिल है। टीकाकरण में सुधार हुआ है, लेकिन जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। तीस वर्ष से अधिक आयु के लगभग बीस फीसद लोग मधुमेह या उच्च रक्तचाप से ग्रस्त हैं, लेकिन उनमें से बहुत कम लोग नियमित उपचार कराते हैं।*

*झारखंड और मध्य प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में पारंपरिक मान्यताओं तथा आधुनिक चिकित्सा के बीच दूरी अब भी बनी हुई है। कई बार लोग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक नहीं पहुंचते और स्थानीय उपचारों पर निर्भर रहते हैं, जिससे तपेदिक, मलेरिया और खून की कमी जैसी बीमारियां लंबे समय तक छिपी रहती हैं। देश में यह संकट दोतरफा रूप में सामने आता है- एक ओर कुपोषण, दूसरी ओर नई जीवनशैली से होने वाली*

# युद्धविराम पर टिका आर्थिकी का भविष्य

अमेरिका-ईरान के बीच हुए दो सप्ताह के युद्धविराम से भारत को बड़ी आर्थिक राहत मिलती दिख रही है। शेयर बाजार में तेजी आने के साथ डालर की तुलना में रुपये को मजबूती मिली है। चूंकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की आपूर्ति श्रृंखला को सामान्य होने में समय लगता है, इसलिए भारत को अभी युद्धविराम के आर्थिक लाभ मिलने में समय लग सकता है, लेकिन निश्चित रूप से इस युद्धविराम से भारत के गोल्डीलाक्स (तेज विकास और महंगाई नियंत्रण) के आर्थिक दौर को बचाए रखने में मदद मिलेगी। हाल में विश्व बैंक ने मजबूत घरेलू गतिविधियों के मद्देनजर भारतीय अर्थव्यवस्था को पूरे दक्षिण एशिया में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाली



अर्थव्यवस्था कहा है। आरबीआइ ने भी अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत ब्याज दरों (रेपो रेट) को 5.25 प्रतिशत के स्तर पर यथावत रखते हुए सस्ते कर्ज की राह पर चलते हुए विकास दर में बढ़ोतरी का अनुमान लगाया है। हालांकि अभी भी चिंता के कुछ बादल मंडरा रहे हैं। जहां युद्धविराम को लेकर अमेरिका और ईरान द्वारा प्रस्तुत की जा रही अलग-अलग शर्तें दोनों में अविश्वास को दर्शा रही हैं, वहीं इजरायल ने कहा है कि लेबनान में युद्धविराम लागू नहीं होगा। इससे जाहिर होता है कि पश्चिम एशिया में युद्ध की चिंगारी अभी पूरी तरह शांत नहीं हुई है। ऐसे में भारत सरकार को राहत और सुधारों को तेजी से लागू करने की बहुआयामी रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। पिछले दिनों वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों एवं वैश्विक संगठनों की रिपोर्ट में लगातार भारत की विकास दर में कमी और महंगाई के बढ़ने के अनुमान प्रस्तुत किए जा रहे थे। वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने कहा था कि ऊर्जा कीमतों और आपूर्ति श्रृंखला में बाधाओं के कारण भारत की विकास दर धीमी हो सकती है और आर्थिक दबाव बढ़ सकता है। निजी खपत में कमी, औद्योगिक गतिविधियों में नरमी और उच्च लागत के कारण निवेश की गति धीमी पड़ सकती है, जिससे विकास दर प्रभावित होगी। रेटिंग्स ने भारत की विकास दर के अनुमान को घटाते हुए चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए छह प्रतिशत कर दिया, जो पहले 6.8 प्रतिशत आंका था।

# सोलर लाइटें बनी कबाड़, अंधेरे में डूबे गांव!

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** पंचायत समिति क्षेत्र की बामनेरा ग्राम पंचायत में विकास के दावों की पोल अब सरेआम खुल रही है। जिन सोलर लाइटों से गांवों को रोशन करने के बड़े-बड़े वादे किए गए थे, वे आज लंबे समय से बंद पड़ी हैं और कबाड़ में तब्दील होती जा रही हैं। हालात इतने खराब हैं कि पोयणा, बामनेरा और धनापुरा गांवों में गलियों से लेकर मुख्य सड़कों तक अंधेरा पसरा हुआ है, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

**कागजों में 'रोशनी', जमीन पर अंधेराः**
ग्राम पंचायत द्वारा लाखों रुपए खर्च कर लगाई गई सोलर लाइटें आज पूरी तरह निष्क्रिय हैं। अधिकांश लाइटें या तो खराब होकर लटक रही हैं या महीनों से बंद पड़ी हैं।




रखरखाव के अभाव में पूरी योजना दम तोड़ती नजर आ रही है, जिससे साफ है कि विकास सिर्फ कागजों तक सीमित रह गया है।

**धार्मिक आयोजन सिर पर, फिर भी अंधेरे में गांवः**
ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए बताया कि गांव पोयणा में आगामी 21 व 22 अप्रैल को बड़ा धार्मिक आयोजन होने वाला है, लेकिन इसके बावजूद सोलर लाइटों की मरम्मत तक नहीं करवाई गई। जब गांव में मेहमान आएंगे तो क्या अंधेरे में स्वागत करेंगे? '– ग्रामीणों ने सवाल उठाया।

**जवाबदेही पर खड़े हुए सवालः**
सवाल यह उठ रहा है कि जब योजनाओं पर लाखों रुपये खर्च किए गए, तो उनकी निगरानी और रखरखाव की जिम्मेदारी किसकी है? क्या पंचायत और संबंधित अधिकारी केवल योजनाएं शुरू कर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो जाते हैं? सभी खराब सोलर लाइटों की तुरंत मरम्मत हो, जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए, लापरवाही पर सख्त कार्रवाई हो,वभविष्य में नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, इस प्रकार उन्होंने आवाज उठाई हैं।

### शिकायतें दरकिनार, सिस्टम बेखबरः

ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार पंचायत को शिकायत दी गई, यहां तक कि मीडिया में खबरें भी प्रकाशित हुईं, लेकिन जिम्मेदारों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। एक ग्रामीण ने आक्रोश में कहा कि रात में निकलना खतरे से खाली नहीं है, हादसे होते-होते बचते हैं, फिर भी कोई सुनवाई नहीं। '

### महिलाओं-बच्चों की सुरक्षा पर खतराः

अंधेरे के कारण सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को हो रही है। रात के समय आवाजाही जोखिमभरी बन चुकी है, जिससे ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल है।

## भैरुखैजडा में विशेष वृद्धजनो का सम्मान समारोह



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निस)।** रामपुरा डाबडी तहसील के ग्राम भैरुखैजडा (लुनियावास)में भैरुजी मन्दिर प्रांगण में सेवानिवृत्त शिक्षक पूरणमल बलाई की ओर से वृद्धजन सम्मान समारोह के साथ तीन सिमेंटेड कुर्सियों का लोकार्पण कर सप्रेम भेंट की। समारोह में मुख्य समाजसेवी, भामाशाह व वरिष्ठ वृद्धजनो का राजस्थानी परम्परा के साथ माला - साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रशासक रोहिताश भुमला, पंचायत समिति सदस्य रामरतन रिया,प्रशासक राजकुमार खोवाल, पुर्व सरपंच कल्याण सहाय शर्मा, सुरेंद्र चौधरी, वार्डपंच महादेव मण्डोलिया, जगदीश बरवड़, लक्ष्मण सराधना, गुमान बरवड़, राजपाल बरवड़, मनीष बरवड़, गोवर्धन चौधरी, शंकर जाट, बाबूलाल जाट (ई मित्र), मांगी लाल बरवड़, बद्रीनारायण बरवड़, बलदेव बरवड़, मौहन चौहान, पवन सुटवाल, शिवराज उदय, सुजाराम गठाला, कैलाश रिया, लालचन्द मीणा, जगदीश जीतरवाल,ओमप्रकाश मण्डोलिया, मंगल चन्द लील, भगवान सहाय मण्डोलिया, सरदारमल गुर्जर, किशनलाल खोवाल, बंशीधर बुनकर, मौहन चौहान, शंकर मण्डोलिया,सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## महिलाओं से छेड़छाड़ का महिला कांग्रेस ने जताया विरोध



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** जयपुर में दो दिन पहले मोटरसाइकिल सवार युवती के साथ हुई छेड़छाड़ की घटना को लेकर रविवार को महिला कांग्रेस ने कड़ा विरोध जताया। महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर मुहाना थाने पहुंचकर थाना इंचार्ज को ज्ञापन सौंपा और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। महिला कांग्रेस की प्रतिनिधियों ने कहा कि जयपुर में लगातार महिलाओं के साथ अपराध की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जो बेहद चिंताजनक है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि इस मामले में शामिल आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर कठोर सजा दी जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शहर में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो महिला कांग्रेस आंदोलन को और तेज करेगी। थाना इंचार्ज ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है और ऐसे मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहीं और उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर ठोस कदम उठाने की मांग दोहराई।

## चौमूं में होम्योपैथिक दिवस मनाया



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** चौमूं शहर के राधास्वामी बाग जयपुर रोड स्थित केशरी होम्योपैथिक हॉस्पिटल में विश्व होम्योपैथिक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हॉस्पिटल निर्देशक डॉ .दिनेश श्योराण ने होम्योपैथी के जनक डॉ. सेमुअल हेनीमेन के चित्र पर माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित की। डॉ. दिनेश श्योराण ने बताया कि 10 अप्रैल को डॉ. सेमुअल हेनीमेन का जन्मदिवस विश्व होम्योपैथी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इनका जन्म 10 अप्रैल 1755 ईस्वी में हुआ था। यह दिवस समग्र प्राकृतिक स्वास्थ्य देखभाल में होम्योपैथिक की भूमिका और चिकित्सा में इसके योगदान के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देता है। होम्योपैथी दवाओं से कोई दुष्प्रभाव नहीं होता है। इस मौके डॉ.आरसी यादव, डॉ. तरुण कुमावत, डॉ. महेश दुसाद, भास्कर जांगिड़, विनोद यादव, औमप्रकाश बुनकर, प्रहलाद शेरावत सहित स्टाफ मौजूद रहे।

## धौलपुर में सड़क हादसाः घायल महिला शिक्षक की इलाज के दौरान मौत

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** सदर थाना क्षेत्र में 9 अप्रैल को हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला शिक्षक की आगरा के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका की पहचान 52 वर्षीय योगेश्वरी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, हादसे के दिन योगेश्वरी अपने पति अतुल शर्मा के साथ सरानी स्थित स्कूल जा रही थीं। अतुल शर्मा कोर्ट में बाबू के पद पर कार्यरत हैं। जैसे ही वे अस्पताल चौराहे के पास पहुंचे, सामने से आ रही एक बाइक से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में पति-पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत आगरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान योगेश्वरी ने दम तोड़ दिया। वहीं उनके पति अतुल शर्मा का इलाज अभी जारी है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पचगांव चौकी पर तैनात एएसआई अरुण शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

## निशुल्क परामर्श शिविर आयोजित, 168 यूनिट रक्तदान



जयपुर टाइम्स

**चौंमू(निस)।** जयपुर रोड स्थित शिव धारा हॉस्पिटल में रामदेव मेमोरियल संस्थान के पूर्व सरपंच रामदेव यादव की पंचम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में कुल 168 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पूर्व सरपंच रामदेव यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में आरएलपी प्रदेश महामंत्री छुट्टन यादव सहित कई लोग मौजूद रहे। शिविर के दौरान मरीजों को निशुल्क परामर्श एवं इलाज किया गया। मेमोरियल संस्थान के संचालक डॉ. रामनारायण यादव के नेतृत्व में चिकित्सालय की टीम ने 150 से अधिक मरीज को निशुल्क परामर्श व उपचार प्रदान किया। अस्पताल निर्देशक सीमा यादव ने अतिथियों और रक्तदाताओं का स्वागत किया। शिविर में चिकित्सकों की टीम में डॉ. योगेश यादव, डॉ. हनुमान बराला, डॉ. प्रदीप यादव, डॉ. एन.सी. निठारवाल, डॉ. पी. डी. यादव ने अपनी सेवाएं दी। इस मौके पर जगदीश यादव यादव समाज अध्यक्ष, सुभाष यादव, श्रवण यादव, भगवान सहाय घासिल, नंदकिशोर यादव, एडवोकेट एडवोकेट हेमराज यादव, रोहित यादव, दीपक शर्मा, एडवोकेट धीरेंद्र सैनी, अभिषेक सैनी वरिष्ठ कांग्रेस नेता, सुषमा यादव महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव सहित अन्य समाज रक्तदान शिविर में उपस्थित रहे।

## श्री महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण संस्थान ने निकाला विजय जुलूस



जयपुर टाइम्स

**चौमू(निस)।** चौमूं तहसील के ग्राम महारकलां में समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर श्री महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण संस्थान ने बोर्ड टोपर्स का विजय जुलूस निकाला। सामोद थानाधिकारी गोपीचंद ने विजय जुलूस को गणेश मंदिर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। विजय जुलूस सामोद गांव के मुख्य मार्गो से होकर गुजरा। कई जगहों पर प्रतिभावान छात्र छात्राओं को माला व साफा पहनाकर अभिभावक व ग्रामवासियों ने स्वागत सत्कार किया। दसवीं व बाहरवीं बोर्ड परीक्षा में टॉपर रहे योगेश शर्मा 98.80', प्रियंका रैबारी 96.50', कृतिका पिंगोलिया 95.67', हंसा रैबारी 95.00' ,मुस्कान यादव 94.40', रेखा यादव 93.20' ,प्राची अग्रवाल 93.00' व आरव बेनिवाल 91.83' के सर्वश्रेष्ठ परिणाम की खुशी में सामोद खिलारियों की कोठी पर महिलाओं ने डीजे की धुन पर नृत्य किया। संस्था निदेशक रामलाल सैनी की कडी मेहनत व संघर्ष को देखकर पूर्व सरपंच भगवान सहाय गिरणा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने साफा पहनाया। विजय जुलूस का कारवां पंचवटी आश्रम पर पहुंचा ओर आश्रम के तपस्वी महन्त श्याम दास त्यागी महाराज ने छात्र-छात्राओं को आशिर्वाद प्रदान किया। विजय जुलूस के महारकलां बस स्टैण्ड पहुचने पर ज्योति फाउंडेशन संयोजक के नेतृत्व में मिठाई खिलाकर छात्र-छात्राओं का हौसला आफजाई की। धवली, महार खुर्द व बरवाडा गांव में रैबारी समाज ने प्रतिभावान छात्रा प्रियंका रैबारी, हंसा रैबारी व प्राची अग्रवाल को सम्मानित किया। भामाशाह मुकेश शर्मा ने परमानपुरा, जगतपुरा, गुलाबबाडी, नयाबास रूडंल व कानपुरा गांव में पहुंचा। कानपुरा में बालाजी कनस्ट्रक्शन ग्रुप की ओर से प्रतिभावान छात्र छात्राओं के सम्मान में जाटावाली डेहरा गांव में भी पुष्प वर्षा की गई। सैकडों वाहनों के साथ चले हजारो बच्चे काफिले के साथ शाम 5 बजे पुनः श्री महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण संस्थान में पहुचें।
इस अवसर पर संस्था निदेशक रामलाल सैनी ने कहा कि आज बडे हर्ष का दिन है महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर प्रतिभावान बच्चो के उत्कृष्ट परिणाम पर विजय जुलूस रखा गया। विजय जुलूस में अभिभावक व ग्रामवासियों द्वारा बहुत ही शानदार मान सम्मान मिला। इस मौके पर संस्था के समस्त विद्यार्थियो सहित स्टाफकर्मी मौजूद रहे ।

## भामाशाह रोहित प्रजापत ने बदली स्कूल की तस्वीर, आईसीटी लैब का भव्य उद्घाटन



जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय विराटनगर में आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देते हुए आई सी टी लैब के कक्षा कक्ष का नवीनीकरण स्थानीय भामाशाह व व्यवसायी रोहित प्रजापत ने करवाया गया। उनके इस सराहनीय योगदान से विद्यालय में डिजिटल शिक्षा की दिशा में एक नई शुरुआत हुई है।रोहित प्रजापत ने स्वयं फीता काटकर नव-निर्मित लैब का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में विशेष रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल, अजय जैन, रामस्वरूप घांघल व विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल जेवरिया सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने रोहित प्रजापत के इस योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे भामाशाहों के सहयोग से ही शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव संभव हो पा रहा है।प्रधानाचार्य अनिल जेवरिया ने आभार व्यक्त करते हुए बताया कि इस नवीनीकरण से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक के साथ पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा, जिससे उनका भविष्य और बेहतर बनेगा। उन्होंने बताया कि रोहित प्रजापत का यह प्रयास न केवल विद्यालय के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आया है।

## मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने 'लखपति दीदियों' से किया संवाद, महिला सशक्तिकरण को मिली नई दिशा




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने रविवार को राजीविका मिशन के तहत कार्यरत 'लखपति दीदियों' से संवाद कर महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण संदेश दिया। इस संवाद कार्यक्रम में प्रदेशभर से करीब 150 लखपति दीदियों ने भाग लेकर अपनी सफलता की कहानियां साझा कीं और आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़े अनुभव एवं सुझाव प्रस्तुत किए। मुख्य सचिव ने महिलाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से जुड़ी महिलाएं न केवल अपने जीवन को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही हैं, बल्कि अपने गांव और समुदाय के समग्र विकास में भी अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि राजीविका मिशन के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण, वित्तीय समावेशन, बाजार से जुड़ाव और डिजिटल साक्षरता जैसे प्रयासों से महिलाओं के लिए नए अवसर सृजित हो रहे हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इन योजनाओं के प्रभाव से राजस्थान में 'लखपति दीदियों' की संख्या लगातार बढ़ रही है, जो राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का कार्य कर रही हैं। मुख्य सचिव ने महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपनी सफलता की कहानियां अन्य महिलाओं तक पहुंचाएं, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इस अभियान से जुड़कर आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए हर संभव सहयोग और नीतिगत समर्थन देती रहेगी। ग्रामीण विकास विभाग एवं राजीविका के माध्यम से संचालित इस पहल का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को उद्यमी बनाना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करना है। यह संवाद कार्यक्रम न केवल महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला साबित हुआ, बल्कि ग्रामीण विकास, आर्थिक सुदृढ़ता और विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में भी सामने आया।

## पालड़ीजोड़ में नेकुआ हनुमानजी मंदिर वार्षिकोत्सवः ध्वजारोहण के साथ उमड़ा आस्था का सैलाब

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** एनएच-62 स्थित पालड़ीजोड़ के नेकुआ हनुमानजी मंदिर में रविवार को वार्षिकोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। संत तुलसीदास महाराज के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने हनुमानजी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मंदिर शिखर पर



ध्वजारोहण रहा, जिसमें रवि मेवाड़ा सहित लाभार्थियों ने गाजे-बाजे और जयकारों के बीच ध्वजा चढ़ाई। इस दौरान 'जय श्री राम' और 'हनुमानजी की जय' के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। पूजा-अर्चना के बाद भोग लगाकर प्रसादी वितरित की गई। कार्यक्रम में हरिशंकर मेवाड़ा, अनोपसिंह रामपुरा, गणेशमल कुमावत, कानाराम सुथार, अल्केश परिहार सहित आसपास के कई गांवों के श्रद्धालु उपस्थित रहे।
वार्षिकोत्सव का यह आयोजन क्षेत्र में आस्था, एकता और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक बनकर सामने आया।

# नाहरगढ़ जैविक उद्यान में टाइगर सफारी बनी आकर्षण का केंद्र

### व्हाइट टाइगर भीम व गोल्डन टाइग्रेस स्कंधी सेलानियों से मुखातिब

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजधानी जयपुर के नाहरगढ़ जैविक उद्यान में रविवार को पर्यटकों का सैलाब उमड़ पड़ा। बदलते मौसम के सुहावने मिजाज और छुट्टी के दिन के उत्साह ने पर्यटकों को प्रकृति की गोद में खींच लाया। कुल 1704 पर्यटकों ने नाहरगढ़ जैविक उद्यान का भ्रमण कर वन्यजीवों का नजदीक से अवलोकन किया। इस दौरान लायन सफारी और टाइगर सफारी पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण बनी रहीं। 216-216 पर्यटकों ने दोनों सफारियों का रोमांचक अनुभव प्राप्त किया और शेर व



व्हाइट बाघ भीम व उसकी गोल्डन बहिन बाघिन स्कंधी की चंचल अदाओं को देख उत्साहित हुए। बाघों की गर्जना और शेरों के शाही ठाठ ने पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।सफेद बाघ की राजस्थान की पहली सफारी बना नाहरगढ़ जैविक उद्यान

नाहरगढ़ जैविक उद्यान में संचालित दो प्रमुख सफारियां - टाइगर सफारी और लायन सफारी - इन दिनों जयपुरवासियों और बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिए बड़ी आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। शहर के मध्य में प्राकृतिक हरियाली और वन्यजीवों का यह संगम, लोगों को पारिवारिक सैर और रोमांच का अनूठा अनुभव प्रदान कर रहा है।लोग सफेद टाइगर को सफारी में देखकर अभिभूत हुए। राजस्थान की एक मात्र सफेद बाघ की सफारी में पर्यटक आज सफेद बाघ उसकी गोल्डन बहिन स्कंधी की अठखेलियां देख रोमांचित नजर आए। उप वन संरक्षक विजयपाल सिंह के निर्देशन में पर्यटकों की सुरक्षा, सुविधाओं और प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एसीएफ देवेंद्र सिंह राठौड़ रेंजर शुभम शर्मा ने रविवार को सफारियों की सघन मॉनिटरिंग की और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसीएफ देवेन्द्र सिंह राठौड़ की देखरेख में टूरिज्म मैनेजमेंट टीम की ओर से सफारी संचालन और भीड़ नियंत्रण की प्रभावी व्यवस्था की गई। पर्यटकों को टिकटिंग, वाहन सुविधा, दिशा-निर्देश और सफाई व्यवस्थाओं में पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। इसके साथ ही देवेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि सफेद बाघ भीम और गोल्डन बाघिन स्कंधी को टाइगर सफारी में शिफ्ट किया गया है आज से इन्हें टाइगर सफारी में पर्यटकों के दीदार हेतु छोड़ा गया है पूर्व में इनकी अठखेलियां जैविक उद्यान में ही देखने को मिलती थी अब यह सफारी एरिया को गुलजार करेंगे। वन विभाग की सतत निगरानी और प्रबंधन के कारण नाहरगढ़ जैविक उद्यान आज राज्य के सर्वाधिक लोकप्रिय वन्यजीव पर्यटन स्थलों में शुमार हो गया है। यह न केवल पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है, बल्कि पर्यटकों के लिए शिक्षाप्रद और मनोरंजक अनुभव का केंद्र भी बन गया है। इस कार्य में प्रदीप सैनी,राजाराम मीणा ,विजेंद्र चैधरी, दलीप सिंह शेखावत, कैलाश चन्द्र,सरिता चैधरी, बसंती गुर्जर,विमला मीना, हंसा कुमारी, उमेश वसिष्ठ, संतोष मौर्या, छोटी मीना ,रामलाल सैनी,बनवारी लाल शर्मा, गिरवर सिंह, सुरेश चंद मीना, भंवर सिंह आमला आदि ने व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया।



## 'धड़क' के बाद डिप्रेशन में चली गई थीं जाह्नवी कपूर

फिल्म धड़क की रिलीज से ठीक पहले बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर की मां श्रीदेवी का निधन हो गया था, जिसने उन्हें अंदर तक तोड़ दिया। इस गहरे सदमे और फिल्म के बाद मिली आलोचनाओं ने उन्हें डिप्रेशन की ओर धकेल दिया था। हाल ही में एक पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान जाह्नवी ने अपने दिल की बात खुलकर रखी। उन्होंने बताया कि साल 2018 में ईशान खट्टर के साथ बॉलीवुड में डेब्यू करना उनके लिए भावनात्मक रूप से बेहद भारी था। एक तरफ मां को खोने का दुख था, तो दूसरी ओर बाहर से मिल रही नकारात्मक प्रतिक्रियाएं, जिसने उन्हें मानसिक रूप से कमजोर कर दिया। जाह्नवी ने कहा कि भले ही आज लोग 'धड़क' को सफल फिल्म मानते हैं, लेकिन उनके लिए उस दौर की यादें काफी कड़वी हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि फिल्म के बाद वह डिप्रेशन में चली गई थीं और उन्हें लगने लगा था कि लोग उनसे नफरत करते हैं। उनके मन में यह डर बैठ गया था कि उनका करियर शुरू होने से पहले ही खत्म हो जाएगा। एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि उन्हें हमेशा अपनी मां से हौसला और सराहना मिलती थी। मां के जाने के बाद उन्होंने वही उम्मीद दर्शकों से लगा ली, जो पूरी नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि वह चाहती थीं कि लोग उन्हें तुरंत स्वीकार कर लें, लेकिन ऐसा संभव नहीं था। उनका ध्यान सिर्फ नकारात्मक बातों पर केंद्रित हो गया था, जिसके कारण वह फिल्म की सफलता को भी महसूस नहीं कर पाईं। जाह्नवी ने आगे कहा कि उस समय 'धड़क' बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट साबित हुई थी, लेकिन उन्हें इसका अहसास तक नहीं हुआ। उन्हें लगातार यही लगता रहा कि वह एक खराब कलाकार हैं और लोग उन्हें पसंद नहीं करते। यही नकारात्मक सोच धीरे-धीरे उनकी हकीकत बन गई थी। गौरतलब है कि शशांक खेतान के निर्देशन में बनी 'धड़क' मराठी फिल्म सैराट की आधिकारिक रीमेक थी, जिसने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया था।

## फिल्म नहीं, एक फोटो ने मचा दिया तहलका

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपने पालतू डॉग संग सुख के साथ कुछ बेहद खास तस्वीरें साझा कर फैंस के बीच तहलका मचा दिया है। आमतौर पर दमदार एक्शन हीरो के रूप में दिखने वाले सलमान का यह सादगी और प्यार भरा अंदाज़ वायरल हो गया है। सलमान ने इन तस्वीरों को 3:55 मॉय सुख कैप्शन के साथ पोस्ट किया, जिसमें वे अपने डॉग के साथ सुकून भरे पल बिताते नजर आ रहे हैं।



उनका यह प्राकृतिक और दिखावे से रहित रूप उनकी ऑन-स्क्रीन छवि से बिल्कुल अलग है, जिसे फैंस ने प्योर हैप्पीनेस बताया। इन तस्वीरों में कोई ग्लैमर या शूट नहीं है, बस सलमान की निजी जिंदगी की एक प्यारी झलक है, जिसने लाखों दिलों को छू लिया। सोशल मीडिया पर जहां ग्लैमरस तस्वीरें छाई रहती हैं, वहीं सलमान की ये सादगी भरी तस्वीरें अलग पहचान बना रही हैं। फैंस ने इन पर जमकर प्यार बरसाया है, यह साबित करते हुए कि सच्चे रिश्ते और छोटी खुशियां किसी भी फिल्म प्रमोशन से ज्यादा दिल छू लेने वाली होती हैं।



## असली हीरो कैमरे के पीछे काम करने वाले लोग: सारा

बॉलीवुड की स्पाई थ्रिलर फिल्म धुरंधर- द रिवेंज की सफलता के बाद एक्ट्रेस सारा अर्जुन ने कहा कि किसी भी फिल्म की असली ताकत सिर्फ पर्दे पर नजर आने वाले कलाकार नहीं होते है, बल्कि वे लोग होते हैं जो कैमरे के पीछे रहकर पसीना बहाते हैं। एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट में उन सभी क्रू मेंबर्स के प्रति आभार जताया, जिनकी मेहनत से यह फिल्म ब्लॉकबस्टर बन पाई। सारा अर्जुन ने बताया कि जब वह पहली बार निर्देशक आदित्य धर से मिलीं, तभी उनकी आंखों में सिनेमा के लिए कुछ बड़ा करने का जुनून नजर आ गया था। फिल्म की शूटिंग के दौरान यह विश्वास और मजबूत होता गया। लेकिन जब फिल्म पूरी हुई और उन्होंने पीछे मुड़कर देखा, तो उन्हें एहसास हुआ कि इस सपने को साकार करने में पर्दे के पीछे काम करने वाली एक पूरी टीम की अहम भूमिका रही है। उन्होंने अपने पोस्ट को 'धुरंधर' और 'धुरंधर 2' के उन गुमनाम नायकों को समर्पित किया, जिनका योगदान अक्सर नजरअंदाज हो जाता है। एक्ट्रेस ने सबसे पहले आदित्य धर और उनकी डायरेक्शन टीम का धन्यवाद किया और उन्हें इस प्रोजेक्ट का कप्तान बताया। साथ ही प्रोड्यूसर्स लोकेश धर, ज्योति मैम, जियो स्टूडियोज और बी62 स्टूडियोज की पूरी टीम की सराहना की, जिन्होंने हर चुनौती का सामना करते हुए फिल्म को पूरा किया। सारा ने फिल्म की तकनीकी टीम की भी खुलकर तारीफ की।

उन्होंने डायरेक्टर ऑफ फोटोग्राफी और कैमरा टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने हर फ्रेम में फिल्म की भव्यता और आत्मा को जीवंत किया। कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा और उनकी टीम की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने किरदारों के लिए बिल्कुल सही चेहरों का चयन किया। कॉस्ट्यूम डिजाइनर स्मृति चौहान और मेकअप डिजाइनर प्रीति शील के काम की तारीफ करते हुए सारा ने कहा कि उन्होंने कपड़ों और लुक के जरिए कहानी को और गहराई दी। सारा ने लिखा कि भले ही एक्टर्स को पोस्टर पर जगह मिलती है, लेकिन असल में सिनेमा की रीढ़ यही टीम होती है। इसके अलावा सारा ने म्यूजिक टीम, एडिटर शिवकुमार पणिक्कर, वीएफएक्स टीम और ओजस गौतम के योगदान को भी सराहा।

## लीजा रे को आफरीन-आफरीन गाने से मिली थी पहचान

कनाडा की खूबसूरत एक्ट्रेस और मॉडल लीजा रहे ने मॉडलिंग से करियर की शुरुआत की, बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई। घातक कैंसर जैसी बीमारी को हराया और सरोगेसी के जरिए दो प्यारी जुड़वा बेटियों की मां बनीं। लीजा रे की कहानी सिर्फ सफलता की नहीं, बल्कि हौसले, संघर्ष और जिंदगी से कभी हार न मानने की मिसाल भी है। लीजा रे का जन्म 4 अप्रैल 1972 को कनाडा के टोरंटो में हुआ था। मात्र 16 साल की उम्र में उन्होंने मॉडलिंग की दुनिया में कदम रख दिया। साल 1996 में नुसरत फतेह अली खान के मशहूर गाने आफरीन-आफरीन में उन्होंने पहली बार स्क्रीन पर धमाल मचाया। इसके बाद उन्होंने तमिल फिल्म नेताजी से अभिनय की शुरुआत की। साल 2001 उनके करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ जब उन्होंने आफताब शिवदासानी के साथ हिंदी फिल्म कसूर से बॉलीवुड एंट्री की। इस थ्रिलर फिल्म में उनकी एक्टिंग और खूबसूरती दोनों को खूब सराहा गया। गानों में भी वे काफी प्रभावशाली नजर आईं। इसके बाद साल 2004 में दीपा मेहता की फिल्म वॉटर आई, जो ऑस्कर के लिए नामांकित हुई। इस फिल्म ने लीजा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई और उनकी एक्टिंग स्किल्स को नई ऊंचाई दी। लीजा रे की जिंदगी आसान नहीं रही। साल 2009 में उन्हें मल्टीपल मायलोमा नामक ब्लड कैंसर का पता चला। यह बीमारी बहुत खतरनाक होती है और ज्यादातर लोग इससे हार मान लेते हैं। लेकिन लीजा ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने इलाज कराया और साल 2010 में स्टेम सेल ट्रांसप्लांट कराकर इस बीमारी पर जीत हासिल की। कैंसर से उबरने के बाद भी वे दवाइयों पर निर्भर रहीं, लेकिन अपनी जिंदगी को नई दिशा देने में लगी रहीं। कैंसर पर काबू पाने के बाद लीजा ने बॉलीवुड में वापसी की। साल 2015-2016 में रिलीज हुई फिल्म इश्क फॉरएवर से उन्होंने फिर से दर्शकों का ध्यान खींचा।



इसके अलावा उन्होंने वीरप्पन जैसी फिल्म में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपनी मेहनत और सकारात्मक सोच की वजह से वह आज भी इंडस्ट्री में सक्रिय हैं। निजी जिंदगी में भी लीजा ने कई चुनौतियों का सामना किया। कैंसर के इलाज की वजह से उनकी प्राकृतिक मातृत्व की संभावना प्रभावित हो गई थी। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। साल 2012 में उन्होंने जेसन देहनी से शादी की। इसके बाद दंपति ने सरोगेसी का रास्ता चुना। साल 2018 में जॉर्जिया के टिबिलिसी में सरोगेसी के जरिए उनकी दो जुड़वा बेटियां हुईं, जिनका नाम उन्होंने सूफी और सोलेल रखा। लीजा ने खुद इंस्टाग्राम पर इस खुशी को शेयर किया था। उन्होंने लिखा था कि मां बनने की खुशी शब्दों में बयां नहीं की जा सकती।

## टच बडी में नया पहलू एक्सप्लोर करने का मौका मिला : जोनिता गांधी



डकैत अ लव स्टोरी के गाने के बारे में प्लेबैक सिंगर जोनिता गांधी ने खुलकर बात की है। पवन सिंह के साथ गाए गए नए गाने 'टच बडी' को लेकर जोनिता का मानना है कि इस गाने के जरिए कलाकार के तौर पर एक नए पहलू को एक्सप्लोर करने का मौका मिला। उन्होंने बताया कि यह गाना उनके लिए एक नया और रोमांचक अनुभव था, जिसने उन्हें खास तौर पर आकर्षित किया।

जोनिता गांधी इस समय अपनी कलात्मक यात्रा के एक नए दौर में हैं। वे अब सिर्फ आवाज देने तक सीमित नहीं रहना चाहतीं, बल्कि स्क्रीन पर भी पूरी तरह छा जाना चाहती हैं। 'टच बडी' में उन्होंने न सिर्फ गाया है, बल्कि पूरे आत्मविश्वास के साथ डांस परफॉर्मेंस भी किया है। जोनिता ने कहा, 'यह मेरे लिए बिल्कुल नया अनुभव था। मुझे डांस करना बहुत पसंद है, इसलिए इस गाने की ओर मैं खिंची चली गई। मैंने इसे एक किरदार निभाने के रूप में अपनाया। यह मेरी अपनी असलियत का विस्तार नहीं था, बल्कि एक कलाकार के रूप में मुझे एक नया पहलू एक्सप्लोर करने का मौका मिला।' उन्होंने आगे कहा, 'एक कलाकार के तौर पर मैं खुद के और भी कई पहलुओं को एक्सप्लोर कर रही हूं। अभी और भी बहुत कुछ आने वाला है। मैंने तो अभी बस शुरुआत की है।

अपना प्यार और साथ बनाए रखिएगा।' गाने में जोनिता एक स्टाइलिश, चंचल और आत्मविश्वास से भरपूर अंदाज में नजर आ रही हैं। उनका 'ग्रूव', एटीट्यूड और सहजता इस ट्रैक का मुख्य आकर्षण है। गाने का तेलुगु वर्जन भी रिलीज हो चुका है, जिसमें उनके साथ राम मिरियाला नजर आ रहे हैं। दोनों भाषाओं के कलाकारों के बीच शानदार तालमेल देखने को मिल रहा है। 'टच बडी' गाना फिल्म 'डकैत- अ लव स्टोरी' का गाना है। फिल्म में आदिवि शेष, अनुराग कश्यप और मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन शेनिल देव ने किया है। यह एक बाइलिंगुअल प्रोजेक्ट है, जिसे हिंदी और तेलुगु दोनों भाषाओं में शूट किया गया है। कहानी दो पुराने प्रेमियों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो दोबारा मिलकर कई चोरियां करते हैं।



## बच्चों की मासूमियत ने दिल को छू लिया अमिताभ के, हुए भावुक


सदी के महानायक अमिताभ बच्चन अपने घर 'जलसा' के बाहर हर रविवार फैंस से मुलाकात करने की परंपरा निभाते आ रहे हैं। ऐसी ही एक मुलाकात अमिताभ बच्चन के लिए बेहद भावुक पल लेकर आई, जिसका जिक्र उन्होंने अपने ब्लॉग पोस्ट में किया है। उन्होंने इस दौरान कुछ तस्वीरें भी साझा कीं, जिनमें छोटे-छोटे बच्चे नजर आ रहे हैं, जिनकी मासूमियत ने अभिनेता का दिल छू लिया।

अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में लिखा कि जब वह अपने फैंस से मिले तो उनकी आंखें नम हो गईं। उन्होंने भावुक होकर कहा कि समझ नहीं आता कि उन्होंने ऐसा क्या किया है कि इतने वर्षों बाद भी लोगों का इतना स्नेह और सम्मान उन्हें लगातार मिलता रहता है।


उन्होंने खास तौर पर बच्चों की मासूमियत का जिक्र करते हुए लिखा कि इन नन्हे चेहरों को शायद यह भी नहीं पता कि वे यहां क्यों आए हैं, लेकिन उनके चेहरे की मुस्कान दिल को गहराई से छू जाती है।

उन्होंने आगे चिंता जताई कि जैसे-जैसे ये बच्चे बड़े होंगे, जीवन की सच्चाइयों से उनका सामना होगा, जो आसान नहीं होगा। अभिनेता ने लिखा कि यह सोचकर दुख होता है कि आने वाले समय में दुनिया कैसी होगी और हम अगली पीढ़ी के लिए कैसा समाज छोड़कर जा रहे हैं। उन्होंने इस बात पर भी सवाल उठाया कि क्या ये बच्चे भविष्य की चुनौतियों का सामना कर पाएंगे या नहीं। इसी भावुक पोस्ट के अंत में अमिताभ बच्चन ने अपने एक करीबी रिश्तेदार के निधन की जानकारी भी साझा की। उन्होंने कहा कि इस दुखद खबर ने उनके मन को और अधिक व्यथित कर दिया है और अब केवल शोक ही व्यक्त किया जा सकता है। गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले उन्होंने अपने ब्लॉग में एक 'आलसी' दिन का जिक्र किया था। उन्होंने लिखा था कि बिना किसी खास वजह के दिनभर काम न करने से उन्हें असहज महसूस होता है। नियमित दिनचर्या में बदलाव से उनकी आदतें भी प्रभावित होती हैं।

## भूत बंगला डर के साथ डबल डोज कॉमेडी




अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की बहुप्रतीक्षित हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूत बंगला का ट्रेलर आखिरकार रिलीज़ हो गया है। चार्ट-बस्टर गानों और टीज़र के बाद आया यह ट्रेलर, डर और कॉमेडी का एक शानदार डबल डोज पेश करता है, जो दर्शकों को भरपूर मनोरंजन का वादा कर रहा है। ट्रेलर एक ठोस और दिलचस्प कहानी दिखाता है जहाँ अक्षय कुमार अपनी उसी पुरानी फॉर्म में वापस आ गए हैं जिसमें वो सबसे माहिर हैं। अक्षय, परेश रावल और राजपाल यादव की गोल्डन तिकड़ी के साथ असरानी के कॉमेडी के तड़के ने सबका दिल जीत लिया है। ट्रेलर साबित करता है कि ऐसी कॉमेडी केवल हॉरर-कॉमेडी जॉनर के दिग्गज ही पेश कर सकते हैं, और दर्शक इस अंदाज़ में अक्षय कुमार को काफी मिस कर रहे थे। भूत बंगला 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है, क्योंकि यह 14 साल बाद बॉलीवुड की आइकॉनिक एक्टर-डायरेक्टर जोड़ी, अक्षय कुमार और प्रियदर्शन को वापस ला रही है। बालाजी मोशन पिक्चर्स और केप ऑफ गुड फिल्म्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में अक्षय कुमार, वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू, राजपाल यादव, जीशु सेनगुप्ता और मिथिला पालकर जैसे कलाकार नजर आएंगे।



## पुलिस का किरदार निभाना मेरे लिए स्वाभाविक : कविता कौशिक

ज्वालाबाद शहर की पृष्ठभूमि पर आधारित वेब सीरीज 'कप्तान' में एसएसपी समरदीप सिंह की कहानी को प्रमुखता से दिखाया गया है। सीरीज में कविता कौशिक ने डीएसपी प्रीत का किरदार निभाया है, जो एक सख्त और आत्मविश्वासी महिला पुलिस अधिकारी है। अपने किरदार को लेकर अभिनेत्री ने हाल ही में बातचीत के दौरान बताया कि उन्हें इस भूमिका में ढलने के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ी। उन्होंने कहा कि उनका पारिवारिक माहौल ही पुलिस से जुड़ा रहा है, क्योंकि उनके पिता पुलिस अधिकारी थे। बचपन से उसी वातावरण में पली-बढ़ी होने के कारण यह किरदार उनके लिए बेहद सहज और स्वाभाविक बन गया। उन्होंने यह भी कहा कि चाहे उनका लोकप्रिय किरदार चंद्रमुखी चौटाला हो या फिर डीएसपी प्रीत, पुलिस अधिकारी की झलक उनके अभिनय में अपने आप दिखाई देती है।

अभिनेत्री ने सीरीज की पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें इस प्रोजेक्ट से जुड़ना इसलिए आसान लगा क्योंकि इसके पीछे एक मजबूत टीम थी। उन्होंने निर्देशक, निर्माताओं और प्लेटफॉर्म की तारीफ करते हुए कहा कि जब सभी चीजें सही लगती हैं, तो किसी प्रोजेक्ट को हां कहना मुश्किल नहीं होता। साथ ही उन्होंने अपने सह-कलाकारों की मेहनत और अनुशासन की भी खुलकर प्रशंसा की। शूटिंग के अनुभव पर बात करते हुए कविता ने कहा कि उन्हें व्यक्तिगत तौर पर किसी सीन को करने में ज्यादा कठिनाई नहीं हुई, लेकिन अन्य कलाकारों ने बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी शानदार एक्शन सीन दिए। उनका समर्पण और फिटनेस देखकर वह काफी प्रभावित हुईं और उन्होंने उनसे बहुत कुछ सीखा।

उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि उनकी भूमिका अन्य कलाकारों की तुलना में थोड़ी सहज थी। महिला पुलिस अधिकारियों को कम महत्व दिए जाने के सवाल पर अभिनेत्री ने बेबाकी से कहा कि उन्होंने अपने करियर में कभी खुद को नजरअंदाज महसूस नहीं किया। उनका मानना है कि उन्हें जो भी अवसर मिलता है, वह उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करती हैं और स्क्रीन टाइम के बजाय अपने काम के प्रभाव पर ध्यान केंद्रित करती हैं। इस सीरीज में साकिब सलीम के साथ सिद्धार्थ निगम, कविता कौशिक और अंजुम शर्मा जैसे अनुभवी कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं।

# कलापुरा में क्षत्रिय युवक संघ का चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू, 121 स्वयंसेवकों का तिलक कर स्वागत

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** श्री क्षत्रिय युवक संघ के तत्वावधान में निकटवर्ती कलापुरा स्थित शैतानसिंह के कृषि फार्म पर चार दिवसीय प्राथमिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर प्रमुख महेंद्रसिंह कारोला ने 121 स्वयंसेवकों के ललाट पर तिलक कर एवं प्रार्थना के साथ शिविर की शुरुआत की। इस अवसर पर संबोधित करते हुए कारोला ने कहा कि संघ की ओर से निर्धारित दिनचर्या के अनुसार नियमित अभ्यास के माध्यम से युवाओं में सद्गुणों, संस्कारों एवं क्षत्रियत्व के मूल्यों का विकास किया जाता है। उन्होंने कहा कि भौतिकता के इस दौर में मानवीय मूल्यों के संरक्षण एवं ईश्वरीय भाव को पुनः स्थापित करने के उद्देश्य से ऐसे प्रशिक्षण शिविर अत्यंत आवश्यक हैं। शिविर में रेवत, भागली, कलापुरा, धवला, सियाणा, नारणावास, सरत,



बिबलसर, आकोली, नून, सांगाणा, दहिवा, जीवाणा, सुराणा, जाखड़ी, रतनपुर, देवाड़ा, वाड़का गोगा सहित जालोर क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए 121 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान शौर्य, धैर्य, दक्षता, दानशीलता एवं युद्ध कौशल जैसे गुणों का अभ्यास कराया जा रहा है। सोमवार को स्थानीय राजपूत समाज के प्रबुद्ध जन शिविर का अवलोकन करेंगे और प्रशिक्षण की कार्यप्रणाली को समझेंगे। शिविर में न्यूनतम सुविधाओं के बीच अनुशासित एवं संस्कारमय वातावरण में हो रही गतिविधियों को देखने के लिए समाजजनों को आमंत्रित किया गया है।

## वरिष्ठ स्वयंसेवकों की सक्रिय भूमिका:

संभाग प्रमुख अर्जुनसिंह देलदरी ने बताया कि शिविर में महेंद्रसिंह कारोला, गणपतसिंह भवरानी, नाहरसिंह जाखड़ी, सुमेरसिंह उथमन, ईश्वरसिंह चौरा, जब्बरसिंह लूणा, कल्याणसिंह एवं अरविंद दिग्विजयसिंह सहित कई वरिष्ठ स्वयंसेवक विभिन्न कार्यक्रमों के प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

## राणा सांगा जयंती पर विशेष आयोजन:

रविवार सायंकालीन प्रार्थना सत्र में महाराणा संग्रामसिंह (राणा सांगा) की जयंती मनाई गई। इस दौरान अर्जुनसिंह देलदरी ने उनके संगठन कौशल एवं विदेशी आक्रांताओं के विरुद्ध विभिन्न शक्तियों को एकजुट करने के प्रयासों पर प्रकाश डाला। शिविर व्यवस्थापक माधोसिंह, जितेंद्रसिंह कलापुरा व नारायणसिंह रेवत ने बताया कि यह प्रशिक्षण युवाओं में सात्विकता व श्रेष्ठ संस्कारों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। चार दिवसीय पूर्ण आवासीय शिविर का समापन मंगलवार को विदाई समारोह के साथ होगा।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के मनियां उपखण्ड में शनिवार शाम करीब साढ़े 5 बजे ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दुवाटी रोड निवासी 24 वर्षीय युवक रंजीत पुत्र फ़ैरन सिंह निवासी जमालपुर जो वर्तमान में दुवाटी रोड पर रह रहा था। उसकी दिमागी हालत ठीक न होने के कारण वह घूमते घूमते रेलवे ट्रैक के पास पहुंच गया और हादसे का शिकार हो गया। सूचना मिलते ही मनियां थाना पुलिस और रेलवे पुलिस इंस्पेक्टर राजीव कुमार मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। एएसआई चंद्रभान सिंह ने बताया कंट्रोल रूम से सूचना मिली मस्तराम के ताल के निकट सैयद के पीछे रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया है, मय जाप्ता सहित वहां पहुंचा और मृतक के शव को मनियां सीएससी की मोर्चरी रखवाया। मृतक के भाई किशन कुशवाह ने मर्ग दर्ज करते हुए बताया कि मेरा भाई रंजीत मनिया में फैरी लगाकर सब्जी बेचता था। उसे एक बार बुखार आया था जिसके कारण उसकी दिमागी हालत खराब हो गई। इलाज में काफी पैसे भी खर्च किए, लेकिन दिमाग में बुखार चढ़ जाने के कारण उसने दिमाग का संतुलन खो दिया। वह दिमागी हालत से कमजोर था।

## राजाखेड़ा में संघ की जन गोष्ठी: समरस व संगठित समाज से सशक्त राष्ट्र का आह्वान




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, खण्ड राजाखेड़ा की ओर से पाठशाला उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित प्रमुख जन गोष्ठी प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुई। कार्यक्रम में मातृशक्ति, युवा वर्ग एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही। मुख्य वक्ता प्रांत संघ चालक महेंद्र सिंह मग्गो ने कहा कि संघ का उद्देश्य व्यक्ति निर्माण के माध्यम से समरस, संगठित और आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण करना है। उन्होंने बताया कि समाज में स्थायी परिवर्तन संस्कारित व्यक्तियों से ही संभव है। उन्होंने पंच परिवर्तन—सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, परिवार सुदृढ़ीकरण, स्वदेशी जीवनशैली एवं नागरिक कर्तव्यों के पालन—को राष्ट्र विकास का आधार बताते हुए समाज से इन पर संगठित प्रयास करने का आह्वान किया। मग्गो ने वर्तमान समय में सामाजिक विघटन, बढ़ती व्यक्तिवादिता और नैतिक मूल्यों में गिरावट जैसी चुनौतियों पर चिंता जताते हुए कहा कि इनके समाधान के लिए प्रत्येक नागरिक को जागरूक और उत्तरदायी बनना होगा। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र की शक्ति बताते हुए सकारात्मक दिशा में कार्य करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर जिला संघ चालक राम अख्तियार सिंह ने भी संगठन और समरसता के महत्व पर विचार रखे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता पूजन से हुआ तथा अंत में आरती के साथ समापन हुआ। उपस्थित जनों ने राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## धौलपुर में पुलिस की कार्रवाई: अवैध पिस्टल व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दिहौली थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को पिस्टल व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा एवं वृत्ताधिकारी खलील अहमद के सुपरविजन में थानाधिकारी सुखराम विश्नोई के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार 11 अप्रैल 2026 को पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक अवैध हथियार के साथ क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर जसराम हेड कांस्टेबल मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और मरैना से रैहना माता मंदिर रोड पर रामसिंह का पुरा गांव के पास नाकाबंदी की। पुलिस ने संदिग्ध युवक को पकड़कर तलाशी ली तो उसके पास से एक पिस्टल (एचपीएम 25 बोर) व चार जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी की पहचान पंकज कुमार (22) पुत्र रामअवतार खटीक निवासी रामसिंह का पुरा, थाना दिहौली के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर हथियार जब्त कर लिया। इस संबंध में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर एएसआई राजवीर सिंह द्वारा जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी से हथियारों की खरीद-फरोख्त व अन्य संभावित आपराधिक गतिविधियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

## पुल बनाओ, वरना प्रवेश बंद ': सुमेरपुर क्षेत्र में फूटा जनाक्रोश, ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** पाली जिले के सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र और सिरोही जिले की शिवगंज तहसील से जुड़े गांवों में वर्षों से लंबित पुल निर्माण को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश अब खुलकर सामने आ गया है। कोरटा, नौवीं, सोनपुरा और जोयला नदी पर पुल नहीं बनने से परेशान ग्रामीणों ने सरकार और जनप्रतिनिधियों को दो टूक चेतावनी दी है कि यदि जल्द निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो नेताओं का गांवों में प्रवेश बंद कर दिया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि हर बारिश में ये नदियां उफान पर आ जाती हैं, जिससे दर्जनों गांवों का संपर्क पूरी तरह कट जाता है। मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में भारी दिक्कतें आती हैं, गर्भवती महिलाओं को जान जोखिम में डालकर नदी पार करानी पड़ती है, विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती है और किसानों की उपज बाजार तक नहीं पहुंच पाती। आरोप है कि चुनाव के दौरान पुल निर्माण के बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन चुनाव खत्म होते ही ये घोषणाएं फाइलों में दबकर रह जाती हैं। वर्षों से समस्या जस की तस बनी हुई है गांवों में लगातार बैठकों का दौर चल रहा है और संयुक्त संघर्ष समिति के गठन की प्रक्रिया भी तेज हो गई है। ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि यदि जल्द ही पुल निर्माण की स्वीकृति और कार्य शुरू नहीं हुआ तो व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों की प्रमुख मांगों में कोरटा नदी पर पुल निर्माण की तत्काल स्वीकृति, नौवीं और सोनपुरा क्षेत्र में स्थायी पुल का निर्माण, शिवगंज क्षेत्र की जोयला नदी पर शीघ्र पुल बनाना तथा सभी परियोजनाओं की समयबद्ध कार्ययोजना सार्वजनिक करना शामिल है। सूत्रों के अनुसार, क्षेत्र में जनजागरण अभियान तेज कर दिया गया है और आने वाले दिनों में धरना, प्रदर्शन, घेराव और जनप्रतिनिधियों के बहिष्कार जैसे कदम उठाए जा सकते हैं।

## जेसीसी क्लब के टेस्ट चैंपियनशिप क्रिकेट टूर्नामेंट में जय श्री श्याम क्रिकेट क्लब विजयी

जयपुर टाइम्स




**जालोर(निस)।** जेसीसी क्लब की ओर से आयोजित टेस्ट चैंपियनशिप 2026 आयोजित के फाइनल मुकाबले में टीम श्री श्याम क्रिकेट क्लब ने श्री देवनारायण क्रिकेट क्लब को 4 विकेट से हराया। जेसीसी क्लब के संस्थापक सदस्य एल.आर. सुंदेशा ने बताया कि जालोर शहर स्थित कॉलेज ग्राउंड पर आयोजित हुए टेस्ट चैंपियनशिप 2026 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में टीम श्री श्याम क्रिकेट क्लब ने श्री देवनारायण क्रिकेट क्लब को 4 विकेट से पराजित किया। फाइनल मुकाबले में टीम श्री श्याम क्रिकेट क्लब ने रमेश पारीक की कप्तानी में श्री देवनारायण क्रिकेट क्लब द्वारा दिए गए निर्धारित 282 रनों के लक्ष्य को 29वें ओवर में 4 विकेट शेष रहते हासिल कर लिया। उन्होंने बताया कि श्री श्याम क्रिकेट क्लब की तरफ़ से फाइनल मैच में पिंटू सिंह, प्रशांत चौधरी, संजय दहिया, शैलेश शर्मा ने उम्दा प्रदर्शन किया तो वहीं श्री देवनारायण क्रिकेट क्लब की तरफ से कप्तान किशन सिंह, राहुल स्वामी, किरण राजपुरोहित, सोमेश, कुनाल, संजु, सौरव ने भी बेहतरीन खेल दिखाया।

मैच में निर्णायक की भूमिका यशवंत सैनी व याज्ञवेंद्र सिंह ने निभाई और स्कोरर अशोक माली रहे। इस अवसर पर संजय सिद्धावत, दिनेश जांगिड़, मगन प्रजापत, देवराज माली, संजय मीणा, गजेंद्र सिंह भाटी, सुनिल कपूरिया, विक्रम राजपुरोहित, दिनेश कृपलानी, गजेंद्र सुंदेशा, नरपत जोड़, महावीर मीणा, भरत जोधवानी, अरविंद कुमार, भरत सुंदेशा, अनिल सुंदेशा, प्रकाश, भींवजी, संजय राव, हड़मत सिंह, कश्मीर सिंह, बंटी सिंह, सुरेश, आयुष बजाज, नरपत सुंदेशा, अशोक सैन, राहुल सोनी, गोविन्द, दिलीप, पंकज मीना, नरेश सहित क्रिकेट प्रेमी उपस्तिथ रहे।

## बाड़ी में आर्य समाज का जागरण संदेश: पाखंड व कुरीतियों के खिलाफ शंखनाद

### शेरा गुर्जर व अभिषेक यादव सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/बाड़ी(निस)।** आर्य समाज की ओर से समाज में व्याप्त पाखंड, अंधविश्वास और कुरीतियों के विरुद्ध चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत रविवार को बाड़ी में एक प्रेरणादायक एवं गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय बॉक्सर शेरा गुर्जर एवं जिला कांग्रेस सेवादल के महासचिव अभिषेक यादव को उनके उत्कृष्ट कार्यों व सामाजिक जागरूकता में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार एवं यज्ञ के साथ हुई, जिससे पूरे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक चेतना का संचार हुआ। इसके पश्चात अतिथियों को पगड़ी, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शेरा गुर्जर ने खेल जगत में अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए युवाओं को नशामुक्ति, अनुशासन और सशक्त जीवन के लिए प्रेरित किया है। वहीं अभिषेक यादव समाज सेवा और जनजागरूकता के माध्यम से युवाओं को पाखंड और कुरीतियों के खिलाफ जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। दोनों ही व्यक्तित्व युवा पीढ़ी के लिए आदर्श बनकर समाज में सकारात्मक बदलाव का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। सम्मान ग्रहण करते हुए शेरा गुर्जर ने कहा कि समाज में फैली कुरीतियां हमारी जड़ों को कमजोर कर रही हैं, इसलिए युवाओं को सही दिशा दिखाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल खेल में सफलता पाना नहीं, बल्कि युवाओं को अंधविश्वास और नशे से दूर रखकर जागरूक बनाना भी है। अभिषेक यादव ने अपने संबोधन में कहा कि समाज को सशक्त बनाने के लिए युवाओं का जागरूक होना बेहद जरूरी है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी मिलकर पाखंड और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाएं तथा सत्य, शिक्षा और सेवा के मार्ग पर चलकर एक जागरूक व समृद्ध समाज का निर्माण करें। कार्यक्रम में आर्य समाज के पदाधिकारियों, स्थानीय नागरिकों तथा बड़ी संख्या में युवाओं और खेल प्रेमियों की उपस्थिति रही।

## राजाखेड़ा में गौ सम्मान अभियान की रणनीति तय: 27 अप्रैल को राष्ट्रव्यापी ज्ञापन सौंपने का निर्णय

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/राजाखेड़ा(निस)।गौ** माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर 27 अप्रैल को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी 'गौ सम्मान आवाह्न अभियान' के तहत राजाखेड़ा में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में बिचौला रोड स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में गौ भक्तों एवं सर्व समाज की एक महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 27 अप्रैल को राजाखेड़ा उपखंड स्तर पर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह ज्ञापन उपखंड अधिकारी के माध्यम से राज्यपाल, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति के नाम प्रेषित किया जाएगा। इसके साथ ही जिला स्तर पर जिला कलेक्टर को भी ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में गौ सेवक योगेंद्र सिंह राघव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता कुश राठौर एवं स्कंध वशिष्ठ ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाना करोड़ों लोगों की आस्था और सांस्कृतिक भावनाओं से जुड़ा विषय है। इसके लिए समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर निरंतर प्रयास करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल एक मांग नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक



चेतना से जुड़ा जनआंदोलन है, जिसे लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा। गौ भक्त सड़क से लेकर सदन तक अपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे और जब तक मांग पूरी नहीं होती, तब तक यह अभियान जारी रहेगा। बैठक में धौलपुर जिले से सक्रिय कार्यकर्ता राम शर्मा एवं संत वैष्णवदास विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही शशांक उपाध्याय, विक्की दीक्षित, मानसिंह, विशंभरदयाल शर्मा, राजू तिवारी सहित अनेक गौ भक्त एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

बैठक में सभी उपस्थितजनों ने एकजुट होकर अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और अधिकाधिक लोगों को जोड़ने का आह्वान किया, ताकि यह आंदोलन व्यापक जनसमर्थन के साथ अपने लक्ष्य तक पहुंच सके।

## बाड़ी में बड़ी कार्रवाई: ब्लैक वेन्यू में घूम रहे दो युवक हथियार सहित गिरफ्तार, संगीन वारदात की आशंका

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर/बाड़ी(निस)।** धौलपुर पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ब्लैक वेन्यू कार में सवार दो युवकों को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दो देशी कट्टे, दो जिंदा कारतूस और चार खाली खोखे बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में दोनों किसी संगीन वारदात को अंजाम देने की फिराक में बताए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. कमल कुमार और डीएसपी महेंद्र मीणा के सुपरविजन में बाड़ी कोतवाली थानाप्रभारी देवेंद्र शर्मा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार 11 अप्रैल को गश्त के दौरान डीएसटी प्रभारी प्रेमसिंह चौधरी ने सूचना दी कि दो संदिग्ध युवक काले रंग की कार में रिंग रोड-सैंपऊ रोड क्षेत्र में अवैध हथियारों के साथ घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने रेलवे क्रॉसिंग के पास अठफेरिया रोड पर नाकाबंदी कर दी। नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध कार को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन चालक ने पुलिस को देखकर गाड़ी को एक खेत में उतार दिया, जहां वाहन बंद हो गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों युवकों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर एक आरोपी के पास से एक देशी कट्टा .315 बोर, एक जिंदा कारतूस और दो खाली खोखे बरामद हुए। दूसरे आरोपी के पास से भी एक देशी कट्टा .315 बोर, एक जिंदा कारतूस और दो खाली खोखे मिले। पुलिस पूछताछ में आरोपियों की पहचान सौरव (20) पुत्र अमृतलाल गुर्जर निवासी सैमर का पुरा (हाल सैंपऊ रोड, बाड़ी) तथा दीपक (20) पुत्र केदार सिंह गुर्जर निवासी गजपुरा, थाना सदर बाड़ी के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों के पास हथियार रखने का कोई लाइसेंस या अनुमति नहीं पाई गई।

पुलिस ने दोनों को मौके पर ही गिरफ्तार कर हथियारों को जब्त कर लिया। साथ ही वारदात में उपयोग की जा रही वेन्यू कार को भी जब्त किया गया है।

# धौलपुर में कायस्थ समाज की जिला कार्यकारिणी बैठक

### नवम्बर में राष्ट्रीय स्तर पर युवक-युवती परिचय सम्मेलन का निर्णय




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** श्री चित्रगुप्त समिति (कायस्थ समाज) की जिला कार्यकारिणी की बैठक रविवार को चित्रगुप्त मंदिर, भामतीपुरा धौलपुर में वरिष्ठ शिक्षाविद भूपेंद्र सक्सेना एवं संस्थापक सदस्य योगेश श्रीवास्तव के आतिथ्य तथा जिलाध्यक्ष राकेश चंद श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना से हुआ। इस अवसर पर कायस्थ युवा बोर्ड के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष डॉ. नवनीत श्रीवास्तव का अभिनंदन भी किया गया। जिलाध्यक्ष राकेश चंद श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से 'चित्रांश समागम-2026' के तहत नवम्बर माह में राष्ट्रीय स्तर पर अविवाहित कायस्थ युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस सम्मेलन में राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश एवं एनसीआर सहित विभिन्न राज्यों के युवक-युवतियाँ भाग लेंगे। साथ ही 'रिश्ते-ही-रिश्ते' नामक स्मारिका का प्रकाशन भी किया जाएगा। कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव ने इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान समय में विवाह संबंधों में आ रही चुनौतियों को दूर करने में ऐसे सम्मेलन मील का पत्थर साबित होंगे। पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश श्रीवास्तव (एडवोकेट) ने समाज के लिए सामुदायिक भवन हेतु जिला प्रशासन के माध्यम से भूखंड आवंटन की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं जिला महासचिव विजय श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक में जिले में कायस्थ समाज की जनगणना कराने, पंजीयन कार्यालय में नवीनीकरण कराने एवं वर्ष 2026 के लिए सदस्यता अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में भूपेंद्र सक्सेना, योगेश श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव, गोविंद सक्सेना, अनूप अस्थाना सहित कई वक्ताओं ने समाज के संगठन और विकास पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर सुरेश चंद श्रीवास्तव, प्रमोद श्रीवास्तव, महेश श्रीवास्तव, कमल किशोर श्रीवास्तव, डॉ. सुभाष श्रीवास्तव, भगवत श्रीवास्तव, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, लक्ष्मण माथुर, धर्म प्रकाश सक्सेना, राधेश्याम सक्सेना, अमित श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, जय प्रकाश श्रीवास्तव, चीकू कमठान, अरविंद श्रीवास्तव, दुर्गेश श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव, नारायण प्रसाद श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, निकेश सक्सेना, अनिल श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, जितेंद्र श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, शानू श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे। बैठक में समाज के संगठन को मजबूत करने और युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया गया।

## मनियां में गो सम्मान अभियान को लेकर बैठक: 27 अप्रैल को तहसील स्तर पर ज्ञापन देने का आह्वान




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** उपखण्ड मनियां में रविवार को बिजली घर स्थित हनुमान मंदिर परिसर में 'गो सम्मान आह्वान अभियान' के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संतों एवं गौ सेवकों ने गौ सेवा, सुरक्षा और सम्मान को लेकर व्यापक जनजागरण का आह्वान किया। बैठक में पूर्वी राजस्थान के गो प्रचारक पूज्य संत वैष्णव दास महाराज (वृंदावन), अर्पित पाराशर मंडरायल, तहसील गो प्रचारक रिशांक जैन, सचिन पोसवाल, संदीप पोसवाल एवं सचिन शर्मा ने कहा कि देशी नस्ल की गौ माता भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का मूल आधार है, लेकिन वर्तमान में गोवंश की उपेक्षा चिंताजनक स्थिति में पहुंच गई है। वक्ताओं ने बताया कि बड़ी संख्या में गौवंश निराश्रित होकर सड़कों और राजमार्गों पर भटक रहा है, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। वहीं कई राज्यों में गोवध की अनुमति होने के कारण प्रतिदिन हजारों गौवंश का वध हो रहा है। उन्होंने कहा कि गोशालाओं की संख्या सीमित है और वहां भी पर्याप्त व्यवस्थाओं का अभाव है, ऐसे में केंद्र स्तर पर एक समान और प्रभावी कानून की आवश्यकता है। निर्णय लिया गया कि 27 अप्रैल 2026 को देशभर की प्रत्येक तहसील पर गौ माता के सानिध्य में हजारों गौ भक्त एकत्र होकर हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। इस अवसर पर दीपक पचौरी, गर्व अग्रवाल, गौरव, आशीष पोसवाल, एपेन्द्र गुर्जर, गोपाल पंडित, नीरज कुशवाह, प्रदीप पोसवाल, प्रांशु बंसल, राहुल सिंह, ध्रुव गुर्जर, दुष्यंत पोसवाल, कुनाल जैन, निखिल मुदगल, अमन कटारा, गौरव शर्मा, योगी शर्मा, राम शर्मा सहित बड़ी संख्या में गौ भक्त उपस्थित रहे।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
13 अप्रेल, 2026

## डॉ. जांगिड़ बने अध्यक्ष, डॉ. सक्सेना बनी सचिव




डॉ. एस एन जांगिड़ डॉ. योगिता सक्सेना

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सुजला ब्रांच के चुनाव सम्पन्न हुए हैं। आगामी 2 वर्ष के लिए इलेक्शन कमेटी का गठन किया गया, जिसमें डॉ वीएस घोड़ावत, डॉ एसएन बजाज, डॉ एसके छाबड़ा, डॉ सी आर सेठिया शामिल रहे। कमेटी ने सर्वसम्मति से डॉक्टर एस एन जांगिड़ को अध्यक्ष, डॉ योगिता सक्सेना को सचिव, डॉक्टर पुरुषोत्तम करवा को कोषाध्यक्ष, अनीता जैन को उपाध्यक्ष, डॉ श्रेयांश घोड़ावत को संयुक्त सचिव, डॉ देवेंद्र जैन और डॉक्टर दिलीप सोनी को स्टेट काउंसिल मेंबर चुना। वर्ष भर की योजनाएं जैसे स्वास्थ्य कैंप लगाना, वैक्सीनेशन कैंप लगाना, जन जन तक स्वास्थ्य की जानकारी पहुंचाना, महामारी में उपचार के लिए डॉक्टर अभिषेक शर्मा, डॉ. राधे सांखला को प्रभारी नियुक्त किया गया।

## सगतसिंह की प्रतिमा लोकार्पण के लिए जनसंपर्क तेज: गांव-गांव पहुंचकर कार्यक्रम में आने का आह्वान



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ(निस)।** रतनगढ़ जिला मुख्यालय पर 22 अप्रैल को आयोजित लेफ्टिनेंट जनरल सगतसिंह राठौड़ की प्रतिमा के लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर जनसंपर्क अभियान तेज हो गया है। रविवार को अभियान के छठे दिन भाजपा जिला उपाध्यक्ष भागीरथसिंह घुमांदा एवं युवा नेता पवनसिंह कुसुमदेसर ने तहसील के विभिन्न गांवों का दौरा कर लोगों को कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। जनसंपर्क के दौरान नेताओं ने ठठावता, कादिया, छाबड़ी खारी व मीठी, सांगासर, भींचरी, कुसुमदेसर, फ्रांसा, भुखरेड़ी, दीपसर, कनवारी, मैणासर, रूखासर, राजियासर खारा व मीठा सहित अनेक गांवों में संपर्क किया और ग्रामीणों को कार्यक्रम की जानकारी दी। पवनसिंह कुसुमदेसर ने बताया कि 22 अप्रैल को होने वाले इस भव्य कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहेंगे, जो प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इस दौरान नेताओं ने लेफ्टिनेंट जनरल सगतसिंह राठौड़ के जीवन, शौर्य और देशसेवा के योगदान पर प्रकाश डालते हुए उन्हें युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। नेताओं ने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में भाग लेकर इस ऐतिहासिक अवसर को सफल बनाने की अपील की।

## सांसद राहुल कस्वा ने ली कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय फतेहपुरिया गेस्ट हाउस में शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें चूरू जिला सांसद राहुल कस्वां, चूरू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और विधायक मनोज मेघवाल ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। संगठन बढ़ाओ, संविधान बचाओ अभियान के तहत आयोजित बैठक में जिला प्रभारी दिनेश कस्वा, विकास स्वामी, रामजीलाल, पीसीसी सचिव रामरकण गुलेरिया मंचस्थ रहे, जिनका माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में चूरू जिला सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि पंचायत व निकाय चुनाव समय पर नहीं करवाये जा रहे हैं, जिससे साफ जाहिर है कि सरकार और उससे सम्बंधित लोग लोकतंत्र की किस प्रकार हत्या करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर तक कांग्रेस को मजबूत करना होगा और लोकतंत्र की रक्षा करनी होगी। इस अवसर पर विद्याधर बेनीवाल, नरपत गोदारा, जैसाराम प्रजापत, विजेंद्र सिंह, विकास, केसराराम गोदारा, मोहनलाल मेघवाल, रूपाराम, मनसुख गोदारा, विक्रम राणा, लूणाराम, हनुमान महिया, रामेश्वरलाल दुसाद, रमेश, लक्ष्मीनारायण, रामनारायण सारण, प्रेमसिंह भाटी, भवानीसिंह, मुकेश, रामचंद्र, सुरेद्र राव, तिलोकाराम दूधवाल, पन्नाराम, रामकरण सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन देहात ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र बेनीवाल ने किया।

## महिला अधिवक्ताओं को किया कार्यकारिणी में शामिल

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय अभिभाषक संघ की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार व राजस्थान हाई कोर्ट के आदेश पर अभिभाषक संघ की कार्यकारिणी में महिला अधिवक्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए चर्चा की गई। उपाध्यक्ष एडवोकेट प्रदीप कठातला ने बताया कि अध्यक्ष सूरजमल यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संतोष सोनी एडवोकेट को संघ का प्रवक्ता, एडवोकेट विमल गोदारा को खेल मंत्री, बसंती खेतान को अभिभाषक संघ का सांस्कृतिक सचिव, मधु चोबदार को सह कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्ति सर्वसम्मति से दी गई।

# 75 लाख रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय प्रवासियों की संस्था सुजानगढ़ नागरिक परिषद् कोलकाता की ओर से रविवार को विभिन्न सौजन्य सहयोगियों की ओर से प्रदत्त 75 लाख रूपए के विकास कार्यों का समारोह पूर्वक लोकार्पण हुआ। परिषद् के सचिव सीए आदित्य कोठारी ने बताया कि गोपाल गौशाला में लगभग बीस लाख, सरकारी अस्पताल में पांच लाख और सुजानगढ़ नागरिक परिषद् उच्च माध्यमिक विद्यालय में पचास लाख रूपये के विकास कार्य करवाए गए। गोपाल गौशाला प्रांगण में टीन शेड, फर्श निर्माण कार्य और पर्यावरण संरक्षण कार्य के लोकार्पण मुख्य अतिथि आयुष झंवर ने किया। परिषद् के अध्यक्ष सुनील कुमार डोसी, सचिव सीए आदित्य कोठारी, जगदीश जालान, गौशाला अध्यक्ष माणकचन्द सराफ, मंत्री महावीर बगड़िया मंचस्थ रहे। इसी प्रकार राजकीय बगड़िया चिकित्सालय में कमला देवी, कमलेश, भरत डूंगरवाल की ओर से नवीनीकृत कॉटेज रूम सेक्शन के लोकार्पण संयुक्त निदेशक डॉ. अजय चौधरी ने किया। इस अवसर पर चौधरी ने कहा कि सुजानगढ़ नागरिक परिषद् द्वारा किये जा रहे कार्य महत्वपूर्ण है। पीएमओ डॉ. पुरूषोत्तम करवा ने आभार व्यक्त किया। डॉ. दिलीप सोनी, डॉ. नरेंद्र सिंह राठौड़, डॉ. सुनील मीणा, डॉ. विजय बगड़िया, डॉ. रवीन्द्र कड़ेल, डॉ. ध्रुव चौधरी, डॉ. महिपाल आदि का सुजानगढ़ नागरिक परिषद् के अध्यक्ष सुनील कुमार डोसी व अन्य लोगों ने अभिनंदन किया।इसी प्रकार सुजानगढ़ नागरिक परिषद् उच्च माध्यमिक विद्यालय के नवनिर्मित फर्नीचर युक्त पांच कमरों, बरामदा और टायलेट के डायमंड ब्लॉक उद्घाटन सांसद राहुल कस्वा ने किया। इस अवसर पर कस्वा ने कहा कि शिक्षा के लिए किए जाने वाला हर छोटा-बड़ा कार्य महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने सुजानगढ़ नागरिक परिषद् के जनहित के कार्यों की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय बताया। समारोह के अध्यक्ष क्षेत्रीय विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि परिषद् की हीरक जयंती पर बना यह डायमंड ब्लॉक हमेशा मातृभूमि के प्रति भामाशाहों के समर्पण की याद दिलाता रहेगा। उदघाटनकर्ता बैंगलोर प्रवासी प्रसिद्ध उद्योगपति नरपतसिंह चोरड़िया ने कहा कि मेरे लिए आज का यह दिन बहुत सम्मान और गौरव का हैं। निवर्तमान सभापति नीलोफर गौरी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच, एसीबीओ रणजीत भींचर, ब्रह्मप्रकाश शर्मा आदि ने भी विचार व्यक्त किए। सचिव सीए आदित्य कोठारी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और परिषद् के अध्यक्ष सुनील कुमार डोसी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधालय के प्रधानाचार्य महमूद हसन और स्टॉफ सदस्यों ने सुजानगढ़ नागरिक परिषद् कोलकाता को अभिनंदन पत्र भेंट किया। संचालन साहित्यकार डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने किया। आगन्तुकों का स्वागत सह सचिव सुशील ओसवाल, सुशील कोठारी, राजेश डोसी, खड़ग सिंह बांठिया, अमरसिंह भूतोड़िया, महबूब राव, लक्ष्मण खत्री, भागीरथ गोदारा, पिंकू सराफ, जगदीश जालान, महेश सोमानी, तरूण लोढ़ा, कमल तापड़िया, कैलाश सराफ, विद्याप्रकाश जांगिड, रविकांत मूंधड़ा आदि ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट सहयोगियों और विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता कमल दाधीच, दीनदयाल पारीक सहित अनेक स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## ओसवाल बड़ा बास ट्रस्ट ने किया सम्मान समारोह का आयोजन, भामाशाहों का सम्मान

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के ओसवाल बड़ा बास पंचायती ट्रस्ट की ओर से नवनिर्मित परिसर भवन में सहयोग देने वाले भामाशाहों के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट सदस्यों ने सभी दानदाताओं का अभिनंदन करते हुए आगामी विकास कार्यों पर भी विस्तृत चर्चा की। समारोह की अध्यक्षता पूर्व विधायक अशोक पींचा ने की। इस अवसर पर समाज के अनेक नागरिक उपस्थित रहे और भवन निर्माण में सहयोग देने वाले दानदाताओं के योगदान की सराहना की गई।

### इन भामाशाहों का रहा विशेष योगदान:

नए परिसर निर्माण में बाबूलाल विकास कुमार बोथरा, बुधमल मालू परिवार, छत्रसिंह विकास कुमार दुगड़, रतनलाल सम्पतमल बच्छराज, चम्पालाल उम्मेदकुमार बोथरा, छत्रसिंह बाबूलाल प्रदीपकुमार दुगड़, छत्रमल पींचा, सरदारशहर, जोराहट के करणीसिंह बरड़िया, फुसराज, संजय, सुमति, पुगीत बोथरा, छोटूलाल डागा, मोतीलाल चोरड़िया, लक्ष्मीपत बैद, विजयराज सम्पत, सुरेन्द्र डोसी सहित अनेक भामाशाहों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी को ट्रस्ट की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में व्यवस्थापक संजय बोथरा की भूमिका भी सराहनीय रही।

### हर मौसम में मिलेंगी बेहतर सुविधाएं:

कार्यक्रम में प्रकाश बुच्चा ने बताया कि नए भवन में एक विशाल हॉल और आठ कमरें बनाए गए हैं। जिससे विवाह-शादी एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के लिए उत्कृष्ट सुविधा उपलब्ध होगी। पहले बारिश के मौसम में यहां परेशानी होती थी। लेकिन अब आधुनिक व्यवस्था के चलते यह समस्या समाप्त हो जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि शहर की प्राइम लोकेशन पर स्थित यह भवन कम किराए में उपलब्ध है जो समाज के लिए बड़ी सौगात है।

## जयपुर के इंस्पेक्टर दिनेश सिंह को 'नेशनल रोड सेफ्टी एक्सीलेंस अवार्ड-2026' से नवाजा

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कास)।** सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जयपुर के इंस्पेक्टर दिनेश सिंह को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा सम्मान मिला है। उन्हें बेंगलुरु (कर्नाटक) में आयोजित एक भव्य समारोह में 'नेशनल रोड सेफ्टी एक्सीलेंस अवार्ड-2026' से सम्मानित किया गया। ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ मोटर व्हीकल्स डिपार्टमेंट टेक्निकल ऑफिसर्स एसोसिएशन की ओर से 10 अप्रैल 2026 को होटल रमाडा, बेंगलुरु में आयोजित एक्सीलेंस अवार्ड समारोह में यह सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कर्नाटक सरकार के परिवहन मंत्री रामालिंगा रेड्डी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में विधायक एस.आर. विश्वनाथ, परिवहन विभाग के सचिव डॉ. एन.वी. प्रसाद (आईएएस), परिवहन एवं सड़क सुरक्षा आयुक्त योगेश ए.एम. (आईएएस), महाराष्ट्र परिवहन आयुक्त राजेश जे. नावेकर (आईएएस) एवं उत्तर प्रदेश परिवहन आयुक्त किंजल सिंह (आईएएस) सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने दिनेश सिंह को सम्मानित किया। इंस्पेक्टर दिनेश सिंह वर्तमान में प्रादेशिक परिवहन कार्यालय, जयपुर-द्वितीय (विद्याधर नगर) में पदस्थापित हैं। उन्हें यह सम्मान सड़क सुरक्षा जागरूकता के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान, समर्पण और प्रभावी पहलों के साथ-साथ दुर्घटनाओं में कमी लाने के प्रयासों के लिए दिया गया। कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न राज्यों से परिवहन विभाग के इंस्पेक्टर, जिला परिवहन अधिकारी एवं अन्य अधिकारी शामिल हुए, जिससे यह आयोजन राष्ट्रीय स्तर का मंच बन गया। समारोह के अंत में आयोजन समिति के अध्यक्ष अशफाक अहमद, महासचिव जी. सम्पथ कुमार और कोषाध्यक्ष सचिन बोधाले ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। यह सम्मान न केवल इंस्पेक्टर दिनेश सिंह की कार्यकुशलता का प्रमाण है, बल्कि सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में उनके निरंतर प्रयासों और समाज के प्रति जिम्मेदारी को भी रेखांकित करता है।

ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम में प्रवेशोत्सव व पूर्व-स्नातक सम्मेलन का समापन

## कवि सम्मेलन व पिरामिड प्रदर्शन रहा आकर्षण का केंद्र

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** स्थानीय श्री ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय प्रवेशोत्सव व पूर्व-स्नातक सम्मेलन का समापन रविवार को समारोह पूर्वक हुआ। कार्यक्रम में सांस्कृतिक, प्रेरणादायी अनुभवों और काव्य संध्या की प्रस्तुतियों ने समां बांधा। इसी क्रम में शनिवार रात्री को हुआ विराट कवि सम्मेलन सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. भवानी शंकर शर्मा ने की। वहीं मुख्य अतिथि पूर्व स्नातक सांवरमल शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि मनीष चांडक रहे। कवि सम्मेलन की शुरुआत सोहनलाल चौधरी ने सरस्वती वंदना से की। इसके बाद सूरत अजनबी ने हास्य-व्यंग्य से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया, वहीं महेश डांगरा और हिम्मत सिंह ने देशभक्ति और वीरता से ओत-प्रोत कविताओं से वातावरण को आनंदमय बना दिया। प्रहलाद सिंह झोरड़ा ने राजस्थानी गीतों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जन को भाव-विभोर कर दिया। अंत में सोहनलाल चौधरी की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने सभी को भावुक कर दिया। इसीक्रम में दूसरे दिन रविवार को कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष पूजा-अर्चना से हुआ। प्रातः कालीन सत्र में एकांकी नाटक, योग नृत्य और पूर्व-स्नातकों के अनुभव साझा करने सहित अनेक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इस दौरान नवागंतुक विद्यार्थी कार्यक्रम के प्रेरणा-स्रोत बने। समापन सत्र में सामूहिक देश भक्ति गायन और पिरामिड प्रदर्शन सभी के आकर्षण का केन्द्र रहे। पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए आश्रम के अनुशासन और संस्कारों की सराहना की। प्राचार्य डॉ. भवानी शंकर शर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। वहीं व्यवस्थापक ईश्वरसिंह राठौड़ ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन पुराने और नए विद्यार्थियों के बीच मजबूत संबंध स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी, स्टॉफ सदस्य व शहर के गणमान्य जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रख्यात कवि गजेंद्र सिंह कविया ने किया।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों व शिक्षकों को किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में रविवार को पुरस्कार वितरण समारोह मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी संतोष महर्षि के मुख्य आतिथ्य व शिक्षाविद् डीके सैनी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डीईओ प्रां. ओमप्रकाश प्रजापत, सेवानिवृत्त उपनिदेशक गोविंद सिंह राठौड़, शांतिकुंज हरिद्वार के वरिष्ठ प्रतिनिधि रामसिंह राठौड़ व उप जोन संयोजक बालदान चारण रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने मां गायत्री के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान कमल कंवर ने उठो सुनो प्राची से उगते सूरज की आवाज...भजन की प्रस्तुति दी। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के तहसील संयोजकों ने सभी का स्वागत किया। जिला संयोजक उम्मेद सिंह राठौड़ ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का प्रतिवेदन व स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि महर्षि ने शिक्षकों से आह्वान किया कि गायत्री परिवार की ओर से संस्कार निर्माण की इस प्रतियोगी परीक्षा में सभी विद्यार्थियों को भाग लेने के लिए प्रेरित करें। डीईओ ओम प्रकाश ने कहा कि जब अन्य जिलों से लाख-लाख विद्यार्थी बैठ सकते हैं तो अपने जिले से कम क्यों। हमें प्रयास करना चाहिए कि इनकी संख्या में बढ़ोतरी हो। गोविन्द सिंह राठौड़ ने माता-पिता को असली भगवान व स्वयं को सबसे अधिक आत्म विश्वासी बताया। राम सिंह राठौड़ ने संस्कारों पर चर्चा करते हुए कहा कि बिना संस्कारों के शिक्षा ग्रहण नहीं की जा सकती है। इस अवसर पर नाकरासर की मेघना पारीक ने कहा कि भारतीय संस्कृति आज भी जिंदा है। डी के सैनी ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। इस अवसर पर राज्य-स्तर पर तीन व जिला स्तर पर 18 शिक्षकों को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। राज्य मेरिट में सुजानगढ़ की भारती कंवर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिले के 24 विद्यार्थियों को जिला स्तर पर व 144 विद्यार्थियों को तहसील स्तर पर प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे। इस अवसर पर रतनगढ़ के ओमप्रकाश इंदौरिया, सुजानगढ़ के हरदयाल प्रजापत, छापर के बाबूलाल शर्मा, सरदारशहर के बनवारी लाल जांगिड़ तारानगर के विश्वनाथ भाटी, सिद्धमुख व राजगढ़ के दिनेश महरोलिया व भरत सिंह जांगिड़ आदि तहसील संयोजक उपस्थित रहे। इस अवसर पर तेजपाल सिंह राठौड़, आनंद सिंह शेखावत, मनोज कुमार मोदी, अर्जुन स्वामी, बनवारी लाल शर्मा, महेंद्र कुमार कश्यप, छोटूराम अध्यापक, नरेश कुमार बड़सरा, प्रीतम सिंह राठौड़ आदि उपस्थित रहे। जिला सचिव पृथ्वीराज सैनी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य मुकुल भाटी ने किया।

## 'आंत का जलवा' का विमोचन: संवेदनाओं और सामाजिक सरोकारों से सजी कृति ने खींचा ध्यान

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कास)।** राजधानी में रविवार को साहित्यिक गरिमा और सामाजिक सरोकारों से ओत-प्रोत वातावरण के बीच पुस्तक 'आंत का जलवा' का विमोचन सादगीपूर्ण लेकिन प्रभावशाली समारोह में किया गया। इस अवसर पर शहर के अनेक साहित्यकार, समाजसेवी और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। कार्यक्रम में जयपुर टाइम्स के संपादक रामेश्वर लाल जाट सहित प्रवीण पूनिया, हरिराम मरोड़िया, श्रवण यादव, भवानी सिंह, रमेशचंद्र बुनकर, चित्रा शर्मा, रचना चौधरी, कैलाश खीचड़, सुनील चौधरी, रमेश सैनी, कमला चौधरी, सरिता सैनी, हंसराज सिंह राठौड़ और रोशन लाल सहित अनेक लोगों ने भाग लिया। पुस्तक के लेखक गुमनाम जयपुरी ने अपनी इस कृति में जीवन के विविध अनुभवों, संघर्षों और सामाजिक यथार्थ को सरल, सहज और संवेदनशील भाषा में प्रस्तुत किया है। 'आंत का जलवा' केवल साहित्यिक अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि आमजन के जीवन से जुड़े उन पहलुओं का सजीव चित्रण है, जो पाठकों को सोचने और आत्ममंथन के लिए प्रेरित करते हैं। विमोचन समारोह में वक्ताओं ने पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान समय में ऐसे साहित्य की विशेष आवश्यकता है, जो समाज को सकारात्मक दिशा देने के साथ मानवीय मूल्यों को भी सुदृढ़ करे। उन्होंने कहा कि गुमनाम जयपुरी की लेखनी में वह शक्ति है, जो पाठकों को जोड़ने के साथ-साथ उन्हें प्रेरित करने का कार्य करती है।

कार्यक्रम के दौरान साहित्यिक चर्चा, विचार-विमर्श और पुस्तक के विभिन्न पहलुओं पर सार्थक संवाद हुआ, जिससे पूरा माहौल ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बना रहा। अंत में सभी अतिथियों ने लेखक को शुभकामनाएं देते हुए पुस्तक की सफलता की कामना की।

'आंत का जलवा' के माध्यम से गुमनाम जयपुरी ने यह सिद्ध कर दिया कि सशक्त और संवेदनशील लेखनी समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रभावी माध्यम बन सकती है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# गरिमा चौधरी का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** प्रतिभाशाली टेबल टेनिस खिलाड़ी गरिमा चौधरी ने 69वीं एसजीएफआई राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गरिमा चौधरी पुत्री महेंद्र सिंह फिड़ोदा का चयन नई दिल्ली में 16 से 22 अप्रैल तक आयोजित होने वाली 69वीं राष्ट्रीय स्तर की टेबल टेनिस प्रतियोगिता (अंडर-14 गर्ल्स/बॉयज वर्ग) के लिए हुआ है। गरिमा के इस चयन से पूरे चूरू जिले में खुशी का माहौल है। खेल प्रेमियों, कोच और परिवारजनों ने गरिमा को इस सफलता पर बधाई दी है। गरिमा ने अपनी मेहनत, अनुशासन और लगातार अभ्यास के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने पहले भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो बार सिल्वर मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।




# पीसीबी स्कूल में विद्यार्थियों को दी कानूनी जानकारी



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय तालुका विधिक सेवा समिति की ओर से कानूनी अधिकार मित्र रामप्रसाद शर्मा ने पी.सी.बी. राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित किया। शर्मा ने साइबर ठगी के विषय में जागरूक किया और बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने तथा बाल विवाह रोकथाम को लेकर अपील की। कार्यक्रम में साइबर ठगी, महिला समानता, बाल विवाह की रोकथाम व अनेक प्रकार की कानूनी जानकारी प्रदान की गई। प्रधानाचार्य रणवीर सिंह ने मोबाइल व इंटरनेट के सदुपयोग या दुरुपयोग पर अनेक प्रकार की जानकारी प्रदान की। उप प्रधानाचार्य सुनीता शर्मा ने विद्यार्थियों को कोई भी निजी जानकारी शेयर नहीं करने की सलाह दी। कार्यक्रम में 200 विद्यार्थियों व विद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। स्टाफ सचिव इकबाल खान ने आभार व्यक्त किया। संचालन एकता मीणा ने किया।

# अस्पताल में किया बेबी किट का वितरण



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय महावीर इंटरनेशनल केंद्र की ओर से फतेहपुरिया मातृ शिशु कल्याण हॉस्पिटल में बेबी किट का वितरण किया गया। तोदी गार्डन में एक साधारण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें अध्यक्ष वीर पवन तोदी ने आगामी प्रोजेक्ट को लेकर विचार प्रकट किए। कार्यक्रम में वीर निरंजन सोनी एडवोकेट, वीर विजय खेतान, वीर कपिल देव माटा, वीर भंवरलाल शर्मा, वीर कमल गोयतान एडवोकेट, नोरतन मल शर्मा, मंगलाराम हाकला आदि सदस्य मौजूद रहे। बैठक के बाद फतेहपुरिया हॉस्पिटल में 50 बेबी किट का वितरण किया गया। संचालन कपिल देव माटा ने किया।

# निःशुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर के पोस्टर का विमोचन




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ की ओर से आगामी 19 अप्रैल को स्व. प्रतापसिंह सिंघी की स्मृति में उनकी धर्म पत्नी कमला देवी सिंघी के सौजन्य से निःशुल्क नेत्र जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया जाएगा। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि उक्त शिविर में प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अपूर्व कोटिया की ओर से नेत्र रोगियों की निःशुल्क जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया जाएगा और ऑपरेशन लायक रोगियों का चयन किया जाएगा। चयनित नेत्र रोगियों के निःशुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण डॉ अपूर्व कोटिया की ओर से डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल सुजानगढ़ में किए जाएंगे। रविवार को द यंग्स क्लब ट्रस्ट सभागार में शिविर के पोस्टर, पैंपलेट व प्रचार सामग्री का विमोचन किया गया। इस अवसर पर डॉ एस के छाबड़ा, एडवोकेट निरंजन सोनी, डॉ एस एन बजाज, हेमराज नाहटा, क्लब प्रतिनिधि दानमल शर्मा, मुन्नालाल प्रजापत, निर्मल बोकडिया, हाजी मोहम्मद, गिरधर शर्मा, योगेंद्र भोजक, कुणाल सोनी उपस्थित रहे।

# जुआ खेलते 6 गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** ताशपत्ती पर जुआ खेलते हुए पुलिस ने 6 लोगो को गिरफ्तार किया है। कोतवाली थानाधिकारी प्रशिक्षु आरपीएस विनोद कुमार की टीम ने बीडीएस तिराहे के पास कार्यवाही करते हुए गोपाल, ललित, पवन, शाहिद, संदीप, अली मोहम्मद को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 39 हजार 480रू. व ताशपति की जोड़ी बरामद की है।

# शिक्षक संघ शेखावत का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

## सुरेंद्र झोरड़ अध्यक्ष व गजानंद मेघवाल मंत्री बने

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उपशाखा सरदारशहर का वार्षिक अधिवेशन व नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सभाध्यक्ष राजपाल ढाका की अध्यक्षता में हुए अधिवेशन में निर्वाचन अधिकारी के रूप में प्राचार्य कैलाश चंद्र गंडास ने कहा कि कक्षा कक्ष में विधार्थियों को पढाने के साथ ही सर्वांगीण विकास करने का हमारा उद्देश्य होना चाहिए। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में जिला अध्यक्ष विजय पोटलिया ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक व शिक्षार्थी के उपर भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना एकजुट होकर किया जा सकता है। मुख्य वक्ता प्रदेश सभाध्यक्ष याकूब खान ने सार्वजनिक शिक्षा को बचाने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार को निजीकरण की प्रक्रिया बंद करते हुए नई शिक्षा नीति में आवश्यक बदलाव करने चाहिए। अधिवेशन में जिला उपाध्यक्ष रणवीर सारण, पूर्व प्रदेश प्रतिनिधि रतिराम सहारण, डॉ पवन महर्षि, अमरचंद सांडेला, गौरी शंकर सिहाग श्रीनाथ बरोड़, माया चौधरी, महावीर सांडेला, उम्मेद सिंह राठौड़, दुलाराम सारण, सुरेंद्र झोरड़ इत्यादि ने विचार व्यक्त किये। सभाध्यक्ष राजपाल ढाका ने वर्तमान कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी के गठन की घोषणा की। अधिवेशन में शिक्षक भवन सरदारशहर के नवनिर्माण के लिए भी शिक्षक साथियों ने बढ़ चढ़कर सहयोग किया। मंत्री गजानंद मेघवाल ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया व कोषाध्यक्ष सत्यनारायण पुरोहित ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। तत्पश्चात शिक्षक साथियों ने प्रतिवेदन पर बहस की। पर्यवेक्षक विजय पोटलिया व निर्वाचन अधिकारी कैलाश चंद्र गंडास की ओर से नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। कार्यकारिणी में कार्यकारी अध्यक्ष राकेश प्रजापत व माया चौधरी को नियुक्त किया गया। इसी के साथ अध्यक्ष सुरेंद्र झोरड़ व महामंत्री गजानंद मेघवाल को बनाया गया। दुलाराम सारण, महावीर सांडेला और सुरेश खीचड़ को संरक्षक बनाया गया। सभाध्यक्ष सत्यनारायण पुरोहित, उपसभाध्यक्ष रेखा राम सांडेला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामनिवास सारण, उपाध्यक्ष शहरी शंकर लाल मेघवाल, उपाध्यक्ष ग्रामीण आदराम भाकर, कोषाध्यक्ष राजपाल ढाका, संयोजक रामलाल मूंड, सहसंयोजक भींवराज पाटोदिया, संगठन मंत्री देवीदत्त जोशी, महिला मंत्री सरोज स्वामी, संयुक्त मंत्री लालचंद बेरड़, प्रचार मंत्री घड़सीराम इंणखिया, कार्यालय मंत्री राजूराम पांडर, मीडिया प्रभारी शंकर लाल शर्मा, शारीरिक शिक्षक प्रतिनिधि रामकुमार सारण को बनाया गया। इसी के साथ कार्यकारिणी सदस्य के रूप में भादरमल सोहू, हेमराज भांबू विनोद सारण, रामावतार पारीक, राजूराम शर्मा, संदीप ढाका, अजीज खान, रणबीर मेघवाल, कुशलाराम गोदारा, राजेश भाकर, बुधराम तीड़दिया, जयप्रकाश कुल्हरी, राजेंद्र मेघवाल को शामिल किया गया। वार्षिक अधिवेशन में सोमचंद भांभू, राजेंद्र कुमार मेघवाल, प्रदीप कुमार खेड़ीवाल, हरिराम सहारण, भंवरलाल कुड़ी, श्री राम कड़वासरा, गिरधारीलाल सारण, गणेश सारण, सत्यनारायण बरोड़ इत्यादि उपस्थित रहे।

# धन्नावंशी स्वामी समाज की बैठक में संगठन सशक्तिकरण व शिक्षा पर जोर

## नई कार्यकारिणी का गठन

जयपुर टाइम्स




**बीदासर(निस)।** गांधी चौक स्थित ठाकुरजी मंदिर में रविवार को धन्नावंशी स्वामी समाज की बैठक आयोजित हुई, जिसमें समाज के विकास, संगठन की मजबूती और शैक्षणिक उत्थान को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें संरक्षक के रूप में सुरजादास कड़वा, अध्यक्ष पद पर गोपालदास स्वामी चितोड़िया, उपाध्यक्ष पदमदास स्वामी कड़वा, कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार स्वामी मुंड तथा सचिव रामप्रताप स्वामी कड़वा को नियुक्त किया गया। इसके साथ ही अन्य सदस्यों को भी जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक के दौरान समाजहित में कई अहम निर्णय लिए गए। समाज की संस्था को 'धन्नावंशी स्वामी समाज बीदासर' के नाम से विधिवत पंजीकृत कराने का प्रस्ताव पारित किया गया। संस्था के लिए भूमि क्रय करने पर भी सहमति बनी। शिक्षा के क्षेत्र में विशेष ध्यान देते हुए मेधावी एवं जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को चिन्हित कर आगामी पांच वर्षों में उच्च शिक्षा के लिए हरसंभव सहयोग देने का निर्णय लिया गया। साथ ही, बीदासर क्षेत्र में समाज के विद्यार्थियों के लिए आधुनिक छात्रावास निर्माण का प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने पर भी चर्चा की गई। अंत में उपस्थित सदस्यों ने नियमित अंतराल पर बैठकें आयोजित करने का संकल्प लिया। नवनियुक्त अध्यक्ष गोपालदास स्वामी ने समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर पारदर्शिता के साथ कार्य करने का भरोसा दिलाया।

# स्वर्ण जयंती पर अग्रवाल सेवा मंडल का रक्तदान शिविर आयोजित

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** शहर में अग्रवाल सेवा मण्डल की ओर से स्वर्ण जयंती समारोह के उपलक्ष में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ श्री अग्रसेन भवन में हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा कोषाध्यक्ष डॉ पंकज गुप्ता ने शिविर का उद्घाटन किया।आयोजन समिति के अनुसार रक्तदान से पूर्व सभी आवश्यक स्वास्थ्य जांचें, जैसे शुगर, बीपी और थायराइड की गईं। रक्त की पूर्ण जांच रिपोर्ट एक माह बाद संयोजक से प्राप्त की जा सकेगी। राजस्थान बीजेपी कोषाध्यक्ष डॉ पंकज गुप्ता और पूर्व विधायक अशोक पींचा ने रक्तदान को महादान बताया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर ऐसे शिविरों से रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ती है। वक्ताओं ने यह भी बताया कि एक स्वस्थ व्यक्ति एक साल में चार बार रक्तदान कर सकता है। शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में अग्रवाल महिला मंडल, अग्रवाल नवयुवक मंडल और अग्रवाल कन्या मंडल सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चला। जिसमें सरदारशहर के 36 कॉम के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान अग्रवाल सेवा मंडल के अध्यक्ष पंकज गर्ग, उपाध्यक्ष नवनीत जैसनसरिया, उप मंत्री देवकीनंदन अग्रवाल, जगदीश जैसनसरिया, अंकुर जैसनसरिया, अंकित सर्राफ, राकेश हनुमानगढिया, सौरभ जैसनसरिया, भंवरलाल जैसनसरिया, सूर्य प्रकाश लाढ़िया, प्रहलाद राय जैसनसरिया, गिरधारीलाल पारीक, सुबोध सेठिया, संजय कंदोई, रवि बांयवाला, सुभाष सोनगरा, लक्ष्मीपति, श्यामसुंदर मित्तल, किशोर मित्तल, नवनीत जैसनसरिया, अशोक बॉयवाला, विपिन कुमार कंदोई, गोपाल जालान, पंकज कुमार गर्ग अध्यक्ष, विश्वनाथ रातूसरिया मंत्री और सौरभ जैसनसरिया संयोजक सहित कई व्यक्ति मौजूद रहे। इस अवसर पर सभी अतिथियों और पदाधिकारियों ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की। कार्यक्रम के माध्यम से गौमाता की करुण पुकार हो पॉलिथीन का बहिष्कार का संदेश भी दिया गया।

# महात्मा ज्योतिबा फुले का संपूर्ण जीवन प्रेरणादायकः सैनी

जयपुर टाइम्स




**मण्डावा(निस)।** मण्डावा नपा के निवर्तमान पार्षद व एड्वोकेट राजकुमार सैनी ने शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा को नमन करते उन्होंने कहा कि वंचितों के कल्याण के लिए समर्पित उनका संपूर्ण जीवन प्रेरणा देने वाला है। सैनी ने कहा कि महान समाज सुधारक, महिला शिक्षा के अग्रदूत और 'सत्यशोधक समाज' के संस्थापक ज्योतिबा फुले व्यक्ति नहीं महामानव थे। उनका जीवन हमें सामाजिक समरसता और ज्ञान के लिए समर्पित रहकर दूसरों के कल्याण के लिए कार्य करने के आदर्श से जोड़ने वाला है। सैनी ने ज्योतिबा फुले के जीवन प्रसंगों को साझा करते हुए कहा कि उन्होंने रूढ़िवादी परंपराओं का विरोध किया और शिक्षा के माध्यम से समाज में जागृति लाने का कार्य किया। ज्योतिबा फुले ने अपना पूरा जीवन वंचित, शोषित,पीड़ित पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित किया। उन्होंने महाराष्ट्र में महात्मा ज्योतिबा फुले स्मारक की चर्चा करते हुए कहा कि वह युग प्रवर्तक थे। उन्हें हमारी सच्ची श्रद्धांजलि यही है कि उनके बताए आदर्श मार्ग पर चलते हुए हम जीवन की उज्ज्वल राहों की ओर अग्रसर हों। सैनी समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में राजकुमार सैनी, बनवारीलाल मारोठिया, वरिष्ठ शिक्षाविद, बच्छराज बालाण, भाजपा मण्डल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, शिवप्रसाद मारोठिया व बेगराज चौपदार आदि मंचासीन अतिथि रहे। इस अवसर पर सत्यनारायण तंवर, मुरारीलाल इंदौरिया,रिद्धिकरण मारोठिया, रतनलाल तोमर, शंकरलाल सैनी,राजकुमार पूर्व पार्षद, नागरमल चौपदार, पवन चूनवाल महावीर चूनवाल, श्याम लाल सैनी भारत सैनी कन्हैया लाल सैनी, जसवंत सैनी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। अंत में सचिव सैनी समाज संस्था महेंद्र कुमार सैनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आईपीएल सट्टे पर बड़ी कार्रवाईः 1.01 करोड़ का हिसाब बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**तारानगर(निस)।** तारानगर पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट मैच पर चल रहे अवैध सट्टे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से करोड़ों रुपए के लेन-देन का हिसाब बरामद किया है। पुलिस के अनुसार गश्त के दौरान करणपुरा से सातमील सड़क पर एक संदिग्ध स्विफ्ट कार सुनसान स्थान पर खड़ी मिली। जांच करने पर आरोपी सूर्यप्रकाश पुत्र मनीराम निवासी करणपुरा को आईपीएल मैच पर बुकी सट्टा करते हुए पकड़ा गया। तलाशी में आरोपी के पास से दो मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनमें व्हाट्सऐप चैट के माध्यम से सट्टे का करीब 1 करोड़ 1 लाख 64 हजार 600 रुपए का हिसाब-किताब मिला। पुलिस ने मोबाइल फोन और उपयोग में ली गई कार को जब्त कर लिया। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है तथा उससे सट्टा नेटवर्क और अन्य संलिप्त लोगों के बारे में पूछताछ की जा रही है। इस कार्रवाई का नेतृत्व प्रो. थानाधिकारी आरपीएस सुश्री स्वाति बुरी ने किया। टीम में उपनिरीक्षक सुरेश कुमार यादव, हैड कांस्टेबल देवीलाल, कांस्टेबल बलवान सिंह, कांस्टेबल विकास कुमार एवं चालक शजीत सिंह की विशेष भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध सट्टे के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# चूरू पुलिस ने 11 तस्करों को किया गिरफ्तार, पांच दिन में 8 मामले दर्ज



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** चूरू पुलिस ने ऑपरेशन नकेल के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच दिनों में 11 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। 8 से 12 अप्रैल तक चले इस अभियान में जिले के विभिन्न थानों में 8 मामले दर्ज किए गए हैं। इसमें पुलिस ने करीब 54 लाख रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए हैं। पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्रवाई के दौरान 80.701 ग्राम हेरोइन, 2.133 किलोग्राम डोडा पोस्त चूरा, 3 किलो 270 ग्राम अफीम और 100 ट्रामाडोल नशे की टैबलेट जब्त की गई हैं। इसके अतिरिक्त, एक ट्रक, एक कार और एक बाइक भी जब्त की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 52 लाख रुपये है। एसपी निश्चय प्रसाद एम ने बताया कि आजकल ड्रग्स का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है, जिससे स्कूल और कॉलेज के युवा इसकी चपेट में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि नशे की लत युवा पीढ़ी के भविष्य को खराब कर रही है और सामाजिक वातावरण को भी प्रभावित कर रही है, जिससे परिजन तनाव में रहते हैं। चूरू में नशे के बढ़ते कारोबार पर लगाम कसने के लिए यह अभियान चलाया गया है, जिसमें आमजन का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। एसपी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि युवाओं को अवैध ड्रग्स बेचने वालों की सूचना देने के लिए हेल्पलाइन नंबर 9950077191 जारी किया गया है। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

# बोल गुर्जर मन की बात कार्यक्रम को लेकर जनसंपर्क

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** आगामी 17 अप्रेल को आयोजित होने वाले बोल गुर्जर मन की बात कार्यक्रम को लेकर व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कर लोगों से जनसंपर्क किया जा रहा है। देवनारायण भगवान मंदिर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर देवनारायण मंदिर समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र गुर्जर, मनसुख खटाणा, अजय सिराधना, मनोज बोकण सहित गुर्जर समाज के पदाधिकारियों की ओर से समाज बन्धुओं के घर जाकर कार्यक्रम में आने के लिए न्यौंता दिया जा रहा है। नरेंद्र गुर्जर ने बताया कि कार्यक्रम को गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला सम्बोधित करेंगे और समाज की जाजम पर शिक्षा और स्वास्थ्य की चुनौतियां, युवाओ के लिए रोजगार के अवसर, कृषि और पशुपालन की समस्याएं, सामाजिक कुरीतियों से निजात, गुर्जर समाज के इतिहास और विरासत पर चर्चा की जाएगी।

# चिकित्सा परामर्श शिविर में 70 मरीजों की जांच




जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** नगर पालिका चौक स्थित श्री महाजन पंचायत भवन में रविवार को स्वर्णकार समाज सेवा समिति मंडावा के तत्वावधान में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर प्रियंका हॉस्पिटल एण्ड कार्डियक सेन्टर जयपुर की ओर से आयोजित किया गया। शिविर में डॉक्टर विशाल पंचोली, डॉ नवदीप सिंह ने 70 मरीजों की जांच कर निशुल्क दवा दी गई। शिविर के दौरान कमर दर्द एवं हाथ पैर में झनझनाहट, घुटने में गेप कम हो जाना, टूटी हुई हड्डी, घुटने व कंधे व कुल्हे का पुराना दर्द, श्वास लेने में दिक्कत, मूत्र मार्ग में संक्रमण, खांसी, जुखाम, बुखार, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, चलते समय श्वास फूलना, छाती में भारीपन, अधिक पसीना आना, हृदय की धड़कन अधिक होना, श्वास फूलना, हर्निया, अपेनडिक्स, पथरी आदि मरीजों की जांच कर उचित परामर्श दिया गया। शिविर में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नरेश सोनी, सज्जन लाल, प्रमोद, भवानी शंकर, राजकुमार सिंघानिया, अशोक कुमार, मनोज सोनी, सुनील सोनी, प्रदीप, विश्वनाथ, संजय सोनी, प्रभु दयाल सोनी आदि ने सेवाएं दी।

# सरकारी स्कूल में मधुमक्खियां का छाता, बच्चों की जान जोखिम में

जयपुर टाइम्स



**मंडावा(निस)।** राजकीय नानी बाई प्राथमिक विद्यालय में पेड़ के ऊपर लगा घोड़ा मक्खी का छाता बच्चों के लिए कभी भी जान के लिए जोखिम बन सकता है। इस विद्यालय में करीब 100 से अधिक बच्चों का नामांकन है तथा पेड़ पर लगा मधुमक्खियां का छाता के कारण बच्चे भी डर के माहौल में पढ़ाई कर रहे हैं। जिस पेड़ पर मधुमक्खियां का छाता लगा हुआ है उसके नीचे विद्युत ट्रांसफार्मर व डीपी भी लगी हुई है। ऐसे में किसी ने इस मधुमक्खियां के छाते को छेड़ दिया या अपने आप एक साथ उड़ती है तो स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के लिए बड़ा खतरा बन सकती है। शिक्षा विभाग के साथ प्रशासन को भी स्कूल में पेड़ के ऊपर लगे मधुमक्खियां के छाते को लेकर कोई ठोस समाधान करना चाहिए ताकि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। अगर किसी दिन एक साथ मधुमक्खियां पेड़ से किसी कारण से उड़ती है तो स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के लिए बड़ा खतरा बन सकती है।

## दर्जन भर गाँवों का दौरा कर चूरू जाने का न्यौता दिया

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** 22 अप्रैल को चूरू के खेल स्टेडियम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिँह राठौड़ के जन्म दिवस पर वीर सेनानायक पद्मभूषण परम विशिष्ट सेवा मेडल लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह के विशाल मूर्ति अनावरण कार्यक्रम को लेकर भाजपा नेता चंद्राराम गुरी, राकेश जांगिड, रतन राठौड़, डॉ महेश शर्मा, नरेश सहारण, राजेंद्र जोइया, लीलाधर बागोरिया, अनूप खंडेलवाल, साबिर हुसैन, मदन गुरी, भंवर लाल दादरवाल, कृष्ण मेघवाल, निर्मल नाथ योगी, मनोज व्यास, रमेश पारीक, भंवरलाल मेघवाल, मनफूल सिंह वैद, सूर्य प्रकाश ढाका, हेतराम प्रजापत, चिरंजीव शर्मा, नंदू पटीर, मेनपाल राहड़, भगवती प्रसाद शर्मा, विक्रम सिंह राठौड़, नरेंद्र शर्मा, शंकर मित्तल आदि ने गाँव गोगटिया पट्टा चंगोई, करणपुरा बालिया, इंदासी, ढाना भाकरान, सातमील, बुचावास, तोगावास लखनवास, भालेरी रेताना, गलगटी , मदावास , कोहिना, बास सारायन, सारायन, पुनरास थेलाना, गाजुवास, गडाना, चुनाराम की ढाणी, गोडास, ढाणी आशा, आनंदसिंहपुरा, ढाणी खिचड़ान, खरतवासिया, गोग़टिया बागावतान सहित दर्जन भर गाँवों का दौरा कर सेना के सम्मान में राठौड़ का जन्म दिवस मनाने के लिए ग्रामीणों को चूरू आने का न्योता दिया।



## नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष राजेश बजाड़ का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** झुंझुनूं में मंत्रालयिक कर्मचारी जिला समन्वय समिति जिलाध्यक्ष के जीत दर्ज पर अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी राजेश बजाड़ का रविवार को मंडावा के सर्वसमाज के लोगों की ओर से अम्बेडकर भवन,मंडावा में भव्य स्वागत व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। सर्व समाज के सदस्य विकास वर्मा , मुकेश सरपंच मोजाश, दिनेश कुमार काला,एडवोकेट महेन्द्र नेमीवाल, जगदीश महरिया, सुबोध महरिया, सुदर्शन महरिया, प्रवीण खोवाल, जितेन्द्र सानेल , अशोक खटनावलिया, चंद्रभान आर्य विजेंद्र नागर, राजेंद्र आर्य, ओमप्रकाश भुकल कुहाड़ू, परमेश्वर सुनिया मिठवास,अमरचंद कॉवलिया, अजय वर्मा नुवा, जयप्रकाश काला, विकास आलडिया, अरविन्द आलडिया विजय पिंटू पटवारी, आदि उपस्थित रहे।



## काछवाल को किया जयपुर में सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** आरएससीआईटी ज्ञान केंद्रों के जिला स्तरीय कार्यक्रम में श्रीश्याम कंप्यूटर सेंटर सुजानगढ़ को उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। एसएलवी के निदेशक ओपी पुरोहित, आरकेसीएल की ओर से मैनेजिंग डायरेक्टर रविन्द्र शुक्ला, रीजनल मैनेजर नरेंद्र धायल विक्की काछवाल, विश्वदीपक काछवाल को सम्मानित किया। कार्यक्रम जयपुर की खासा कोठी होटल में हुआ।



## गीता क्लासेज में बच्चों ने दिखाया उत्साह, शिक्षण सामग्री प्रदान कर किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय भास्कर भवन में सराफ फाउंडेशन की ओर से चल रही गीता क्लासेज में बच्चों का उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। रविवार को निरंजन देव आचार्य के मार्गदर्शन में बच्चों को पंचामृत, पाँच श्लोक, 12वां अध्याय व नियमित अध्ययन करवाया गया। इस दौरान नए बच्चों का पंजीकरण भी किया गया। इस अवसर पर बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें विभिन्न उपयोगी शिक्षण सामग्री वितरित की गई। इस दौरान विद्यार्थियों को स्कूल बैग, पानी की बोतल, 12वें अध्याय के विद्यार्थियों को मैगी बॉक्स तथा 15वें अध्याय के विद्यार्थियों को लंच बॉक्स प्रदान किए गए। इसके साथ ही आवश्यक नियमों की डायरी और गीता लेखन की कॉपियां भी वितरित की गई। गीता लेखन के प्रति बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान गीता क्लास के विद्यार्थी सार्थक का जन्मदिन भी मनाया गया। इस अवसर पर भजन, गजल, संकीर्तन व सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर दिव्या शर्मा, दिव्या भाटी, पूनम शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## चूड़ी मियान में दीनदयाल महाअभियान प्रशिक्षण शिविर आयोजित

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** बलारा मण्डल के ग्राम चूड़ी मियान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाअभियान के तहत रविवार को प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ। शिविर में कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया। जिला परिषद सदस्य रामचंद्र बगड़िया ने कहा कि बूथ संरचना संगठन की रीढ़ है, इसे मजबूत करना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। जिला प्रवक्ता राजकुमार महला ने पार्टी के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा से अवगत कराया।मण्डल अध्यक्ष भरत सिंह ने अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया। शिविर में रामनिवास डालमास पाटोदा मंडल अध्यक्ष परमेश्वर शर्मा व सुरेश जागिड़ सहित कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।अंत में अर्जुन कोतवाल ने आभार जताया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने 'ग्राम चलो-बस्ती चलो' अभियान को सफल बनाने व संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया।



# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाऐं बनेगी नीति निर्माता: कुल्हरी

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** भाजपा की नेता, झुझंनू जिलाध्यक्ष व जिला प्रमुख हर्षिनी कुल्हरी ने कहा है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की भूमिका को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक कदम है। वे रविवार को पूर्व नेताप्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के आवास स्थित कार्यालय में पत्रकारो से बातचीत कर रही थी। उन्होने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को केवल योजनाओं का लाभाथी ही नही बल्कि नीति निर्माण की प्रक्रिया का केन्द्र बनायेगा। लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं के राजनैतिक सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा परिवर्तन है। उन्होने इसे सामाजिक बदलाव का आधार बताते हुऐ कहा कि महिला नेतृत्व ही विकसित भारत 2047 की मजबूत नींव रखेगा। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार महिलाओं के सर्वागीण विकास के लिए कार्य कर रही हैं। जिससे पिछले वर्षो में महिलाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में बढ़ी है। प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत करोड़ो महिलाओं के बैंक खाते खोले गये है। जिससे वित्तिय समावेशन को मजबूती मिली है। उन्होने कहा कि यह अधिनियम देश को नई दिशा देगा और उनमें निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदारी प्रदान करेगा। इस अवसर पर उन्होने कहा कि यह जिस रूप में लागू किया जा रहा है उससे महिलाओं का मान सम्मान बढ़ेगा। उन्होने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुऐ कहा कि महिलाओं के हित के इस कार्य में भी कांग्रेस राजनिती कर रही है। उन्होने आरोप लगाते हुऐ कहा कि पूर्व में कांग्रेस के द्वारा अपनी राजनिती के चक्कर में इस अधिनियम को रोका गया था परन्तु अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार इस अधिनियम को लागू कर एक ऐतिहासिक कार्य कर रही है। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जहां महिलाओं के सर्वागिण विकास की संभावना दिखाई देती है। उन्होने कहा कि डबल इंजन की सरकार में महिलाओं के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किये जा रहे है। जिससे देश व प्रदेश की महिलाऐं सशक्त बन रही है। उन्होने कहा कि हम सब गर्व के साथ कह सकते है कि हमारे पास ऐसा नेतृत्व है जो सभी वर्गो के कल्याण की भावना के साथ कार्य कर रहा है। इस अवसर पर जिला मंत्री भारती मुदगल,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रभा धनधावत नेताप्रतिपक्ष विमला गढ़वाल, जिला सहकोषाध्यक्ष रचना कोठारी, इंद्रा सैनी,सुनिता प्रजापत,सुनीता शर्मा, इंद्रा कंवर,शोभा चौधरी,मंडल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत जिला मीडिया संयोजक रवि दाधीच,मोहन गढ़वाल ने भी इस अधिनियम को महिलाओं के लिए ऐतिहासिक निर्णय बताया।




## कथा के 5 वे दिन बाल लीला, रास लीला और गोवर्धन पूजा प्रसंग सुनाया

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** उपखंड के ढोलास स्थित कामधेनु गौशाला में आयोजित भागवत कथा के 5 वें दिन भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला, रासलीला और गोवर्धन पूजा प्रसंग सुनाया। श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं, गोवर्धन पूजा,इंद्र का अहंकार मर्दन, 7 दिन तक पर्वत उठाना और गोपियों के निस्वार्थ प्रेम का प्रतीक रासलीला एवं श्रीमद्भागवत के मुख्य प्रसंग सुनाए। ये लीलाएं भक्ति, विश्वास, प्रकृति प्रेम और अहंकार के नाश का दिव्य संदेश देती हैं, जो मानव जीवन में संस्कार और भक्ति का संचार करती हैं। भगवान कृष्ण की माखन चोरी निस्वार्थ प्रेम और समर्पण को दर्शाती है, जहाँ भक्त अपना 'मक्खन रूपी हृदय' प्रभु को सौंप देता है। जब इंद्र ने अहंकार में भारी वर्षा की, तब बाल कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी सबसे छोटी उंगली पर उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की। यह लीला अहंकार के नाश और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता सिखाती है। रासलीला जीवात्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है, जो सामाजिक बंधनों से ऊपर उठकर निस्वार्थ प्रेम और समर्पण को सिखाता है। संकट के समय प्रभु पर अडिग विश्वास रखना,अहंकार का त्याग और इंद्र की तरह शक्ति होने पर भी घमंड न करना।कार्यक्रम में गाड़ौदा पीठाधीश्वर महावीर जति महाराज, तोदी कॉलेज के सचिव आशकरण शर्मा, भारतीय स्कूल के निदेशक रामस्वरूप महला, ए के कॉलेज ऑफ होटल मैनेजमेंट के निदेशक डॉ.अनुपम शर्मा, एडवोकेट देवीसिंह राठौड़, एडवोकेट भवानी सिंह, सुरेंद्र पारीक, श्रीमती अर्चना पारीक, जोधराज कुमावत, रवि कुदाल, श्रवण उस्ताद, एडवोकेट राजेश शिवरान आदि का व्यासपीठ ने सम्मान किया।



## रतनगढ़ में 'अणुव्रत काव्यधारा': कविता के माध्यम से दिया व्यसनमुक्ति व चरित्र निर्माण का संदेश

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर के जैन परिषद भवन सभागार में शनिवार शाम अणुव्रत समिति के तत्वावधान में 'अणुव्रत काव्यधारा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साहित्यकारों ने कविता के माध्यम से व्यसनमुक्त जीवन, नैतिक मूल्यों और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्य वक्ता साहित्यकार कमलसिंह कोठारी ने कहा कि सभी धर्मों का मूल उद्देश्य व्यक्ति का चरित्र निर्माण है। उन्होंने कहा कि केवल मादक पदार्थ ही नहीं, बल्कि पद, धन और प्रसिद्धि का नशा भी विनाशकारी होता है। संयमित जीवन अपनाने का संदेश देते हुए उन्होंने काव्य पंक्तियों के जरिए जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम साहित्य सरोवर संस्थान जयपुर के सचिव वैद्य बालकृष्ण गोस्वामी के सानिध्य में आयोजित हुआ। गोस्वामी ने अणुव्रत अनुशास्ता आचार्यश्री को समर्पित कविता प्रस्तुत कर अणुव्रत अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर भामाशाह जोधराज बैद, जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा अध्यक्ष मोतीलाल तातेड़ एवं शिक्षाविद कल्याणसिंह चारण मंचस्थ अतिथि रहे। कार्यक्रम की शुरुआत समिति अध्यक्ष कुलदीप व्यास की सरस्वती वंदना से हुई। कवि मनोज चारण, अरविंद मिश्रा, कवयित्री भानुप्रिया शर्मा, दिलीप स्वामी एवं प्रभात बील ने अणुव्रत आचार संहिता पर आधारित रचनाएं प्रस्तुत करते हुए पर्यावरण संरक्षण, हरितिमा संवर्धन, व्यसनमुक्ति और भ्रष्टाचार उन्मूलन का संदेश दिया। सेवानिवृत्त प्राचार्य रामगोपाल महर्षि ने भारतीय संस्कृति को प्रज्ञा का अनूठा स्रोत बताते हुए चरित्र निर्माण को इसका मूल उद्देश्य बताया। कार्यक्रम में अरुण रामगढ़िया, तेपालसिंह गुर्जर, राजकुमार बैद, नरेंद्र सांकृत्य, रामचंद्र पारीक, दौलतराम दायमा, प्रताप बोथरा ने अतिथियों का स्वागत किया। वहीं परमेश्वरलाल आत्रेय, बद्रीप्रसाद पारीक, पूनमचंद दूगड़, बाबूलाल कोचर, हनुमानसिंह, महावीर सेवदा, भानुप्रकाश इंदौरिया, हिमांशु मालपुरिया, गोपाल मुरारका, पवन महर्षि सहित कई साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।



## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 35 मरीज ऑपरेशन के लिए चयनित

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** शहर के ऋषिकुल खेल मैदान के पास स्थित पुजारी भवन में रविवार को नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया,शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर अपनी आंखों की जांच करवाई। शिविर में जांच के दौरान 35 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया, जिन्हें उपचार के लिए जयपुर रवाना किया गया। चयनित मरीजों का ऑपरेशन व आवागमन का पूरा खर्च नि:शुल्क रहेगा।कार्यक्रम संयोजक जयशंकर पुजारी ने बताया कि शिविर का शुभारम्भ पंडित निखिल पुजारी द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ किया गया। शिविर में व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहीं और लोगों ने इसका लाभ उठाया।आयोजन में भगवा रक्षा वाहिनी के संरक्षण में सुरेश जाजोदिया, ललित भूत, अनिल मिश्रा, गिरधारी लाल जाजोदिया, शंभू दयाल, सनातन धर्म मंडल के अध्यक्ष बनवारी लाल पुजारी, दीनदयाल जोशी, चिराग पुजारी, उपाध्यक्ष ताराचंद ठेकेदार, नवीन काछवाल, अमित जोशी (प्रवक्ता), रवि जोशी, संजय जोशी, आशीष खादूवाला, सुशील पुजारी, विवेक शर्मा, राजेंद्र शर्मा, महेश सेन, गोविंद सेन सहित ऋषिकुल विद्यालय के विद्यार्थियों ने सेवाएं दी।



## चन्देलनगर में डॉ.भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का किया अनावरण

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** चन्देलनगर में डॉ.भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का अनावरण किया गया। इस अवसर पर निवर्तमान जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए अत्यंत गौरव और ऐतिहासिक क्षण है। हम यहां 'भारतीय संविधान के निर्माता', आधुनिक भारत के शिल्पकार' और 'सामाजिक न्याय के मसीहा' बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की इस भव्य प्रतिमा का अनावरण करने के लिए एकत्रित हुए हैं। यह प्रतिमा केवल पत्थर या धातु की एक मूरत नहीं है, बल्कि यह अन्याय के खिलाफ संघर्ष, समानता की भावना और शिक्षा के प्रकाश का प्रतीक है।आज हम प्रतिज्ञा करें कि हम बाबा साहेब के विचारों पर चलेंगे, शिक्षा के महत्व को समझेंगे, और उनके दिखाए रास्ते पर चलकर एक सशक्त, समावेशी और समतावादी भारत का निर्माण करेंगे। उन्होने बताया कि बाबा साहेब का जीवन खुद एक संघर्ष की गाथा थी। छुआछूत और सामाजिक भेदभाव का सामना करने के बावजूद, उन्होंने अपनी बुद्धि और दृढ़ निश्चय से न केवल सर्वोच्च शिक्षा प्राप्त की, बल्कि एक ऐसे संविधान की रचना की जो भारत के हर नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और गरिमापूर्ण जीवन की गारंटी देता है। इस अवसर पर नौरंग वर्मा, नेशनल जनमण्डल पार्टी के दौलतराम पेंसिया, प्रशासक औंकारमल प्रजापत, मेघवाल समाज के अध्यक्ष रामप्रताप कांटीवाल, रणजीत सातड़ा, रविदास बीकानेर, संपत सिंह राठौड़, ओमप्रकाश प्रजापत, डॉ.प्यारेलाल दानोदिया, प्रशासक कैलाश मेघवाल आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। समारोह में बंशीधर मेघवाल, रामनिवास कड़वासरा, बजरंग बजाड़, कनवारीलाल ताल?णिया, मंगेज चौधरी, एडवोकेट रामेश्वर प्रजापति, गिरधारी सैनी, चन्द्रमोहन सैनी आदि मौजूद रहे।



## 'रोड पर कब्जा, नालियां जाम... सुमेरपुर में गंदगी का राज!' पालिका की अनदेखी से त्रस्त लोग

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** नगर पालिका सुमेरपुर की लापरवाही का खामियाजा अब आमजन को भुगतना पड़ रहा है। हाउसिंग बोर्ड बायपास रोड स्थित गाडोलिया लोहार बस्ती में सड़क पर अवैध चबूतरे बनाकर कब्जा कर लिया गया है, जिससे सड़क संकरी हो गई और नालियां पूरी तरह जाम हो चुकी हैं। नतीजतन गंदा पानी व कचरा सड़कों पर बह रहा है और लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है।

**खुलेआम कब्जा, प्रशासन मौन**

स्थानीय निवासी दिनेश कुमार सहित लोगों का आरोप है कि सड़क पर अवैध निर्माण खुलेआम हुआ, लेकिन नगर पालिका ने कोई कार्रवाई नहीं की। चबूतरों के कारण नालियों का पानी रुक गया और अब वही गंदगी सड़कों पर फैल रही है।

**गंदगी से बढ़ा खतरा:**

क्षेत्र में बदबू और गंदगी के चलते बीमारी फैलने की आशंका बढ़ गई है। 'हर रोज गंदे पानी से गुजरना पड़ता है, बच्चों-बुजुर्गों के लिए हालात बेहद खराब हैं,ग्रामीणों ने नाराजगी जताई।

**शिकायतें बेअसर, सफाई व्यवस्था ठप:**

लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद पालिका ने ध्यान नहीं दिया। अतिक्रमण के कारण सफाई भी नहीं हो पा रही, जिससे स्थिति और बिगड़ गई है।



**जवाबदेही पर सवाल:**

लाखों खर्च कर बनाई व्यवस्थाएं अतिक्रमण और लापरवाही की भेंट चढ़ रही हैं। सवाल उठ रहा है कि आखिर जिम्मेदारों पर कार्रवाई कब होगी?

**लोगों में आक्रोश' तुरंत कार्रवाई की मांग:**

किए जा रहे अतिक्रमण को लेकर लोगों में आक्रोश है। स्थानीय लोगों ने मांग की है क अवैध चबूतरों को तुरंत हटाया जाए, नालियों की सफाई कर जल निकासी बहाल की जाए नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित हो, इस सभी पर कार्रवाई की मांग की है।

## शांतिभंग व शराब पीकर वाहन चलाने पर 12 गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** थाना फुलेरा पुलिस ने रविवार को विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए कुल 12 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार शांति भंग की आशंका में धारा 170 बी.एन.एस.एस. के तहत 8 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, वहीं शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में 3 व्यक्तियों को पकड़ा गया। इसके अतिरिक्त स्थायी वारंटी के तहत 1 आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की। थाना पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# 99% अंक पर 'हेलीकॉप्टर की कराई यात्रा: सरदारशहर की बेटी अंकिता की उड़ान बनी मिसाल

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** मेहनत जमीन पर, उड़ान आसमान में" – यह स्लोगन उस समय साकार हो उठा, जब 12वीं विज्ञान वर्ग में 99 प्रतिशत अंक लाकर राज्य मेरिट में 5वां स्थान हासिल करने वाली छात्रा अंकिता चौधरी को उसके संस्थान ने हेलीकॉप्टर यात्रा का अनोखा उपहार दिया। श्री भारतीय आदर्श विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा अंकिता चौधरी की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर शहर में भव्य विजय रैली निकाली गई। आदर्श ग्रुप ऑफ एजुकेशन के नेतृत्व में निकले इस जुलूस में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक और शहरवासी शामिल हुए। जगह-जगह फूल बरसाकर और मालाएं पहनाकर अंकिता का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इस उपलब्धि का जश्न महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर मनाया गया, जिससे पूरे आयोजन में दोहरी खुशी का माहौल रहा। जुलूस के बाद अंकिता अपने दादा लिखमीचंद और दादी खींवनी देवी के साथ करणी हेलीपैड पहुंचीं, जहां से उन्होंने खाटू श्यामजी के लिए हेलीकॉप्टर से उड़ान भरी। गांव लूणासर निवासी गोपीचंद की पुत्री अंकिता के लिए यह पल किसी सपने के सच होने जैसा था। संस्थान के निदेशक गिरीश लाटा ने बताया कि यह हेलीकॉप्टर यात्रा छात्रा की कड़ी मेहनत और समर्पण का सम्मान है। उन्होंने कहा कि संस्थान केवल शिक्षा ही नहीं देता, बल्कि विद्यार्थियों के सपनों को उड़ान देने में विश्वास रखता है। मुख्य अतिथि एसडीएम रामकुमार वर्मा, सीबीईओ सुभाष सोनगरा और समाजसेवी बृजमोहन सर्राफ ने अंकिता को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. मनीषा वर्मा सहित विद्यालय स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।




### प्रेरणा बनी अंकिता की सफलता:

अंकिता की इस उपलब्धि और सम्मान ने पूरे क्षेत्र में नई प्रेरणा जगाई है। लोगों का मानना है कि इस तरह के नवाचारपूर्ण सम्मान से विद्यार्थियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन की भावना मजबूत होगी। ग्रामीण परिवेश से निकलकर राज्य स्तर पर पहचान बनाने वाली अंकिता ने यह साबित कर दिया कि सही मार्गदर्शन और मेहनत से कोई भी ऊंचाई हासिल की जा सकती है।